डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार । 14 मई 2026 । वर्ष-32, अंक-207, पृष्ठ-12
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






डालटनगंज का तापमान

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 41.0° | अधिक. 44.6° |
| न्यून. 28.0° | न्यून. 28.4° |

## दृष्टिपात

### ईंधन बचत पर राज्यपाल का निर्णय, काफिले में अब सिर्फ चार गाड़ियां

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पीएम के आह्वान पर ईंधन संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बुधवार को बताया कि लोक भवन झारखंड में उनके कारकेड में वाहनों की संख्या घटाकर मात्र चार कर दी गई है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण अभियान से प्रेरित बताया गया। राज्यपाल ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य ऊर्जा बचत और संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से भी अपील की है कि वे अनावश्यक वाहनों के उपयोग से बचें और इस जन जागरूकता अभियान में सहभागी बनें।

## आज / कल




### मेरिल कंपनी के साथ स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने की बैठक

# सभी जिला अस्पतालों में लगेंगी ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें

- राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में भी लगाने की है योजना
- ये मशीनों करती हैं एक साथ 50 सैंपलों की जांच
- दूसरे चरण में सीएचसी और पीएचसी तक किया जाएगा विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में फुली ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें स्थापित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में इन मशीनों को स्थापित किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तर तक इसका विस्तार किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को पैथोलॉजी जांच करने के लिए मशीन बनाने वाली मेरिल कंपनी के साथ बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान कंपनी ने मशीन का प्रेजेंटेशन भी दिया।

अजय कुमार सिंह ने कहा कि 15 जून तक सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में मशीनों की स्थापना हो। प्रेजेंटेशन के दौरान मेरिल कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य के अस्पतालों में पूर्व से लगी सेमी ऑटोमेटिक पैथोलॉजिकल मशीनों को बदलकर नई फुली ऑटोमेटिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।

शेष पेज 11 पर



### व्हाट्सएप के जरिए पेशेंट को मोबाइल पर मिलेगी रिपोर्ट

मेरिल कंपनी की ओर से मशीनों पर 10 वर्षों तक मेंटेनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नई मशीनों के माध्यम से यूरिन और ब्लड से संबंधित लगभग सभी पैथोलॉजिकल जांचें की जा सकेंगी। मशीन से प्राप्त जांच रिपोर्ट सीधे मरीज के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा सकेगी। कंपनी संबंधित मैनपावर को प्रशिक्षण देने के साथ सॉफ्टवेयर संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभाएगी।

### सरकार लगातार कर रही है स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत

हेमंत सोरेन सरकार राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के प्रति लगातार प्रयासरत है। राज्य सरकार झारखंड के निवासियों की सुलभ चिकित्सा के लिए 'हेल्थ सर्किट' और सरकारी अस्पतालों के उन्नयन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार की सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों को आपस में जोड़ने की योजना है, जिससे कि मरीजों को एक से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करना आसान हो। अस्पतालों का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में 24 गुणा 7 कार्यक्षमता और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य में ही कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीनें और सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राज्यकर्मियों, पेंशनभोगियों और विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए 5 लाख का कैशलेस इलाज किए जाने की व्यवस्था है। गंभीर बीमारियों में 10 लाख रुपए तक के कैशलेस इलाज की व्यवस्था है।



शेष पेज 11 पर

## गिरफ्तार वारंटी ने पुलिस वाहन का स्टेयरिंग मोड़ा, कई जवान घायल



- बोलेरो अनियंत्रित होकर पांच फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी–भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर खरौंधी थाना के समीप मंगलवार रात करीब 9:35 बजे पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में वाहन पर सवार कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम फरार वारंटी की गिरफ्तारी के लिए मझिगावां पंचायत के मझिगावां गांव गई थी। वहां से आरोपी मनोज पासवान को गिरफ्तार कर बोलेरो वाहन से थाना लाया जा रहा था। इसी दौरान अमरोरा स्थित गैस गोदाम के पास मोड़ पर पहुंचते ही आरोपी ने कथित रूप से वाहन का स्टेयरिंग अचानक विपरीत दिशा में मोड़ दिया, जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग पांच फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी और पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में हवलदार राम प्रसाद महतो, एएसआई सिल्वेस्टर कच्छप, आरक्षी दिनेश ठाकुर, गौतम राजा तथा चालक सह चौकीदार रिंकू जोशी घायल हो गए।

इनमें हवलदार राम प्रसाद महतो और चालक रिंकू जोशी को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी ने भागने का प्रयास किया और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी की। इस दौरान एएसआई सिल्वेस्टर कच्छप को दांत से काटकर घायल कर दिया गया। हालांकि पुलिस जवानों ने उसे काबू में रखा। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और टेंपो चालक कामेश्वर यादव सहित अन्य लोगों की मदद से घायलों एवं आरोपी को वाहन से बाहर निकाला। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायल दो पुलिसकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए नगर उंटारी रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन, शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता माधव लाल सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रांची के बरियातू स्थित पल्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अस्पताल में सुबह 9:05 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से झारखंड की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बोकारो से रांची रेफर किया गया था। डॉक्टरों की टीम लगातार उनका इलाज कर रही थी, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।



### गोमिया विधानसभा क्षेत्र से चार बार रहे विधायक

माधव लाल सिंह ने बोकारो जिले के गोमिया विधानसभा क्षेत्र का चार बार प्रतिनिधित्व किया था। वह वर्ष 1985, 1990, 2000 और 2009 में विधायक चुने गए थे। संयुक्त बिहार से लेकर झारखंड राज्य गठन के बाद तक उन्होंने क्षेत्रीय और जनसरोकार के मुद्दों को मजबूती से उठाया। वह बिहार सरकार और झारखंड सरकार में एक-एक बार मंत्री भी रह चुके थे। वह झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके थे। उनकी उम्र करीब 75 वर्ष थी। झारखंड की राजनीति में उनकी पहचान एक जननेता के रूप में रही। गोमिया विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे राज्य में उन्होंने कई जन आंदोलनों का नेतृत्व किया। ग्रामीण इलाकों में उनकी गहरी पकड़ थी और आम लोगों के बीच उनकी छवि एक सादगीपूर्ण और ईमानदार नेता की रही। राजनीतिक जीवन में मंत्री पद पर रहने के बावजूद, उन्होंने खुद को हमेशा एक साधारण जनसेवक के रूप में प्रस्तुत किया।

शेष पेज 11 पर

### भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुरा मस्जिद के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल को रोका गया। तलाशी में बाइक पर रखे बोरे से चार कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसमें 375 एमएल की 96 बोतलें शामिल थीं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय कुमार (30 वर्ष), निवासी धर्मपुर थाना प्रतापपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

### सीबीएसई की 12वीं परीक्षा के परिणाम घोषित, 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

## लड़कियां फिर बेहतर, कला में रांची की भव्या रंजन देश में टॉप

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रांची के ऑक्सफोर्ड स्कूल की छात्रा भव्या रंजन ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में कला संकाय में 99.8 प्रतिशत अंकों के साथ नेशनल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी सफलता के बाद स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है, वहीं परिजनों और शिक्षकों ने इसे मेहनत, अनुशासन, और निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम बताया है।

ज्ञात हो कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई की ओर से जारी नतीजों के अनुसार, इस वर्ष परीक्षा में कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। इधर, भव्या रंजन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के शैक्षणिक माहौल को दिया। उन्होंने बताया कि स्कूल में शुरू किए गए 'टारगेट 100' समूह से उन्हें काफी लाभ मिला। इस विशेष समूह में उन विद्यार्थियों को शामिल किया गया था, जिनका लक्ष्य हर विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करना था। समूह के तहत प्रतिदिन प्रश्न दिए जाते थे और कठिन विषयों पर शिक्षकों द्वारा तुरंत मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता था। भव्या के मुताबिक, इससे न केवल पढ़ाई व्यवस्थित हुई, बल्कि आत्मविश्वास भी लगातार बढ़ता गया।



भव्या ने प्राप्त किए 99.8 प्रतिशत अंक

शेष पेज 11 पर

## खूंटी में पुलिस का पीएलएफआई का हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार



- एक देसी पिस्टल, दो कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो उर्फ राजेश यादव को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, दो कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में कर्रा थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बुधवार को प्रेस वार्ता में दी।

एसपी ने बताया कि मंगलवार को गुप्त सूचना मिली थी कि कर्रा थाने का प्राथमिकी अभियुक्त और पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य राजेश महतो किसी काम से खूंटी आने वाला है।

शेष पेज 11 पर

### अफवाह से बेचैन लोगों ने डीजल-पेट्रोल स्टॉक करना शुरू किया, कई पंप खाली

## पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : डीलर्स एसोसिएशन

**सुनील बादल**

**रांची।** राजधानी रांची सहित आसपास के शहरों में पेट्रोल और डीजल की कमी अचानक बढ़ी हुई दिख रही है। शहर के कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की सप्लाई प्रभावित होने से आम लोगों के साथ-साथ ट्रक चालकों और लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि कुछ जगहों पर सीमित मात्रा में ही तेल बचा हुआ है। रांची से दूसरे राज्यों में चलने वाले चालक चिंतित हैं जिनका कहना है कि किसी राज्य में तेल की कमी नहीं है । राजधानी रांची के आसपास नामकुम से रिंग रोड, कोकर से नेवरी चौक और अरगोड़ा से दलादली चौक तक कई पेट्रोल पंपों पर मंगलवार को सप्लाई प्रभावित रही। आसपास के शहरों के कई पेट्रोल पंप पर तेल भराने के लिए वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। प्रधानमंत्री की ईंधन बचाने की अपील के बाद ईंधन संकट की आशंका को देखते हुए लोग अब गैलन में भी पेट्रोल और डीजल स्टोर करने लगे हैं। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि डिपो से पहले क्रेडिट में तेल मिलता था या डीओडी यानी कभी भी दिन में ड्राफ्ट या ऑनलाइन भुगतान पर तेल मिलता तथा पर अब एडवांस में ड्राफ्ट जमा करना पड़ रहा है जिससे बैंक बंद होने या बीच में रविवार या किसी छुट्टी पड़ने पर नियमित आपूर्ति में बाधा होने के कारण परेशानी बढ़ रही है। यदि जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में संकट और गहरा सकता है। एक पेट्रोल पंप संचालक ने बताया कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों को अब ऊपर एडवांस पेमेंट करना पड़ता है जिस कारण वे डीलर से एडवांस मांग रहे हैं आपूर्ति की कमी नहीं है । यदि किसी पेट्रोल पंप के पास तीन टैंकर हैं तो उन्हें एक-एक का क्रमवार एडवांस जमाकर प्रबंधन से इस कमी से बच सकता है । दक्षिण छोटानागपुर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजहंस मिश्रा ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बंद करने का कोई आदेश नहीं दिया है। संभवतः लोग प्रधानमंत्री के पेट्रोलियम बचत की अपील को ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं और आवश्यकता से अधिक खरीददारी कर रहे हैं जबकि आपूर्ति में कोई कमी नहीं है ।



### हैदरनगर और लेस्लीगंज में एक-एक की मौत

## पलामू तेज आंधी-तूफान, दो युवकों की मौत



- शहर में ब्लैक आउट, रेलवे परिचालन भी प्रभावित
- हेहेगड़ा-छिपादोहर रेलखंड पर पेड़ गिरा, सिंगरा में तार टूटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार शाम अचानक बदले मौसम ने पलामू जिले में भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी-तूफान और बारिश के कारण मेदिनीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर के अधिकांश इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से मेदिनीनगर पूरी तरह ब्लैक आउट की स्थिति में पहुंच गया। वहीं कई स्थानों पर पेड़ और बिजली तार टूटने से आवागमन एवं रेल परिचालन भी प्रभावित हुआ।

आंधी के दौरान तेज हवा से कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर सड़क और बिजली तारों पर गिर गईं। इससे शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। देर रात तक बिजली विभाग की टीम आपूर्ति बहाल करने में जुटी रही। बिजली कटने से लोगों को उमस और अंधेरे के बीच काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

इधर, सिंगरा क्षेत्र में रेलवे का ओवरहेड तार टूट जाने से अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया। वहीं हेहेगड़ा और छिपादोहर रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने की सूचना के बाद रेल प्रशासन अलर्ट हो गया। रेलवे कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक से पेड़ हटाने और तार मरम्मत का कार्य शुरू किया। तेज आंधी के दौरान हैदरनगर क्षेत्र में भी दर्दनाक हादसा हुआ, जहां पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

वहीं नीलाम्बर-पीताम्बरपुर अनुमंडल के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा गांव में भी आंधी-पानी ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बारात में साउंड सिस्टम लेकर जा रहे 17 वर्षीय पप्पू कुमार की पेड़ गिरने से दबकर मौत हो गई। बताया गया कि पप्पू कुमार गांव से साउंड सिस्टम लेकर बारात में जा रहा था। इसी दौरान तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई और सड़क किनारे खड़ा एक बड़ा पेड़ अचानक उसके ऊपर गिर पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन की मदद से युवक को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

शेष पेज 11 पर

### गौरव

### उद्योग मंत्री ने कोलकाता में झारक्राफ्ट के नए इंपोरियम का किया उद्घाटन, कहा

# महिलाएं सशक्त होंगी, हुनर को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा

- झारखंड की कला एवं संस्कृति को नई पहचान दिलाएगा : गरिमा सिंह

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/कोलकाता।** झारखंड की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रयास करते हुए बुधवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के थिएटर रोड में झारक्राफ्ट के नए इंपोरियम का उद्घाटन किया गया। राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह इंपोरियम केवल उत्पादों की बिक्री का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह झारखंड के हजारों कारीगरों के सपनों, मेहनत और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। इससे ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारक्राफ्ट लगातार राज्य के कारीगरों, बुनकरों और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके हुनर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने का कार्य कर रहा है।

संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का क्षण है। झाक्राफ्ट के नए इंपोरियम का शुभारंभ कोलकाता जैसे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगर में होना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी प्राकृतिक संपदा के साथ-साथ समृद्ध हस्तशिल्प, हथकरघा, तसर सिल्क, डोकरा कला, बांस एवं लकड़ी के शिल्प और जनजातीय संस्कृति के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है।

शेष पेज 11 पर



### दो राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने में मिलेगी मदद

इस अवसर पर झारखंड के उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि कोलकाता कला, साहित्य और संस्कृति का केंद्र रहा है। ऐसे शहर में झारक्राफ्ट के इस नए इंपोरियम की स्थापना दो राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का कार्य करेगी। यहां आने वाले ग्राहकों को झारखंड की पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन का सुंदर संगम देखने को मिलेगा।

# नाली निर्माण में गड़बड़ी पर भड़के नगर पंचायत अध्यक्ष

## घटिया सामग्री मिलने पर कनीय अभियंता को लगाई फटकार, 58 लाख से बन रही है नाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन में अनुमंडल पदाधिकारी आवास से नवीनगर मुख्य सड़क तक बन रही नाली निर्माण योजना का मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। करीब 720 मीटर लंबी इस नाली का निर्माण 58 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में अनियमितता और घटिया सामग्री



के उपयोग का मामला सामने आया, जिस पर अध्यक्ष ने मौके पर कनीय अभियंता को बुलाकर कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण में पाया गया कि निर्माण कार्य में बालू की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा था, जबकि दिखावे के लिए ऊपर से बालू डाला गया था। वहीं 10 एमएम रॉड के स्थान पर 8 एमएम रॉड का उपयोग किया जा रहा था। वहीं कनीय अभियंता आशीष सिंह ने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने का भरोसा दिलाया।

### घटिया निर्माण कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कनीय अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लूट और अनियमितता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें ईमानदारी से कार्य करने की जिम्मेदारी दी है और किसी भी हाल में घटिया निर्माण कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले संवेदकों को नगर पंचायत की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

## हुसैनाबाद डिग्री महाविद्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डिग्री महाविद्यालय हुसैनाबाद (झरहा) में मंगलवार को स्नातक सेमेस्टर-दो हिन्दी विषय की परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रामकुमार प्रसाद ने बताया कि परीक्षा में कुल 721 परीक्षार्थियों में 688 उपस्थित हुए, जबकि 33 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र का फोटो से मिलान करने के बाद ही उत्तर पुस्तिका पर हस्ताक्षर कराया गया। गर्मी को देखते हुए सभी कमरों के पास पेयजल के लिए आरो की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम भी तैनात रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन को लेकर आवश्यक इंतजाम किए गए थे। मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर चंदन पांडेय, प्रोफेसर शब्या सिंह सहित कई शिक्षक एवं वीक्षक मौजूद रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय कुंदा में मेधावी छात्राओं का सम्मान

**कुंदा (चतरा)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने शानदार परिणाम देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष मनोज कुमार साहू एवं प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती शामिल हुए। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच संचालन शिक्षक पवन कुमार ने किया। समारोह में दसवीं की तीन तथा बारहवीं की चार टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया। दसवीं वर्ग से रूनु कुमारी, अंजु कुमारी और उषा कुमारी को सम्मानित किया गया।

## मंईयां सम्मान योजना सत्यापन को लेकर अंचल कार्यालय में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन कार्य को लेकर इन दिनों हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लाभुक सत्यापन के लिए कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिससे वहां अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। जानकारी के अनुसार कई क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा लाभुकों को सीधे अंचल कार्यालय भेजा जा रहा है, खासकर उन मामलों में जहां लाभुकों के सत्यापन फॉर्म नहीं मिल पा रहे हैं। इसके कारण कार्यालय परिसर में लंबी कतारें लग रही हैं और कार्य प्रभावित हो रहा है। अंचल




प्रशासन ने लाभुकों से अपील की है कि वे सत्यापन के लिए सीधे कार्यालय न पहुंचें। अधिकारियों ने बताया कि सभी बीएलओ को योजना से संबंधित विस्तृत सूची उपलब्ध करा दी गई है। लाभुक सूची में अपना नाम, पिता या पति के नाम से विवरण खोज सकते हैं। सूची में नाम मिलने के बाद अंतिम कॉलम में अंकित जेएमएमएसवाई सीरियल नंबर को नोट कर संबंधित बीएलओ या वार्ड पार्षद को उपलब्ध कराना होगा। इसके बाद बीएलओ या वार्ड पार्षद समेकित सूची तैयार कर अगले दिन फॉर्म प्रिंट कर लाभुकों को उपलब्ध कराएंगे। बताया गया कि वर्तमान में अंचल कार्यालय में इस कार्य के लिए केवल एक कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात है, जिससे डेटा मिलान एवं सत्यापन कार्य की गति धीमी है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

## महीनों से खराब पड़ा हैदरनगर प्रखंड कार्यालय का सोलर पैनल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय की छत पर लगा सोलर पैनल कई महीनों से खराब पड़ा है, जिससे कार्यालय का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से अधिकारी, कर्मचारी और दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कार्यालय कर्मियों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण कार्यालय में बैठना मुश्किल हो गया है। कई विभागों में बिजली नहीं रहने से कंप्यूटर बंद पड़े हैं और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार कृषि, आपूर्ति एवं बाल विकास परियोजना सहित कई विभागों का काम प्रभावित हो रहा है। सौर ऊर्जा के माध्यम से निर्बाध



बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोलर पैनल लगाया गया था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण व्यवस्था ठप पड़ी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि संबंधित एजेंसी को खराबी की सूचना दे दी गई है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है।

## जन समाधान दिवस में सुनी गईं लोगों की समस्याएं

- हेल्थ कैंप में हुई नि:शुल्क जांच, नगर पंचायत ने किया त्वरित निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत छतरपुर की ओर से बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में "जन समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान हेल्थ कैंप भी लगाया गया, जिसमें लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि जन समाधान दिवस जनता और नगर पंचायत के बीच सीधा संवाद




स्थापित करने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान नगर पंचायत की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, चापानल मरम्मत, श्रमिक योजना, जॉब कार्ड, सड़क-नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस सहित विभिन्न मामलों का निष्पादन किया गया। हेल्थ कैंप में डॉ. अभिषेक प्रसाद, एएनएम सविता देवी एवं एमपीडब्ल्यू आशीष कुमार ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

## देश को आत्मनिर्भर बनाने में पक्ष-विपक्ष की भागीदारी जरूरी : रविन्द्र सिंह

**हैदरनगर।** झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए सात आह्वान पूरी तरह राष्ट्रहित में हैं। उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि भारत को आर्थिक रूप से मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में युद्ध और अस्थिरता के कारण महंगाई बढ़ी है, इसके बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था संतुलित बनी हुई है। यह प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।

## 15 मई तक स्वयं करें मकान सूचीकरण प्रशासन ने तेज किया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण को लेकर हैदरनगर प्रखंड प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने पत्र जारी कर जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्व-गणना अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि 1 से 15 मई तक नागरिक स्वयं जनगणना स्व-गणना पोर्टल पर जाकर अपने मकान एवं परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी




सौंपी गई है। बीडीओ ने कहा कि स्व-गणना से लोगों को गणना कर्मियों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा और कम समय में सटीक जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि 15 मई के बाद गणना कर्मी घर-घर जाकर जानकारी संग्रह करेंगे।

## पेंशनधारियों के डीएलसी बनाने के लिए दो दिवसीय शिविर शुरू

- आठ पंचायतों के 593 लाभुकों ने सामाजिक अंकेक्षण के दौरान नहीं जमा किया था डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र की आठ पंचायतों में केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना से जुड़े 593 लाभुकों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट नहीं बनने पर प्रशासन ने विशेष पहल शुरू की है। उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के निर्देश पर बुधवार से पंचायत सचिवालयों में दो दिवसीय शिविर लगाकर डीएलसी बनाने का कार्य शुरू किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के दौरान संबंधित लाभुकों द्वारा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा नहीं किया गया था। इसे गंभीरता से लेते हुए पंचायत स्तर पर कैंप मोड में डीएलसी बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। गुरुवार को भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि दो दिनों के भीतर सभी संबंधित पेंशनधारियों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अगले माह से उनका पेंशन भुगतान बाधित न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर के बाद भी यदि किसी लाभुक का डीएलसी नहीं बनता है और पेंशन बंद होती है, तो इसकी जवाबदेही संबंधित पंचायत सचिव की होगी। बीडीओ ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल को कार्यक्रम का पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए प्रज्ञा केंद्र संचालकों के माध्यम से शत-प्रतिशत डीएलसी बनवाने का निर्देश दिया है। साथ ही आवश्यक होने पर डोर-टू-डोर जाकर भी लाभुकों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने को कहा गया है। जारी सूची के अनुसार पंसा पंचायत के 107, रामबांध के 35, लटपौरी के 20, कोल्हुआ-सोनबरसा के 56, भजनियां के 98, गोड़ाडीह एवं मोहम्मदगंज पंचायत के 119-119 तथा कादल कर्मी पंचायत के 39 पेंशनधारियों का डीएलसी लंबित है। प्रशासन ने संबंधित सूची पंचायत सचिवों एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों को उपलब्ध करा दी है।

### मोहम्मदगंज पंचायत के 122 पेंशनधारियों के लिए डीएलसी अनिवार्य




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय की ओर से 122 पेंशनधारियों की सूची जारी करते हुए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवाना अनिवार्य किया गया है। समय पर डीएलसी नहीं बनने पर पेंशन भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के सभी प्रज्ञा केंद्रों को डीएलसी बनाने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने लाभुकों से जल्द नजदीकी प्रज्ञा केंद्र पहुंचकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने की अपील की। उन्होंने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को भी सभी बुजुर्गों का डीएलसी बनाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी प्रकार की शिकायत होने पर पंचायत सचिव, मुखिया या बीडीओ से संपर्क करने की बात कही गई है।

## फोरलेन भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी का आरोप, न्याय की गुहार

### दिव्यांग युवक ने जनता दरबार पहुंच प्रशासन से लगाई निष्पक्ष जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** फोरलेन सड़क निर्माण के लिए हुए भूमि अधिग्रहण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सतबरवा के खामडीह गांव निवासी दिव्यांग कमलेश चौधरी ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। बुधवार को वे उपायुक्त के जनता दरबार पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।कमलेश चौधरी ने आरोप लगाया कि वर्ष 2021 में उन्होंने गांव की पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी को पांच डिसमिल जमीन बेची थी। उक्त जमीन फोरलेन सड़क निर्माण में चली गई,



लेकिन अब तक संबंधित व्यक्ति के नाम से अधिग्रहण नोटिस जारी नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि उनकी मां के नाम कुल 45 डिसमिल जमीन दर्ज थी, लेकिन अभिलेखों में मात्र 37.38 डिसमिल जमीन का एलपीसी तैयार किया गया। इसे लेकर वे कई बार अंचल एवं भू-अर्जन कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। पीड़ित ने मामले में प्रशासनिक मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं जनता दरबार में शिकायत सुनने के बाद अधिकारियों ने मामले की जांच कर शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया है।

## करोड़ों की लागत से बने कई सरकारी भवन बेकार

### मार्केटिंग कांप्लेक्स, बस पड़ाव और कोल्ड रूम अब तक उपयोग से बाहर

- बंदोबस्ती के लिए नीलामी की तिथि निर्धारित होने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रविवारीय साप्ताहिक बाजार के समीप जिला परिषद की जमीन पर वर्षों पूर्व बनाए गए कई सरकारी भवन आज भी उपयोग के अभाव में बेकार पड़े हैं। इनमें मार्केटिंग कांप्लेक्स, बस पड़ाव, पंचायत सचिवालय, कोल्ड रूम एवं बहुउद्देशीय निरीक्षण भवन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार मार्केटिंग कांप्लेक्स में बनी 32 दुकानों में से




केवल छह दुकानों को छोड़कर बाकी का उपयोग अब तक शुरू नहीं हो सका है। वहीं बस पड़ाव की बंदोबस्ती के लिए नीलामी की तिथि निर्धारित होने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। पंचायत सचिवालय भवन का कुछ वर्षों तक प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के रूप में उपयोग किया गया था, लेकिन बाद में इन कार्यालयों को सिंचाई विभाग परिसर स्थित भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद से पंचायत सचिवालय भवन लावारिस स्थिति में पड़ा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि कृषि एवं सहकारिता विभाग के माध्यम से बनाए गए कोल्ड रूम भवन का निर्माण करीब पांच वर्ष पहले पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक इसका उपयोग शुरू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन भवनों का उपयोग शुरू किया जाए तो क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिल सकती है।

### रेलवे परिसर का वट वृक्ष सुहागिन महिलाओं की आस्था का बनेगा केंद्र

# 16 मई को रखा जाएगा वट सावित्री व्रत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सुहागिन महिलाओं के प्रमुख पर्व वट सावित्री व्रत इस वर्ष 16 मई को श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य एवं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करेंगी। भीमचूल्हा पर्यटक स्थल के गाइड सह पुजारी पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या तिथि 16 मई की



सुबह 5 बजकर 11 मिनट से प्रारंभ होगी, जबकि इसका समापन 17 मई की रात्रि 1 बजकर 30 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार व्रत 16 मई को रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि वट सावित्री व्रत के दौरान ब्रह्म मुहूर्त, विजय मुहूर्त, गोधूलि मुहूर्त और निशिता मुहूर्त में पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। मान्यता है कि विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा करने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है और पति की आयु लंबी होती है। इस अवसर पर रेलवे परिसर स्थित वट वृक्ष सुहागिन महिलाओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन जाता है। हर वर्ष बड़ी संख्या में महिलाएं वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं।

## संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प : बिमलेश सिंह

हैदरनगर। राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान, झारखंड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजीव सिंह की संस्तुति एवं संस्थान के अंतरराष्ट्रीय संस्थापक महेंद्र सिंह राठौर 'जाखली' के निर्देश पर पलामू निवासी राहुल कुमार सिंह को पलामू इकाई का कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राहुल कुमार सिंह के मनोनयन पर संस्थान के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने खुशी जताई। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, सामाजिक एकता स्थापित करने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया।

## पांकी में 15 मई को होगा झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से 15 मई को पांकी थाना रोड स्थित बाबा मैरिज हॉल में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रखंड की 25 पंचायतों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। पार्टी नेता मिथिलेश पांडे ने प्रेस वार्ता में बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करना तथा कार्यकर्ताओं को आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि



सम्मेलन में प्रखंड कमिटी का गठन किया जाएगा और विभिन्न पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। पार्टी की नीतियों, सदस्यता अभियान एवं संगठन विस्तार पर भी चर्चा होगी। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# एमके डीएवी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 12वीं में शत-प्रतिशत परिणाम



● विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई द्वारा घोषित सत्र 2025-26 की 12वीं बोर्ड परीक्षा में एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 137 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफल घोषित किए गए। इनमें 123 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि 59 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विशिष्ट श्रेणी में स्थान बनाया।
वाणिज्य संकाय में 60 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी सफल रहे। इनमें 53 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की तथा 27 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विशिष्ट श्रेणी हासिल की।
विज्ञान संकाय में जय मंझस लकड़ा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। रिचा कुमारी ने 97 प्रतिशत, इंद्रजीत कुमार ने 92.2 प्रतिशत, अर्घदीप झा ने 91.8 प्रतिशत तथा अंकित कुमार गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर्स में स्थान बनाया। वाणिज्य संकाय में गीत शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कौशल राज ने 94 प्रतिशत, अभाष राज ने 92 प्रतिशत, दीपिका कुमारी ने 91.2 प्रतिशत तथा साक्षी सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।
विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की। अंग्रेजी कोर में जय मंझस लकड़ा एवं आयुषी पांडेय ने 98 अंक प्राप्त किए। गणित में इंद्रजीत कुमार ने 96 अंक हासिल किए, जबकि रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में क्रमशः अर्घदीप झा एवं जय मंझस लकड़ा ने 100-100 अंक प्राप्त किए।
वाणिज्य संकाय में अकाउंटेंसी में कौशल राज ने 95 अंक, बिजनेस स्टडीज में अभाष राज ने 97 अंक तथा अर्थशास्त्र में अभाष राज ने 99 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्या इंद्राणी चटर्जी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का बारहवीं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के बारहवीं के चतुर्थ बैच के विद्यार्थियों ने एआईएसएससीई (बारहवीं)-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के कुल 39 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।
विद्यालय की छात्रा तेजस्विनी प्रकाश ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं खुशी पांडे एवं सलोनी कुमारी ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। शैल्वी कुमारी एवं प्रतीक्षा प्रभात ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।
विज्ञान संकाय में सलोनी कुमारी ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय टॉपर बनीं। इस संकाय से कुल 27 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 14 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 13 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में शैल्वी कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस संकाय से कुल छह विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कला संकाय में तेजस्विनी प्रकाश ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस संकाय के शेष सभी विद्यार्थियों ने भी 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।
विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. बी. पी. मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय के चतुर्थ बैच ने सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।
विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजिश तिलक ने परीक्षा परिणाम पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का 12वीं में शानदार प्रदर्शन

● शत-प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, 30 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय से विज्ञान संकाय में 84 एवं वाणिज्य संकाय में 24 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। वहीं 30 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
विज्ञान संकाय में नसीबा अली ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कृतिका चौबे ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आदित्य कुमार साव एवं सुमिरन कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अब्दुल बसीत नवाज ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।
निहार जैन ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रीयांशु कुमार ने 86.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष ज्ञान शंकर, निर्देशिका संगीता शंकर एवं प्राचार्य संजीव चक्रवर्ती ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रबंधन के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के स्नेह तथा अपने कठिन परिश्रम को दिया। प्राचार्य संजीव चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों की मेहनत के कारण विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगातार बेहतर हो रहा है।
उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है और इसी दिशा में विद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है। सभी सफल विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बताया।

## विदेश यात्राओं और रैलियों पर भी संयम बरते सरकार : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के राज्य सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों के संयमित उपयोग की अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया है। बिट्टू पाठक ने कहा कि देश ने आजादी के बाद कई कठिन परिस्थितियों का सामना किया है और हर बार देशवासियों ने एकजुट होकर चुनौतियों का मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए केंद्र सरकार को भी आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि आम लोगों से पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में संयम बरतने की अपील की जा रही है, तो सरकार और राजनीतिक दलों को भी अपने खर्चों में कटौती पर विचार करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं, बड़े रोड शो और राजनीतिक रैलियों में भी संतुलन और संयम अपनाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्ष लगातार देश की आर्थिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय तनाव, विशेषकर वैश्विक परिस्थितियों के असर को लेकर चिंता जताता रहा है। ऐसे समय में सरकार को जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए ठोस आर्थिक रणनीति पर काम करना चाहिए। सोने के उपयोग को लेकर दिए गए सुझावों पर प्रतिक्रिया देते हुए बिट्टू पाठक ने कहा कि भारतीय समाज में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि सामाजिक परंपरा और आर्थिक सुरक्षा से भी जुड़ा विषय है।

# पलाश जेएसएलपीएस की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिखाई सख्ती

● लक्ष्य आधारित कार्य में तेजी लाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पलाश जेएसएलपीएस की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में सखी मंडल की दीदियों के लिए संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लक्ष्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष नए स्वयं सहायता समूह गठन का लक्ष्य 3400 था, जबकि केवल 2032 नए सखी मंडलों का गठन हो सका। इस पर उन्होंने लंबित लक्ष्य को जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उपायुक्त ने आजीविका आधारित फार्म एवं नॉन फार्म गतिविधियों की समीक्षा करते हुए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने नॉन फार्म एवं पीएमएफएमई योजनाओं को प्राथमिकता के साथ संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि सखी मंडल की दीदियों की आय में वृद्धि हो सके। बैठक में खाद्य पोषण, स्वच्छता एवं जेंडर रिसोर्स सेंटर से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक को सभी डोमेन की साप्ताहिक समीक्षा करने तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## जनता दरबार में गूंजीं जनसमस्याएं, उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी शिकायतों से प्रशासन को अवगत कराया। जनता दरबार में जमीन पर अवैध क जा, जमीन मापी, भू-अर्जन मुआवजा भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि, राशन वितरण में गड़बड़ी, लंबित म्यूटेशन, ऑनलाइन रसीद निर्गत नहीं होने, पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेयजल, शिक्षा एवं कल्याण विभाग से संबंधित कई मामले सामने आए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार के दौरान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र निवासी बबलू गौड़ ने उपायुक्त को बताया कि क्रशर दुर्घटना में उनका पैर कट गया है और आर्थिक तंगी के कारण समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच भेजवाया तथा अस्पताल अधीक्षक को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# केजी स्कूल में जनगणना-2027 पर भाषण प्रतियोगिता, 200 छात्राओं ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय गर्ल्स (केजी स्कूल) में बुधवार को जनगणना-2027 के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की लगभग 200 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार दुबे ने कहा कि देश में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक नीतियों के निर्धारण के लिए प्रत्येक दस वर्ष पर जनगणना कराई जाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में प्रस्तावित जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित करनी पड़ी थी। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार भारत विश्व का पहला ऐसा देश बनने जा रहा है, जहां जनगणना डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी।
जिला प्रशिक्षक वीणा रहमान ने छात्राओं को जनगणना की प्रक्रिया एवं उसकी बारीकियों की जानकारी दी। वहीं जनगणना कार्य में सुपरवाइजर के रूप में प्रतिनियुक्त मंजू कुमारी पांडेय एवं प्रगणक सुधीर कुमार मेहता ने भी विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया कि जनगणना किस प्रकार संपन्न की जाएगी। भाषण प्रतियोगिता में दीपिका कुमारी ने प्रथम, निहारिका कुमारी ने द्वितीय तथा सोनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मनीष कुमार पांडेय, कुंदन कुमार, अभिषेक कुमार पांडेय, पल्लवी कुमारी, सुरजीत कुमार पटेल सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## एकादशी पर मारवाड़ी युवा मंच ने किया गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच, डाल्टनगंज शाखा द्वारा एकादशी के अवसर पर गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा के लगभग 30 सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए करीब 40 गायों की सेवा की। गौशाला में गायों के लिए पालक, चोकर, गुड़, सरसों खली, भूसा एवं तरबूज सहित पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से गौ सेवा एवं सामाजिक सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक युवा दीपक नेमाला, युवा हेमंत सोनी, युवा आकाश गर्ग एवं युवा अक्षत गोयल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष प्रशांत साँवरिया, सचिव अंकित पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष विशाल साँवरिया ने सभी सदस्यों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे सफल आयोजन बताया।

# लिलिपुट प्ले स्कूल में 17 मई से लगेगा समर कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों के लिए 17 मई से वार्षिक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। स्कूल परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रबंधन ने बताया कि यह समर कैंप 26 मई तक चलेगा। स्कूल की चेयरपर्सन रेणु गोयल ने बताया कि लिलिपुट स्कूल पिछले 17 वर्षों से लगातार समर कैंप का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष भी बच्चों के सर्वांगीण विकास और गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाने के उद्देश्य से कई आकर्षक गतिविधियां शामिल की गई हैं। प्राचार्य अनुज सिंह ने कहा कि बड़े शहरों की तर्ज पर स्थानीय बच्चों को भी मनोरंजन और सीखने का बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। कैंप में पूल पार्टी, वाटर गेम्स, फनी वॉक, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, सिंगिंग, स्टोरी टेलिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, फोटोग्राफी, न्यूज रिपोर्टिंग और माइक सेशन जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समर कैंप का मुख्य आकर्षण 'ब्राइटर माइंड' एक्टिविटी होगी। इसके लिए कानपुर से विशेष प्रशिक्षक बुलाए जा रहे हैं। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों की एकाग्रता और मानसिक क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य केवल बच्चों को व्यस्त रखना नहीं, बल्कि खेल-खेल में उनके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि बच्चे यहां नई ऊर्जा और सकारात्मक अनुभव प्राप्त करेंगे। समर कैंप के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 14 मई से शुरू होगी। इच्छुक अभिभावक स्कूल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्रेस वार्ता में कोऑर्डिनेटर राखी सिंह, मन्नत सिंह बग्गा, अश्विनी कुमार, फलक आफरीन एवं गणेश उपस्थित थे।

# आरटीई के तहत 214 बच्चों का चयन

● अधिक आवेदन वाले स्कूलों में लॉटरी से होगा नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई)-2009 के तहत गरीब एवं वंचित बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस वर्ष प्राप्त 438 ऑनलाइन आवेदनों में से 214 बच्चों का चयन किया गया है। समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ अंबुजा पांडेय ने बताया कि जिले में आरटीई के तहत कुल 312 सीटें निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि पोर्टल बंद रहने के कारण नामांकन प्रक्रिया में विलंब हुआ, जबकि निजी विद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है।
उन्होंने बताया कि 224 आवेदन त्रुटिपूर्ण पाए जाने के कारण अस्वीकृत कर दिए गए। इनमें कुछ आवेदनों में अभिभावकों की वार्षिक आय निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई, कुछ मामलों में विद्यालय से दूरी छह किलोमीटर से अधिक थी तथा कई आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में भी रद्द किए गए।
एडीपीओ ने जानकारी दी कि एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल और हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल जैसे विद्यालयों में निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसे विद्यालयों में बच्चों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।
चयनित बच्चों की सूची एक-दो दिनों के भीतर संबंधित विद्यालयों को भेजी जाएगी, ताकि गर्मी की छुट्टी से पहले नामांकन प्रक्रिया पूरी हो सके।
जिले के विभिन्न विद्यालयों में आरटीई के तहत सीटों का निर्धारण इस प्रकार किया गया है—ओरिएंट पब्लिक स्कूल में 15, ब्राइट लैंड स्कूल में 20, ब्राइट लैंड संस्कृति स्कूल में 5, विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन में 8, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 5, भुनेश्वर दुबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में 10, संत मरियम स्कूल में 50, आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में 5, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में 38, रोटरी स्कूल चैनपुर में 20, एलिट पब्लिक स्कूल में 10, सनातन विद्या निकेतन में 10, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में 10, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में 20, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में 20, एसएलए पब्लिक स्कूल में 40, दीप्ति निकेतन स्कूल में 15 तथा भागमाणिक चंद्रवंशी पब्लिक स्कूल में 11 सीटों पर नामांकन किया जाएगा।

# आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन बनने से अधिवक्ताओं को मिलेगी सहूलियत : पीडीजे

● पलामू जिला बार एसोसिएशन के नए भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन निर्माण कार्य के लिए बुधवार को भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, पलामू उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव एवं महासचिव अजय कुमार पांडेय ने पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने शिलान्यास पट्ट का अनावरण किया। बार एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित भवन के शिलान्यास को लेकर अधिवक्ताओं एवं आम लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका, प्रशासन एवं अधिवक्ता समुदाय के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने की, जबकि संचालन दिवाकर दुबे ने किया। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया गया।
इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन बनने से अधिवक्ताओं को कार्य करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बार एसोसिएशन के पास बेहतर भवन होना चाहिए और पलामू में इसकी लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में खपरैल एवं टीन की छत के नीचे बैठकर कार्य करना अधिवक्ताओं के लिए काफी कठिन होता है। नए भवन में कॉन्फ्रेंस हॉल, चैंबर एवं प्रसाधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पलामू आने के बाद उन्हें इस महत्वपूर्ण कार्य में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और आम लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में लगातार काम करने की जरूरत है, क्योंकि लोग बड़ी उम्मीद और विश्वास के साथ न्यायालय आते हैं।
अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ की स्थापना वर्ष 1892 में हुई थी, लेकिन अब तक संघ का व्यवस्थित भवन नहीं बन पाया था। उन्होंने बताया कि करीब 4 करोड़ 73 लाख 83 हजार 800 रुपये की लागत से 80 फीट लंबा एवं 40 फीट चौड़ा आधुनिक भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 850 अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहे हैं, लेकिन उनके बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं थी। अब यह सपना साकार होने जा रहा है।
महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा कि नया भवन अधिवक्ताओं के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन बनने से अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा तथा न्यायिक कार्यों के संचालन में भी सहूलियत होगी।
कार्यक्रम में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार, श्वेता ढींगरा, राजकुमार मिश्रा, आयशा खान, आभास कुमार, सिविल जज सीनियर डिवीजन रविशंकर पांडेय, गौरव खुराना, डालसा सचिव राकेश रंजन, सौरभ कुमार गौतम, प्रज्ञेष निगम, कमल प्रकाश, निर्भय प्रकाश, रोजलीना बारा, रश्मि चंदेल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष जयकिशोर पाठक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को दी गई कानूनी जानकारी



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्रीराम शर्मा तथा सचिव राकेश रंजन के निर्देश पर चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत बुधवार को सरजा एवं पोलपोल पंचायत के विभिन्न गांवों में डोर टू डोर अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही स्कूली बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। पीएलवी के द्वारा बाल विवाह एवं बाल मजदूरी के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की तथा 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कराना कानूनन अपराध है। लोगों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। कहा गया कि शिक्षा सबसे अनमोल धन है और हर परिस्थिति में बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है। अभियान के दौरान डायन प्रथा, मानव तस्करी, झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना एवं पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी कविता कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति वर्मा एवं सुषमा कुमारी उपस्थित थीं।

## अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के खिलाड़ी शुभम कुमार सिंह, गौरव कुमार सिंह और युवराज कोरवा ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं शिव दयाल सिंह ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न देशों से आए प्रतिभागियों को कड़ी चुनौती दी। विजेता खिलाड़ियों को निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन इंटरनेशनल के ग्रैंड मास्टर डॉ. विकास सांधु एवं बॉलीवुड फाइटर मास्टर नीलकंठ साहु ने मेडल देकर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 9 और 10 मई 2026 को भूटान के फुंटशोलिंग स्थित स्पोर्ट्स हॉल में आयोजित की गई थी। इसका आयोजन निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल तथा इंटरनेशनल पुशामाकू शोतोकान कराटे डू फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। भारतीय टीम का नेतृत्व क्योशी डॉ. संतोष कुमार ने किया, जबकि अनिस्टर यादव ने टीम मैनेजर की भूमिका निभाई। खिलाड़ियों की सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है और सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई हैं।

# डंडई में एसडीएम का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई, योजनाओं की गहन समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बुधवार को डंडई प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं नागरिक सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में उपस्थिति, कार्यप्रणाली और लंबित मामलों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए कर्मियों पर कार्रवाई की गई। सहायक अभियंता राहुल कुमार, सहायक प्रभाशंकर दुबे एवं कंप्यूटर ऑपरेटर वीरेंद्र कुमार को शोकॉज नोटिस जारी किया गया। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कर्मी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें तथा कार्यों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करें। एसडीएम ने मनरेगा अंतर्गत डोभा एवं बागवानी योजनाओं का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली एवं अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक भी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और नियमित मॉनिटरिंग पर बल

एसडीएम ने राइट टू सर्विस एक्ट के प्रभावी अनुपालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आम नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन की पावती अनिवार्य रूप से दी जाए तथा किसी भी सेवा में अनावश्यक विलंब न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन वितरण प्रणाली, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद एवं जन शिकायत निस्तारण से जुड़े मामलों की समीक्षा की। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन और योजनाओं में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डंडई का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी संचालन और दवा वितरण व्यवस्था की जांच की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और नियमित मॉनिटरिंग पर बल दिया।

## दृष्टिपात

### गढ़वा में पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण

**गढ़वा।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवानंद राम एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों की टीम ने जिले के विभिन्न जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का औचक निरीक्षण किया। करीब 75 दुकानों के निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न उपलब्धता, ई-पॉस मशीन की कार्यप्रणाली, स्टॉक रजिस्टर, अनुज्ञप्ति, शिकायत पुस्तिका, सूचना पट्ट, खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण प्रक्रिया सहित कई बिंदुओं की जांच की गई। निरीक्षण में कई दुकानों पर सूचना पट्ट अद्यतन नहीं पाए गए, जबकि कुछ पुराने एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में मिले। ऐसे दुकानदारों को सूचना पट्ट को तुरंत अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। एक दुकान में स्टॉक में खाद्यान्न की कमी पाई गई, जिस पर संबंधित विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं गढ़वा प्रखंड में एक गंभीर मामला सामने आया, जहां लाभुकों से दाल और नमक के नाम पर प्रति कार्डधारी 10 रुपये वसूले जाने की शिकायत मिली। इस पर भी संबंधित विक्रेताओं से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। अधिकारियों ने सभी पीडीएस दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लाभुकों को निर्बाध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निरीक्षण प्रतिवेदन को अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला आपूर्ति कार्यालय को भेज दिया गया है।

### गढ़वा में 49 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देश पर बुधवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित 49 आंगनबाड़ी केंद्रों का व्यापक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अभियान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अर्चना सिन्हा के मार्गदर्शन में चलाया गया, जिसमें विभिन्न प्रखंडों की लेडी सुपरवाइजरों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण आहार, उपस्थिति पंजी, साफ-सफाई, आधारभूत संरचना एवं केंद्रों के संचालन की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित सुपरवाइजरों को केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने, बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने तथा पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा संबंधी गतिविधियों को प्रभावी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। जिला समाज कल्याण कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न प्रखंडों में क्षेत्रवार निरीक्षण अभियान चलाया गया। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा "जाटा-1" एवं "जाटा-2" परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया गया। "जाटा-2" परियोजना अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में Co-Location के तहत बाल देखभाल केंद्र संचालन के लिए उपलब्ध संसाधनों का सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के लिए पृथक कक्ष उपलब्ध नहीं है। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने संबंधित अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षण और सतत मॉनिटरिंग के जरिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

### कस्तूरबा विद्यालय में बड़ी लापरवाही उजागर

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार एवं अंचल अधिकारी गौतम कुमार लकड़ा ने बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, खरौंधी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई। जांच में पाया गया कि विद्यालय में नामांकित छात्राओं में से केवल लगभग 25 प्रतिशत ही उपस्थित थीं। कम उपस्थिति पर अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा। वहीं भीषण गर्मी के बावजूद कई कक्षाओं में पर्याप्त पंखों की व्यवस्था नहीं पाई गई, जिससे छात्राएं परेशान दिखीं। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि विद्यालय में सरकार द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा था। भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठे। इस पर बीडीओ और सीओ ने वार्डन तथा लेखापाल को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और मानक के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंचल अधिकारी गौतम कुमार लकड़ा ने पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आगे भी नियमित निरीक्षण जारी रहेगा और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अंचल निरीक्षक अंकित कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

### रंका में टीएनए परीक्षा का शांतिपूर्ण आयोजन

**रंका।** प्रखंड संसाधन केंद्र रंका अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय में प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीएनए (ट्रेनिंग नीड असेसमेंट) राउंड–4 एवं 5 की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से आयोजित की गई। यह परीक्षा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता एवं प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करना है। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई—प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक। परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की गई थी। परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी तरह सक्रिय रहे। संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने परीक्षा संचालन की निगरानी करते हुए सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा संकुल साधन सेवी पंकज कुमार गुप्ता, सद्दाम हुसैन, मनोज कुमार, महबूब अंसारी एवं सत्येंद्र कुशवाहा ने भी सहयोग किया। तकनीकी कार्यों का संचालन एमआईएस कोऑर्डिनेटर अनुज कुमार कश्यप एवं शशिकांत ठाकुर ने किया। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और सभी शिक्षकों ने अनुशासन के साथ भाग लिया।

### आरके पब्लिक स्कूल में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** आरके पब्लिक स्कूल, अधौरा में बुधवार को इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस—गंगा, यमुना, सरस्वती एवं कावेरी—के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सफेद कराटे ड्रेस में सजे प्रतिभागियों की अनुशासित प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। प्रतियोगिता को कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में काता और कुमिते श्रेणियों में आयोजित किया गया। काता में विद्यार्थियों ने तकनीक, संतुलन और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कुमिते मुकाबलों में फुर्ती, सटीकता और आत्म-नियंत्रण का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। अभिभावकों एवं दर्शकों ने तालियों के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना रहा। वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 के वेद प्रकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शौर्य प्रताप देव द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि कड़े मुकाबले के बाद शुभम यादव एवं आर्यन चौबे को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 2 से अमित कुमार, कक्षा 3 से शिवाय सिंह, कक्षा 4 से साक्षी देव एवं शिवानी तथा कक्षा 5 से आरुषि एवं प्राची केश्वी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य राजेश पांडेय ने सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कराटे प्रशिक्षक मनोज सेंसी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शॉल ओढ़ाकर "बेस्ट कोच अवार्ड" से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि कराटे केवल खेल नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है, जो अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और आत्मरक्षा सिखाती है।

## सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता के बड़े भाई का निधन, क्षेत्र में शोक

**मेराल (गढ़वा)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार चौबे के बड़े भाई कमलेश चौबे का बुधवार को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वे स्कूटी से अपने घर विश्रामपुर (छत्तीसगढ़) से दुकान के बकाया की वसूली के लिए निकले थे, इसी दौरान जयनगर कोलफील्ड रोड स्थित मार्केट के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल कमलेश चौबे को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना पर कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदना जताई है।

## ई-कल्याण पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि घोषित

**गढ़वा।** वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अध्ययनरत प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक के विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा ई-कल्याण पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया की तिथि घोषित कर दी गई है। जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्री मैट्रिक सत्र 2026-27 के विद्यार्थियों के आवेदन की प्रक्रिया संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को 30 जून तक पूर्ण करनी होगी। वहीं पोस्ट मैट्रिक सत्र 2026-27 के विद्यार्थियों के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिला कल्याण कार्यालय ने सभी प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक के विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि छात्रवृत्ति भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत खरीदार-विक्रेता सम्मेलन आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बुधवार को समाहरणालय सभागार में खरीदार-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपतिनाथ मिश्रा ने की। सम्मेलन का उद्देश्य फल उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा उत्पादों की बिक्री के लिए संस्थागत समन्वय को मजबूत करना था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से फलोत्पाद आधारित बागवानी योजना के लाभुक, जेएसएलपीएस से जुड़े एफपीओ प्रतिनिधि, पलाश समूह के सदस्य, प्रदान संस्था के कर्मी एवं विभिन्न प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत तैयार हो रहे फल उत्पादों को उचित बाजार उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि लाभुकों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने लाभुकों को एफपीओ एवं जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाकर सामूहिक रूप से उत्पादों की बिक्री करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं संस्थाओं को भी विपणन, संग्रहण और खरीदारों से संपर्क स्थापित कराने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा, ताकि किसानों एवं बागवानी लाभुकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके। कार्यक्रम में फल उत्पादों की बिक्री, बाजार उपलब्धता, समूह आधारित विपणन एवं भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लाभुकों एवं प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बाजार से जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने मैदान में उतरे सिविल सर्जन

- एसडीएच नगर ऊंटारी समेत 11 अस्पतालों का औचक निरीक्षण, कई अहम निर्देश जारी

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. कैनेडी ने अनुमंडलीय अस्पताल नगर ऊंटारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा सहित 11 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार एवं जिला डाटा प्रबंधक सुजीत कुमार मुंडा भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर, वार्ड, दवा भंडार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। सिविल सर्जन ने स्टोर में उपलब्ध दवाओं और आवश्यक सामग्रियों की समीक्षा करते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल कर्मियों को सभी सामग्रियों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। वहीं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। सिविल सर्जन ने अनुमंडलीय अस्पताल नगर ऊंटारी में अगले 10 दिनों के भीतर हर्निया, हाइड्रोसिल, अपेंडिक्स, बच्चेदानी ऑपरेशन एवं सिजेरियन सुविधा शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज मिल सके। इसके अलावा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट संचालित करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने जल्द ही अस्पताल में दंत चिकित्सक एवं नेत्र सहायक की तैनाती कराने का आश्वासन दिया। साथ ही नगर ऊंटारी अस्पताल को दो से तीन दिनों के भीतर एंबुलेंस उपलब्ध कराने की बात कही। इसी क्रम में जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## गढ़वा में उर्वरक दुकानों पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, 16 प्रतिष्ठानों में अनियमितता उजागर

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** किसानों को समय पर और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देश पर जॉइंट इनफोर्समेंट टीम (जेईटी) द्वारा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 74 उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिनमें से 16 प्रतिष्ठानों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। संबंधित दुकानदारों को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी, वितरण पंजी, लाइसेंस, पॉस मशीन एवं सूचना पट्ट की स्थिति की गहन जांच की गई। साथ ही पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक की मात्रा और वास्तविक भंडारण में समानता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने सभी विक्रेताओं को केवल पॉस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक बिक्री करने का निर्देश दिया है, ताकि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनियमित वितरण में लिप्त पाए जाने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मानपुर में बैल चोरी का खुलासा, दो नाबालिगों ने बेचने का किया प्रयास

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा (रंका)।** मानपुर पंचायत में बैल चोरी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सतर्कता और पशु व्यापारी की सूझबूझ से चोरी किया गया बैल बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार रामजी राम का बैल घर से कुछ दूरी पर बंधा था, जो मंगलवार शाम अचानक गायब हो गया। खोजबीन के बाद बुधवार रात सूचना मिली कि दो लड़के बैल को लेकर बोड़ी क्षेत्र में बेचने पहुंचे हैं। बताया गया कि लगभग 20 हजार रुपये मूल्य के बैल को 10 हजार रुपये में बेचने की कोशिश की जा रही थी। संदेह होने पर व्यापारी ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। ग्रामीणों के अनुसार हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे पहले भी कई स्थानों पर चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। मामले की जांच के लिए रंका थाना में आवेदन दिया गया है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## गरीब परिवार की बेटी की शादी में आगे आए बीडीसी प्रतिनिधि, दी सहायता

**रंका।** चुतरू पंचायत में मानवता और सामाजिक सहयोग की मिसाल देखने को मिली, जहां बीडीसी प्रतिनिधि मो आसिफ आलम के प्रयास से एक गरीब परिवार की बेटी की शादी में सहायता प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार झरी मांझी की पुत्री की शादी आर्थिक तंगी के कारण कठिनाई में थी। सूचना मिलने पर बीडीसी प्रतिनिधि के पुत्र मो अजहर अंसारी ने गांव पहुंचकर विवाह के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। सहायता मिलने के बाद परिवार ने आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर की।

## करीब 10 करोड़ की लागत से डंडई-रमना सड़क मरम्मत कार्य शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**डंडई।** पथ निर्माण विभाग की ओर से सोनेहरा मोड़–डंडई–धुरकी मुख्य पथ से सोनेहरा–रमना तक सड़क के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से यह कार्य कराया जा रहा है। साइट इंजीनियर राकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि 13.462 किलोमीटर लंबी सड़क पर डामरीकरण, गड्ढों की मरम्मत तथा किनारों को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क करीब 10 वर्ष पहले बनी थी, लेकिन जर्जर होने से आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। मरम्मत शुरू होने से लोगों में खुशी है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और व्यापार व शिक्षा को भी लाभ मिलेगा।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
(अनाबद्ध निधि मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/04/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Bridge Over Auranga River at Chatnahi to Novoday School Road Latehar Block Latehar District | 22,42,500 | 44,900 | 5000 | 2 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.05.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 20.05.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –22.05.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
12. **यह कार्य Emergency and Special type का है। अतः संवेदको से अनुरोध है कि Site निरीक्षण के पश्चात् ही निविदा डाले।**

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 379666 Rural Development(26-27)#D



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बरवाडीह
ग्राम–मंगरा, बरवाडीह, जिला–लातेहार, झारखंड–822111
(राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)
UDISE Code: 20220501304

Eklavya Model Residential School, Barwadih
Vill-Mangra, Barwadih, Dist- Latehar, Jharkhand-822111
(National Education Society for Tribal Students, Ministry of Tribal Affairs, Govt. Of India)
E-mail: emrsbarwadih@gmail.com

**निविदा सूचना**

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बरवाडीह हेतु शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए पंजीकृत फर्मो एवं अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 13.05.2026 से 02.06.2026 तक कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक विद्यालय कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र लातेहार जिला प्रशासन वेबसाइट latehar.nic.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

निविदा प्रपत्र विद्यालय परिसर में रखे गए निविदा बॉक्स में दिनांक 02.06.2026 सायं 05:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। निविदाऐं दिनांक 03.06.2026 प्रातः 11:00 बजे विद्यालय परिसर में खोली जायेगी।

निविदाकर्ताओं को दो अलग–अलग लिफाफे जमा करने होंगे। एक तकनिकी बिड के लिये तथा दूसरा वित्तीय बिड के लिए, तकनिकी बिड विधिवत पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जायेगा। तकनिकी बिड में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा :–

1. जिस मद/वस्तु के लिए निविदा आवेदन किया गया है, उससे संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी लाईसेंस की प्रति।
2. GST पंजीकरण संख्या एवं प्रमाण पत्र/अद्यतन GST रिटर्न तथा जमा रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. PAN संख्या/TAN संख्या एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 का आयकर रिटर्न की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
5. खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदादाता द्वारा खाद्य सुरक्षा लाईसेंस प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता को यह उल्लेख करते हुए मूल शपथ पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना होगा कि वह किसी भी संस्था द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं है।
7. संबंधित मद के अंतर्गत निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट, अर्जेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) के रूप में "EMRS बरवाडीह" के पक्ष में संलग्न करना होगा।

अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

प्राचार्य,
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बरवाडीह।

PR 379651 (Welfare) 26-27 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी०एम०एफ०टी० मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/05/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत धाधू के ग्राम धाधू में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 2089400 | 42000 | 5000 | 3 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.05.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.05.2026 से दिनांक 28.05.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.05.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 379653 (Rural Development)26-27*D

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय का सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** सीबीएसई द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम में नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया।

इस वर्ष विद्यालय से कुल 27 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें विज्ञान संकाय से 16 और कला संकाय से 11 विद्यार्थी शामिल थे। सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

विज्ञान संकाय में आर्यन गुप्ता ने 92.2 प्रतिशत, शौर्य प्रतीक ने 89 प्रतिशत तथा अशोक कुमार ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

कला संकाय में अभिषेक कुमार ने 95 प्रतिशत, सत्यम गुप्ता ने 93.8 प्रतिशत, पीयूष कुमार और ऋषभ राज ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने शिक्षा विभाग एवं प्रबंधन के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताया।

## सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के आकांक्षी प्रखंड मयूरहंड को स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त घोषित हुए लगभग आठ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। इसके कारण प्रखंड कार्यालय, बैंक और हाट-बाजार आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से महिलाओं को शौचालय नहीं होने से अधिक कठिनाई झेलनी पड़ रही है।

# जंगल की सड़क पर चला जेसीबी, कोयला ढुलाई पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

- ट्रांसपोर्टिंग मार्ग काटे जाने से कारोबारी हलकान, ग्रामीणों ने जताई खुशी

शशी पाठक



**टंडवा (चतरा)।** मगध कोल परियोजना से एनटीपीसी पावर प्लांट तक जंगल क्षेत्र से होकर बनाई गई कोयला ट्रांसपोर्टिंग सड़क पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी से सड़क काट दी। मंगलवार को डीएफओ के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद कोयला ढुलाई पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे संबंधित कारोबारी और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े लोग परेशान नजर आए।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की इस कार्रवाई से वेरिएंट कंपनी को बड़ा झटका लगा है। वहीं इसका असर मगध परियोजना और एनटीपीसी प्रबंधन तक भी देखा जा रहा है। दूसरी ओर ग्रामीणों ने जंगल क्षेत्र में हो रही कोयला ढुलाई पर रोक लगाए जाने का स्वागत किया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल और ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरने वाली इस सड़क के कारण पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा था। कोयले की धूल से आसपास के गांवों में प्रदूषण बढ़ गया था, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। ग्रामीणों ने पहले भी इसका विरोध किया था और कथित रूप से सड़क पर फसल बोकर आवाज उठाई थी, लेकिन कुछ ही घंटों में दोबारा कोयला ढुलाई शुरू करा दी गई थी। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब इसी रास्ते से पहले कई ट्रांसपोर्टिंग कंपनियां लंबे समय तक कोयला ढुलाई करती रहीं, तब विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले के पीछे अंदरूनी खींचतान और दबाव की भी चर्चा है।

इधर सड़क बंद होने से कारोबारी पक्ष सक्रिय हो गया है। चर्चा है कि संबंधित लोग मामले को सुलझाने और दोबारा ढुलाई शुरू कराने के प्रयास में जुट गए हैं। हालांकि आगे क्या निर्णय होता है, यह वन विभाग की अगली कार्रवाई पर निर्भर करेगा।

# दृष्टिपात

## सीएसआर में उत्कृष्ट कार्यों पर एनटीपीसी को मिला गोल्ड मेडल

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा टंडवा इकाई को ग्रीन टेक फाउंडेशन अवार्ड 2026 में सीएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। परियोजना क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सहभागिता और सतत विकास के अंतर्गत किए गए कार्यों का विशेषज्ञ टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया था, जिसके बाद यह सम्मान प्रदान किया गया।

## अवैध पिस्टल रखने के आरोप में तीन नाबालिग हिरासत में

**बारियातू।** अवैध रूप से पिस्टल रखने के आरोप में बारियातू पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया। थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि थाना कांड संख्या 33/2026, दिनांक 12 मई 2026 के तहत आयुध अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों नाबालिगों को अवैध हथियार के साथ पकड़ा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बालकों को विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय भेज दिया गया। अभियान में थाना के पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## संघरी घाटी में भीषण सड़क हादसा, दो ट्रक चालकों की मौके पर मौत

**चतरा।** जिले के संघरी घाटी में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो ट्रक चालकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए और मुख्य सड़क पर लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार एक ट्रक दुर्गापुर से सरिया लोड कर बक्सर जा रही थी, इसी दौरान उसका ब्रेक अचानक फेल हो गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। उसी समय पीछे से आ रही दूसरी सरिया लोड ट्रक पलटी हुई ट्रक से जा टकराई। जोरदार टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में चालक बैजू कुमार एवं उपचालक सचिन कुमार, दोनों निवासी बक्सर, की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों के शव ट्रक के भीतर फंस गए थे, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। घटना के बाद सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू करते हुए जाम हटाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है तथा मामले की जांच में जुट गई है।

## मृतक के परिजन से मिले समाजसेवी महेंद्र उरांव

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के अमरवाड़ी पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव में समाजसेवी सह मुखिया प्रत्याशी महेंद्र उरांव ने सड़क हादसे में मृत उगदेव गंझू के परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुःख व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार, बीते 5 मई को उगदेव गंझू अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ बाइक से ससुराल से लौट रहे थे। इसी दौरान बारियातू थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिसमें उगदेव गंझू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी एवं तीन बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों में एक बच्चे के पैर की दो उंगलियां कट गईं। बताया गया कि मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उनकी मृत्यु के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और घायल बच्चों का समुचित इलाज भी नहीं हो पा रहा है। महेंद्र उरांव ने प्रशासन से रन एंड हिट मामले में मिलने वाली सरकारी सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने तथा पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री मुहैया कराने की मांग की। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मौके पर कई ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार की मदद की अपील की।

## मंईयां सम्मान योजना समेत विभिन्न पेंशन योजनाओं का हुआ सत्यापन

**गिद्धौर (चतरा)।** बारीयातू पंचायत भवन में बुधवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और विकलांग पेंशन योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया डेगन गंझु ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव खुशबू लता ने किया। सत्यापन के दौरान लाभुकों के आधार कार्ड, बैंक खाता और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने लाभुकों को योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी। कर्मियों ने बताया कि सत्यापन का उद्देश्य पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना और त्रुटियों का निराकरण करना है। हालांकि मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल नहीं खुलने से नए लाभुकों में नाराजगी देखी गई। कई महिलाओं ने बताया कि पोर्टल बंद रहने के कारण आवेदन और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। लाभुकों ने जल्द पोर्टल चालू कराने की मांग की। कार्यक्रम में पंचायत कर्मी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## मोबाइल दुकान चोरी कांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**इटखोरी (चतरा)।** जयप्रकाश नगर स्थित एक मोबाइल दुकान में हुई चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पूर्व दुकान से बड़ी संख्या में मोबाइल चोरी की गई थी, जिसके बाद मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंदन कुमार गुप्ता, कामेश्वर कुमार, रूपेश कुमार, महेश गुप्ता एवं सिरोधार कुमार के रूप में हुई है, जो सभी पथलगड़ा थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने उनके घरों से 31 चोरी के मोबाइल फोन, एक कैमरा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चंदवा में 24 मई से होगा दिवा-रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट

**चंदवा।** दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन की स्मृति में आयोजित होने वाले दिवा-रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने पथ निर्माण विभाग विश्रामागार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि आगामी 24 मई से स्थानीय हाई स्कूल खेल स्टेडियम में कमांडो क्लब के तत्वावधान में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट दिवा-रात्रि प्रारूप में आयोजित होगा, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद मिलेगा। लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर मैदान, प्रकाश व्यवस्था एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। प्रेस वार्ता में उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, दारा सिंह, मनीष कुमार चांदो, अंकित कुमार, पवन कुमार, आलोक कुमार, अरविंद कुमार एवं रिंकू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गिद्धौर में डीएलएसए के निर्देशन में नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के निर्देश पर गिद्धौर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम 90 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम लोगों को नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक कार्यों की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बच्चों को नशा से दूर रहने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। बच्चों ने भी नाटक को ध्यानपूर्वक देखा और नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

# रेलवे स्टेशन हटाने की चर्चा पर भड़के ग्रामीण, छिपादोहर में धरना-प्रदर्शन

- छिपादोहर और हेहेगड़ा स्टेशन बचाने की मांग तेज, विधायक बोले- जनता की आवाज नहीं दबेगी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** छिपादोहर और हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन को हटाए जाने की चर्चाओं के विरोध में बुधवार को छिपादोहर रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने के कारण स्टेशन हटाने की आशंका जताई जा रही है। आंदोलन में स्थानीय विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि दोनों रेलवे स्टेशन क्षेत्र की जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन स्टेशनों से विद्यार्थियों, मजदूरों, व्यापारियों और आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और स्टेशन को यथावत रखने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस मामले को सरकार और रेलवे के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

सर्वदलीय संघर्ष समिति की अध्यक्ष बेरोनिका कुजूर ने कहा कि ग्रामीण पूरी तरह एकजुट हैं और स्टेशन हटाने के किसी भी प्रयास का जोरदार विरोध किया जाएगा। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण तिवारी ने इसे ग्रामीण जनता के अधिकारों की लड़ाई बताते हुए कहा कि जब तक जनहित में निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

प्रमुख उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि दोनों स्टेशन क्षेत्र के विकास और आवागमन के लिए जरूरी हैं। विजय प्रसाद ने कहा कि स्टेशन हटने से गरीब और ग्रामीण तबके को भारी परेशानी होगी। डॉ. सुनील कुमार ने इसे जनता के अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताया।

धरना के दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायत भेजकर दोनों रेलवे स्टेशन को यथावत रखने की मांग की गई। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भीमानंद गिरि, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनीता कुमारी, रामचरित्र प्रसाद, दीपा देवी, उमेश राम, मुना गुप्ता, संजय सिन्हा, सुनील प्रसाद, सोनू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# यूनिवर्सल आइडल सेवा समिति ने मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

- प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** यूनिवर्सल आइडल सेवा समिति द्वारा संचालित सक्षम ट्रेनिंग सेंटर में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के प्रोफेसर डॉ. विशाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन पिंकी कुमारी उपस्थित थीं। इसके अलावा डॉ. लक्ष्मण विश्वकर्मा और संजीव मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर डॉ. विशाल शर्मा ने प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण से व्यक्ति किसी भी कार्य में दक्ष बनता है। वहीं स्टेट हेड शिखर द्विवेदी ने मुख्यमंत्री सारथी योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि समिति युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर एवं रोजगार योग्य बनाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर मैनेजर हरेंद्र कुमार सहित कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लातेहार में पीसीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**लातेहार।** शहर के पानी टंकी चनडीह से पहाड़पुरी होते हुए पांडेपुर तक बन रही पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह एवं उपाध्यक्ष संतोष रंजन ने भाजपा नेता राजन तिवारी, वार्ड सदस्य इंद्रदेव उरांव तथा ग्रामीणों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के महज छह घंटे बाद ही पीसीसी सड़क में दरारें पड़ने लगीं। वहीं कई स्थानों पर सड़क की मोटाई निर्धारित छह इंच से कम पाई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव है तथा मौके पर न तो इंजीनियर मौजूद रहते हैं और न ही ठेकेदार। पूरा काम मुंशी के भरोसे कराया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह ने विभागीय अधिकारियों से प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की। वहीं वार्ड सदस्य इंद्रदेव उरांव ने बताया कि मामले की जानकारी अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को भी दी जा चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो सकती है।

# कुंदा मॉडल विद्यालय में नशा विरोधी जागरूकता अभियान

**कुंदा (चतरा)।** नशे के बढ़ते प्रकोप को रोकने के उद्देश्य से चतरा पुलिस द्वारा बुधवार को कुंदा मॉडल विद्यालय में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनडीपीएस थाना प्रभारी शमी अंसारी ने किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। कलाकारों ने नाटक के जरिए बताया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। थाना प्रभारी शमी अंसारी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए, क्योंकि नशा स्वास्थ्य, करियर और भविष्य तीनों को प्रभावित करता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिजनों को भी जागरूक करें। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान के साथ-साथ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से नशा कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक श्रीकांत पांडे, चौकीदार मिथिलेश यादव सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में पेट्रोल-डीजल संकट गहराया, तीनों पंपों का स्टॉक खत्म

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। बुधवार को प्रखंड के तीनों पेट्रोल पंपों में ईंधन पूरी तरह समाप्त हो गया, जिसके बाद पंपों को बंद कर लाल रिबन लगा दिया गया। जानकारी के अनुसार सुबह कुछ घंटों तक ही ईंधन उपलब्ध था, लेकिन बढ़ती मांग के कारण करीब 36 हजार लीटर डीजल और पेट्रोल का स्टॉक एक ही दिन में खत्म हो गया। इसके बाद वाहन चालकों को बिना ईंधन लिए लौटना पड़ा। आसपास के कई क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में महुआडांड़ पहुंचकर पेट्रोल और डीजल खरीद रहे थे, जिससे पंपों पर भारी भीड़ लग गई। कुछ ही घंटों में पूरा स्टॉक समाप्त हो गया। तेल संकट का असर आम जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। यात्री वाहन, छोटे व्यवसायी, किसान तथा शादी-विवाह से जुड़े कार्यों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई वाहन चालक घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। पंप संचालकों के अनुसार नए टैंकर आने के बाद ही आपूर्ति सामान्य हो पाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने जल्द ईंधन आपूर्ति बहाल करने की मांग की है ताकि स्थिति सामान्य हो सके।

# कोल ब्लॉक कंपनियों की गतिविधियों में पारदर्शिता व पंचायत सहभागिता सुनिश्चित करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपायुक्त लातेहार एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को पत्र सौंपकर बालूमाथ प्रखंड सहित जिले में संचालित विभिन्न कोल ब्लॉक कंपनियों की गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा पंचायत प्रतिनिधियों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां सर्वे, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य गतिविधियां बिना समुचित सूचना और विधिवत ग्राम सभा आयोजित किए शुरू करने का प्रयास करती हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पत्र में मांग की गई है कि सभी कंपनियों को निर्देशित किया जाए कि वे सर्वे, बैठक, भूमि अधिग्रहण एवं कार्यारंभ जैसी प्रत्येक गतिविधि की पूर्व सूचना संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही किसी भी कार्य से पहले विधिवत ग्राम सभा आयोजित करने तथा पंचायत के तीनों स्तर ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद की सहभागिता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

अनीता देवी ने कहा कि जिला स्तर पर एक समन्वय तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है, जिससे कंपनियों, प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद एवं पारदर्शिता बनी रहे तथा भविष्य में अनावश्यक विवाद और टकराव की स्थिति से बचा जा सके।

उन्होंने प्रशासन से इस विषय पर गंभीरतापूर्वक आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित




- सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में डिजिटल मॉड्यूल चालू करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सिविल सर्जन की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सिविल सर्जन ने सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र के सभी लोगों का जल्द से जल्द आभा आईडी निर्माण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सभी चिकित्सकों एवं नर्सों का हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री तथा निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, जांच घर और दवा दुकानों का हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री में पंजीकरण कराने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत संचालित सभी मॉड्यूल को जिले के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में चालू कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके। बैठक में संयुक्त निदेशक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन झारखंड मोनिका राणा, अफजल, नोडल पदाधिकारी, परियोजना समन्वयक सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# स्कूली वाहनों की सघन जांच, सुरक्षा मानकों में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

- परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त जांच, बसों के दस्तावेज और सुरक्षा व्यवस्था की हुई पड़ताल

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** स्कूली वाहनों से जुड़ी दुर्घटनाओं को देखते हुए बुधवार को जिला परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न स्कूलों में विशेष जांच अभियान चलाया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

जांच अभियान के दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, किडजी स्कूल, डीएवी स्कूल और चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल में संचालित बसों एवं अन्य वाहनों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने वाहनों के परिवहन संबंधी दस्तावेजों के साथ सुरक्षा मानकों की भी गहन जांच की। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और वाहन संचालकों को सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों तथा परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान वाहनों के इंश्योरेंस, फिटनेस, टैक्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट और ओवरलोडिंग की जांच की गई। साथ ही यह भी देखा गया कि बसों पर "स्कूल बस" और किराये के वाहनों पर "ऑन स्कूल ड्यूटी" स्पष्ट रूप से लिखा हो।

अधिकारियों ने प्रत्येक वाहन में प्राथमिक उपचार बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, सुरक्षित लॉक व्यवस्था, खिड़कियों में लोहे की जाली, बच्चों के बैग रखने की पर्याप्त जगह और अटेंडेंट की उपलब्धता की भी जांच की।

इसके अलावा बस चालकों के वैध ड्राइविंग लाइसेंस, ड्रेस कोड तथा बच्चों की सूची, पता, ब्लड ग्रुप और रूट प्लान की भी पड़ताल की गई।

जांच में जिन स्कूलों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन नहीं पाया गया, उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए जल्द सुधार करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दृष्टिपात

### बेटी का इलाज कराने निकले दंपती को अज्ञात कार ने मारी टक्कर

**कुड़ू - लोहरदगा।** एक वर्षीय बेटी का इलाज कराने बाइक से अस्पताल जा रहे दंपती सड़क हादसे का शिकार हो गए। कुड़ू थाना क्षेत्र के नवटोली के समीप पीछे से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हादसे में उनकी एक वर्षीय मासूम बच्ची चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गई और उसे खरोंच तक नहीं आई। मिली जानकारी के अनुसार पंडरा गांव निवासी फिरोज पावरिया 25 वर्ष, पिता मोजिम पावरिया, निवासी अपनी पत्नी मुस्कान पावरिया और एक वर्षीय बेटी को लेकर बाइक से इलाज कराने कुड़ू अस्पताल आ रहे थे। इसी दौरान नवटोली के समीप पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक को जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

### ट्रक ने बोलेरो को मारी जोरदार टक्कर, आधा दर्जन लोग घायल

**कुड़ू - लोहरदग़ा ।** लोहरदगा - चंदवा मुख्य मार्ग शंख लुकैया पथ पर कुडू थाना क्षेत्र के दुबांग मोड़ के समीप मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक जेएच 08जी 3734 और बोलेरो जेएच 01एजी 5355 के बीच जोरदार टक्कर में बोलेरो सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, बोलेरो में सवार सभी लोग बालूमाथ से शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर सिसई गुमला लौट रहे थे। इसी दौरान दुबांग मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोगों में चीख - पुकार मच गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की मौत की सूचना नहीं है, हालांकि कई लोगों को चोटें आई हैं। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची औरदुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर तक मुख्य मार्ग पर अफरा - तफरी का माहौल बना रहा।

### डीएवी विद्यालय की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत रिजल्ट

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय से विज्ञान संकाय में कुल 66 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें छात्रा शुभांगिनी श्रेया ने 91.2 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान अर्जित किया तथा मीनाक्षी कुमारी (90.4%) राखी साहू (86%) शाजिया (82.8%) शाहजेब कादरी (82.8%) आदित्य भगत (81.4%) आनंदी कुमारी (81.4%) हर्षिता लहरी (81%) व निखिल उरांव (80%) अर्जित किया। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में कुल 22 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें रागिनी उरांव ने (88.2%) लाकर प्रथम स्थान अर्जित किया तथा प्रिया कुमारी (81.8%) निशांत कुमार (79.4%) प्रांशु प्रिया (78.2%) तथा पियूष भट्ट ने (73.6%) अर्जित किया। विद्यार्थी शाहज़ेब कादरी ने आई टी में शत प्रतिशत अंक अर्जित किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह के साथ-साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई तथा आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

### सलगी-चुल्हापानी में गंगा दशहरा पर उमड़ेगी भीड़

**कुड़ू (लोहरदगा)।** दामोदर नदी के उद्गम स्थल, चुल्हापानी (सलगी) में आगामी गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित होने वाले वार्षिक पूजा और मेले की तैयारियों को लेकर बुधवार को पंचायत सचिवालय सलगी में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सलगी पंचायत की मुखिया सुमित्रा कुमारी ने की। बैठक में मुखिया सुमित्रा कुमारी ने कहा कि चुल्हापानी न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि इसका गहरा धार्मिक महत्व भी है। गंगा दशहरा के दिन यहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं। श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को देखते हुए पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि मेले के दौरान पार्किंग और अस्थायी दुकानों के लिए जगह का चयन पहले ही कर लिया जाए ताकि जाम की स्थिति न बने। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ-साथ इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने और परंपराओं को जीवंत रखने पर चर्चा की गई। तैयारी बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अरुण सिंह, सचिव रामलाल गंझू, पंचायत सचिव दुर्गा प्रसाद, बालकृष्णा सिंह, रामशवारथ साहु, स्कुल प्रजापति, मनोहर ठाकुर, दीपक बैठा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

### नदिया हिंदू लोहरदगा के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान : प्रधानाचार्य

**लोहरदगा।** सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 12 वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 2026 में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकायों में शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम का परिचय दिया। कला संकाय में कुल 119 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस संकाय में सानिया नाज ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष कुमार ने 87.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सुभांगी सिंह ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विज्ञान संकाय में कुल 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें राधा कुमारी ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सानिया मेहर ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, वहीं गौतम ओबेरॉय ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। वाणिज्य संकाय में कुल 20 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। अक्लीमा हैदर ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।

### कुरडेग में वज्रपात से एक किशोरी की मौत, दूसरी गंभीर रूप से घायल

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के रेंगारबहार अंवराजोर गांव में बुधवार शाम वज्रपात की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।मृतक किशोरी की पहचान अंजना कुमारी (13 वर्ष), पिता जितेंद्र लोहरा के रूप में हुई है। वहीं घायल किशोरी रजनी कुमारी (15 वर्ष), पिता बरातु कछुआ बताई गई है। दोनों आपस में चचेरी बहन थीं और रेंगारबहार अंवराजोर गांव की निवासी थीं।

# एनएच-143 पर जगह-जगह गड्ढे, आवागमन में परेशानी

- रात में गड्ढों को पहचानने के लिए कोई रेडियम या लाइट सिग्नल मौजूद नहीं
- लोहरदगा-गुमला मुख्य मार्ग पर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति, विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ (NH-143) इन दिनों सफर के लिए नहीं, बल्कि हादसों के लिए सुर्खियों में है। विभाग द्वारा सड़क मरम्मत के नाम पर लोहरदगा गुमला मुख्य सड़क के बीचों-बीच जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। लापरवाही की पराकाष्ठा यह है कि इन जानलेवा गड्ढों के पास न तो कोई बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई रिफ्लेक्टर या चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। नतीजतन, यह व्यस्त मार्ग अब राहगीरों के लिए 'डेथ ट्रैप' साबित हो रहा है।इन रास्तों के किनारे बड़े बड़े प्रसिद्ध दुकानें, फाइनांस कंपनी, गाड़ियों के शोरूम, कपड़ा दुकान, हार्डवेयर दुकान, मेडिकल शॉप, कृषि उपकरण की दुकान आदि सभी तरह की दुकान है जिसके कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों के लोग यहाँ खरीदारी करने आते हैं। जिसके कारण यहाँ यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है। इन सड़कों पर हर जगह गढ्ढे बन गए हैं। जिसके कारण हादसे होते रहते हैं। कभी बाइक हादसा हो जाता है तो कभी साइकिल सवार गिर जाता है। जब कभी बारिश हो जाती है तो इस सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। सड़को के बीच व किनारे पर गढ्ढे बन जाने के कारण सड़क पर आवागमन में काफी परेशानी होती है। पैदल राहगिर तो किसी तरह चल पाते हैं लेकिन साइकिल, दोपहिया, चार पहिया वाहनों की हालत खराब हो जाती है। सड़क के बीचोबीच बने गड्ढों से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वही सड़क के अपनी साइड में गड्ढों के कारण नहीं चलने से बराबर दुर्घटनाएं होती है, लेकिन मजबूरन छोटे वाहन चालक अपनी गाड़ी को बचाने के चक्कर में किनारा लेते है।

---

## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Area, Medininagar**
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in, Telephone:-06562-295539

**2nd e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons **e-tender Notice No.20,21,22,23&24/PR/JBVNL /2026-27** O&M,(Regarding Purchase of Line Materials) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 18.05.2026 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 18.05.2026 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of Opening of tender (Technical and commercial Part -I) | 20.05.2026 at 15:30 Hrs. |

4.Tender Notice is also available on our website : www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification please contact: 9835574043. EEE (Technical)
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

PR No. 377169

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR.NO.379708 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27):D

---

## e-Procurement Cell
## Office of the Executive Engineer,
## Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

**e–Procurement Notice**

(Short Notice

**Tender Ref. No.-04/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27 Date: 13.05.2026**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Naudiha Bazar, Palamu, Jharkhand | 2,64,96,900.00 | 11 Months |
| 2. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Satbarwa, Palamu, Jharkhand | 2,96,89,500.00 | 11 Months |
| 3. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Kanda Khas, Nawabazar, Palamu, Jharkhand | 2,97,32,100.00 | 11 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08-06-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 22-06-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 24-06-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 379726 Building(26-27)#D

---

## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**"अल्पकालीन निविदा"**

लातेहार जिलान्तर्गत अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए पोशाक एवं स्कूल बैग इत्यादि की आपूर्त्ति करने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 22.05.2026 को 01:00 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 22.05.2026 को 03:00 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

➢ निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा।**

1) निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 50,000/– (पचास हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा।
2) निविदादाताओं को GST का निबंधित होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3) निविदादाताओं को Pan Card की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4) GST का वित्तीय वर्ष 2025–26 का अद्यतन GSTR-1 एवं GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
5) निविदादाताओं को उद्योग विभाग से निबंधित होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6) वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 का आयकर रिर्टन जमा करना अनिवार्य होगा।
7) उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8) निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ–पत्र अनिवार्य रूप से मूल प्रति में जमा करना होगा।
9) निविदादाता को फैक्ट्री लाईसेंस संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10) निविदादाता को उनके प्रतिष्ठान का NABCB द्वारा ISO : 2015 से प्रमाणित प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11) पोशाक एवं स्कूल बैग इत्यादि की सभी समाग्रियों का नमूना क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12) किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**(ख) वित्तीय निविदा :–**

1) निविदादाताओं को पोशाक एवं स्कूल बैग से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर दिया जाना अनिवार्य होगा।
2) निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

**नोटः– आपूर्त्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची लातेहार जिला के Website (latehar.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।**

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 379650 (Welfare) 26-27 (D)

---

## भारत का सर्वोच्च न्यायालय
**समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026**

न्याय को सरल एवं सुलभ तरीक से घर–घर तक पहंचाने तथा आपसी सहभाविता और सहमति से न्याय की भार्वना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से हो रहा है। जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।

विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय पररसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंवित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से किया जा रहा है।

इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।

**सभी सम्बंधित पक्षों को आमंत्रण**

अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है। 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रायास किया जायेगा। इन सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा / अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार/समिति पक्षकारों की मदद करेंगें। पक्षकार इन सुलह प्रयास बैठकों/वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते है।

**अपने मामले (जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में कैसे शामिल करें।**

इस वास्ते गूगल फार्म तैयार किया गया है। इस गुगल फार्म को भरना अत्यंत सरल है। इसे भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल किया जा सकता है। यह गूगल फार्म माननीय सर्वोच्च न्यायालय के वेबसाइट https://www-sci-gov.in पर उपलब्ध है।

गूगल फार्म लिंग– https://forms-gle/pRWbif6wAPrcgMsZ8

**गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि– 31 मई, 2026**

हर प्रकार की सहायता/जानकारी के लिए सम्पर्क करें।

**समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) हेतु बनाये गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) इंचार्म का संपर्क नं– 011–23115652 , 011–23116464**

**सी.आर. पी निदेशक का सम्पर्क नं०–011–23115652, 011–23116465**

**वन स्टॉप सेन्टर (कक्ष संख्या 806 एवं 808, बी ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय) लैंडलाइन नं०–011–23116464**

इमेल–speciallokadalat2026@sci.nic.in
माननीय सर्वोच्च न्यायाल द्वारा जनहित में जारी।

निवेदक
ह.
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

PR 379682 (Law) 26-27 (D)

---

## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहन (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक–20.05.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बंदी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी हेतु राज्यसात वाहन की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नवत् है तथा नीलामी हेतु आवश्यक शर्तें सहित नीलामी हेतु राज्यसात वाहन की सूची, क्रमानुसार विवरणी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय; गढ़वा जिला के Official वेबसाईट https://garhwa.nic.in/ तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। | जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि (Gate Money) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित, रंग–लाल, मॉडल B275DI | Engine No. - PES3A85D320RS2924 / Serial No. - 86220786 | वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर, भवनाथपुर | 20,000.00 |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 379718 Forest, Environment and Climate Changes(26-27)#D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau-F2/04/2025-26(2nd Call, Gr No. 02)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अनतर्गत कुटूमू पी0डब्लू0डी0 रोड से बनाही मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4437800.00 | 89000 | 5000 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **16.05.2026** (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **16.05.2026** ( **अपराह्न 5:00 PM से** दिनांक **23.05.2026** को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमण्डल, पलामू।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **25.05.2026** अपराह्न 3:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास **विशेष** प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

PR 379714 (Rural Development) 26-27 (D)

---

## कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा
**Email-cs.lohardaga2@gmail.com**

निविदा संख्या – 02/2026 दिनांक ................................

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

उपायुक्त, लोहरदगा के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना अन्तर्गत जिले के सदर अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पैथोलॉजी जाँच केन्द्र को निविदा के माध्यम से सूचीबद्ध किया जाना है।

Request of Proposal Document (RFP)के शर्तों के अनुसार पैथोलॉजी जाँच केन्द्र को सूचीबद्ध करने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।निविदा की विस्तृत जानकारी NIC के Website :- http//lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

| Sl. No. | Name of Work | JSY, JSSK and Ayushman Bharat Mukhyamantri Jan Arogya Yojna |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender in Website | 11-05-2026 |
| 2 | Last Date and Time for receipt of Bids | 21-05-2026 |
| 3 | Bid Opening Date | 23-05-2026 |
| 4 | Name of Address of Officer Inviting Tender | Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Lohardaga |

**Empanelment Criteria for Vendors**

1. Pathology and Implant distributors should be genuine government registered Lab/Implantdistributor.
2. Pathology HFR
3. HPR (Pathologist)
4. Pathology and implant distributor should be within 5 KM radius of the Hospital.
5. In case two or more bidders quoted the same Rate then the order will be placed on FIFO (first in first out) order.

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 379695 Lohardaga(26-27).D

# भरनो में बड़ा हादसा टला: पेड़ से टकराया हाइवा, चालक एक घंटे तक केबिन में फंसा रहा

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के कुसुमबहा गांव के पास बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। कुसुमबहा–सिंगरौली मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े फूटकल पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में भरनो थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह और सब-इंस्पेक्टर मंटू चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया।

केबिन में फंसे चालक को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति गंभीर होने के कारण दो ट्रैक्टरों की मदद ली गई। लगभग एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

घायल चालक की पहचान सिंगरौली गांव निवासी 22 वर्षीय अजित गोप के रूप में हुई है। बताया गया कि वह खाली हाइवा लेकर अपने गांव लौट रहा था, तभी तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर है।

घटना के दौरान स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई और चालक की जान बच सकी।

## दृष्टिपात

### तेज रफ्तार का कहर: कार पलटी, 22 वर्षीय युवक की मौत, दो गंभीर घायल



**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के तिर्रा केमता टोली के समीप मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान रनिया प्रखंड के बलंकेल निवासी मनीष नाग (22) के रूप में हुई है। घायलों में मुनेश्वर साहू (18) और विमल नाग (28) शामिल हैं, जिनका इलाज रेफरल अस्पताल बसिया में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक कार से तोरपा गए हुए थे और देर रात बसिया लौट रहे थे। इसी दौरान तिर्रा केमता टोली के पास तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना गंभीर था कि मनीष नाग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बसिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### फल दुकानों और स्ट्रीट फूड वेंडरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती



**गुमला।** आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में सघन जांच अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में सिसई प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर फल दुकानों, स्ट्रीट फूड वेंडरों, चाट एवं गुपचुप ठेलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। कई विक्रेता बिना मास्क, ग्लव्स एवं एप्रन के खाद्य सामग्री तैयार करते पाए गए। कुछ स्थानों पर खुले में खाद्य पदार्थ रखने एवं अमानक रंगों के उपयोग पर आपत्ति जताई गई तथा सामग्री नष्ट कराई गई। अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को स्वच्छता मानकों का पालन करने, साफ पानी के उपयोग, ढंकी हुई सामग्री रखने एवं व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वालों पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सिसई में आधार केंद्र का उद्घाटन, अब लोगों को नहीं लगानी पड़ेगी दौड़

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड के पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में आधार केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र के शुरू होने से स्थानीय लोगों को आधार से संबंधित कार्यों के लिए अब बाहर भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र का उद्घाटन प्रमुख मीना देवी, अंचल अधिकारी अशोक बड़ाईक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। केंद्र संचालक आज़ाद अंसारी ने जानकारी दी कि यहां 0 से 18 वर्ष तक के लोगों का नया आधार कार्ड बनाया जाएगा, जबकि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के आधार अपडेट का कार्य किया जाएगा। जिला केंद्र प्रबंधक सैफुल्ला अंसारी ने बताया कि बायोमैट्रिक अपडेट के लिए 125, डेमोग्राफी अपडेट के लिए 75 तथा दस्तावेज अपडेट के लिए 75 शुल्क निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि आधार केंद्र की स्थापना से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और समय व संसाधनों की बचत होगी। मौके पर जेएसएलपीएस, वीएलडब्ल्यू, डीलर संघ समेत कई कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह ने दो विकास योजनाओं का उद्घाटन किया

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार अंतर्गत बुधवार को 15वें वित्त आयोग एवं राज्य योजना मद से दो विकास योजनाओं का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। पहली योजना के तहत वार्ड संख्या-02 में विन्दु राम के घर से तिहारा मोड़ करकट सिमाना तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क बनने से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। इसके अलावा वार्ड संख्या-06 के ग्राम डुरुवा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इस भवन के निर्माण से नगर पंचायत एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह ने कहा कि अब लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यहां डॉक्टर एवं नर्स की व्यवस्था रहने से लोगों को समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष रंजन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, वार्ड पार्षद सुगंधी देवी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### चटुआग आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल संकट से परेशान बच्चे और ग्रामीण

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। पंचायत के कई गांवों में नल-जल योजना खराब पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया नरेश भगत एवं पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और पेयजल समस्या की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कई आंगनबाड़ी केंद्रों के चापानल महीनों से खराब पड़े हैं। चटुआग आंगनबाड़ी केंद्र के सामने स्थित चापाकल खराब रहने के कारण बच्चों, सेविका एवं सहायिका को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दूर-दराज से पानी लाकर पोषाहार तैयार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भेलवाही, लोथराबर टोला, डुमरखाड़, करमाही टोला, ठुठा बर एवं परहैया टोला समेत कई जगहों पर नल-जल योजना लंबे समय से खराब पड़ी हुई है। जल सहिया मंजू देवी समेत ग्रामीणों ने कहा कि कई महीनों से पानी की समस्या बनी हुई है। मुखिया नरेश भगत और पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने उपायुक्त संदीप कुमार से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

### बाबा विश्वकर्मा महायज्ञ के हवन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत अंतर्गत विश्वकर्मा टोला स्थित बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित महायज्ञ के हवन कार्यक्रम में बुधवार को जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपप्रमुख सह भाजपा मंडल महामंत्री प्रीतम कुमार यादव एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार दांगी विशेष रूप से उपस्थित हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन-पूजन में आहुति दी और बाबा विश्वकर्मा से क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामीणों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने की अपील की।

## भाजपा नगर कमेटी गुमला की बैठक संपन्न, नई कमेटी का प्रस्ताव जिला कमिटी को भेजा गया

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी नगर कमेटी की बैठक गुरुवार को बस स्टैंड स्थित होटल सिद्धिविनायक रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल एवं जिला कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से नई नगर कमेटी के गठन हेतु नामों का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए जिला कमेटी को भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

### 12वीं बोर्ड में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान एवं वाणिज्य दोनों संकायों में विद्यार्थियों ने बेहतर अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में अभिषेक कुमार ने 95.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने 10वीं में भी 96% अंक प्राप्त किए थे। इसके आधार पर विद्यालय द्वारा उन्हें स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई थी। विज्ञान संकाय में अन्य विद्यार्थियों में प्रियांशु कुमार 90.2%, अनुप्रिया साहू 88%, आंचल मेहता 84.4%, सुरभि कुमारी 83.2% समेत कई विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। वाणिज्य संकाय में खुशी कुमारी 65.2% अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि लक्ष्मी कुमारी 64.6% और नूपुर 64.2% के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सीबीएसई 12वीं में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 100% परिणाम

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026 में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की है। विद्यालय ने वाणिज्य एवं कला संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष 230 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 8 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक तथा 47 विद्यार्थियों ने 80 से 90% के बीच अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में साक्षी उरांव ने 92.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य संकाय में अच्युत और सक्षम अग्रवाल ने संयुक्त रूप से 94.2% अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया। कला संकाय में पल्लवी कुमारी ने 93.8% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्राचार्या माधवी पांडेय ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला में 232 में 188 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष 232 विद्यार्थियों में से 188 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। प्राचार्या माधवी पांडेय ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विज्ञान संकाय में साक्षी उरांव 92.4%, दीया सिंह 89.4%, धीमंत कुमार ओहदार 88.8% समेत कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाणिज्य संकाय में अच्युत और सक्षम अग्रवाल 94.2%, प्रज्ञा प्रांजल 91.2%, हर्षित शर्मा 90.6% सहित कई विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। कला संकाय में पल्लवी कुमारी 93.8%, काजल सोनी 91.4%, रिशु राज 90.8% समेत अन्य विद्यार्थियों ने बेहतर अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

### 16 मई को गुमला में कांग्रेस की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय बैठक, तैयारियों में जुटी जिला कमिटी

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय संयुक्त बैठक का आयोजन 16 मई 2026 (शनिवार) को गुमला के डुमरडीह बाईपास मार्ग स्थित स्वर्णभूमि वैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा जिलों के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु द्वारा जारी पत्र के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर अभियान समिति के सदस्य एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में लोकसभा प्रभारी, सांसद, विधायक, जिला कमिटी, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इधर, बैठक को लेकर गुमला जिला कांग्रेस कमिटी सक्रिय हो गई है। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न स्तरों पर तैयारियों में जुटे हैं। बैठक स्थल की व्यवस्था, कार्यकर्ताओं के ठहराव, स्वागत, यातायात व्यवस्था एवं संगठनात्मक समन्वय को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि यह बैठक संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी जिलों के कार्यकर्ता एक मंच पर एकत्र होंगे, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति, संगठन विस्तार एवं जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## भरनो क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक, दो घर क्षतिग्रस्त, धान की फसल बर्बाद



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। हाथियों के गांवों में घुसने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीती रात हाथियों ने जतरागढ़ी और सुपा टंगराटोली गांव में उत्पात मचाया। जतरागढ़ी गांव में झिरगा उरांव के मिट्टी के घर को हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे घर में रखा सामान भी बर्बाद हो गया।

वहीं सुपा टंगराटोली गांव में कच्चू उरांव के घर पर हाथी ने हमला कर दिया और करीब पांच क्विंटल धान खा लिया तथा काफी धान को बिखेरकर नष्ट कर दिया।

घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। लोग रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है।

सूचना पर वन विभाग गुमला एवं बसिया की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को खदेड़कर जंगल की ओर भेजा। वन विभाग ने प्रभावित परिवारों से मिलकर क्षति का आकलन किया और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने हाथियों की नियमित निगरानी और जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

### मिर्गी जागरूकता प्रशिक्षण: 'यह दिमाग की बीमारी है, झाड़-फूंक नहीं इलाज जरूरी'

**गुमला।** नगर भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिर्गी (एपिलेप्सी) पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सहिया साथी एवं बीटीटी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत तिवारी (एम्स दिल्ली) और जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद ने संयुक्त रूप से की। डॉ. तिवारी ने बताया कि मिर्गी एक दिमागी बीमारी है, न कि भूत-प्रेत या टोने-टोटके का प्रभाव। उन्होंने कहा कि गलत धारणाओं के कारण कई लोग झाड़-फूंक का सहारा लेते हैं, जिससे मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है। प्रशिक्षण में मिर्गी के लक्षण, कारण, प्राथमिक उपचार और दवा से नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी गई।


**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय,**
**जिला जज सं0-6**
**डालटनगंज, पलामू।**

**मूल वाद सं0-9/2023.**

**योगेन्द्र नाथ तिवारी एवं अन्य .... आवेदकगण**
**बनाम**
रराजमण्ही तिवारी एवं अन्य... विपक्षी गण

**नोटिस वनाम-**

(1) हंसराज त्रिपाठी ।
(2)राहुल त्रिपाठी
दोनों पिता स्व. सच्चदानन्द त्रिपाठी

निवासीग्राम वैरीया टी॰वी॰ टावर रोड, थाना डालटनगंज,
पोस्ट -सुदाना, जिला- पलामू

(3) शमी देवी पत्ति रितेश पाण्डेय
(4) शोभा देवी पति श्रीकान्त दुबे

दोनों निवासी इन्डीयन गैस गोदाम बैरिया, पो.-सुदना, थाना-डाल्टनग्ज, जिला-पलाम् ।

चु वजरीय इस नोटिस के माध्यम से अपलोगो को सूचित किया जाता है कि अनवेदक गण उपरोक्त वाद प्रोवेट कराने हेतु दायर किया है ।

अतः इस नोटिस के माध्यम से आपलोंग को सूचित किया जाता है कि दिनंक 23/05/26 समय 7:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपलोग के विरुद्ध एकपक्षी सुनवाई कर फैसला कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद समझे।

आज दिनांकः 6/4/26 को- हस्ताक्षर एवं मुहर से जागरूकता किया।

**जिला जज सं0-6**
**डालटनगंज, पलामू।**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–**N.I.T. No.-06/2026-27**

पत्रांकः–452 | दिनांक :–13.05.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 20.05.2026 के अपराहन 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 21.05.2026 के अपराहन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.05.2026 के अपराहन 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | 1- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा ।<br>2- अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, का कार्यालय हजारीबाग ।<br>3- सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01,चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान और खोलने का स्थान | 1- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Development of Kitchen Cupboard & Wardrobe and Construction of New Sheds at SP Residence Chatra For the Year 2025-2026 | 21,32,500.00 | 43000.00 | 5000.00 | 01 Months |

नोटः– 1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
2बैंक ड्राफ्ट निविदाकार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 379738 (Building)26-27*D


## जारी प्रखंड के सकतार गांव पहुंचे उपायुक्त, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने जारी प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत के सुदूरवर्ती सकतार गांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा विभिन्न विकास योजनाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया।

गांव में कुल 60 परिवार निवास करते हैं, जिनमें 26 परिवार विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह कोरबा समुदाय से संबंधित हैं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल संकट की समस्या रखी, जिस पर उपायुक्त ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिला स्वयं सहायता समूहों ने सामुदायिक भवन की मांग रखी, जिस पर संबंधित विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने महिलाओं को लाह की खेती एवं अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर भी बल दिया तथा जेएसएलपीएस को आवश्यक सहयोग देने को कहा।

आवास योजना में भुगतान विलंब की शिकायत पर उन्होंने शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने तथा सभी पात्र लाभुकों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु तालाब, कुआं एवं चुआ निर्माण के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन करने को कहा गया।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। भ्रमण के दौरान उन्होंने आवास, जलमीनार, विद्युत व्यवस्था सहित कई विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय एवं जलछाजन योजनाओं का भी निरीक्षण किया तथा लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।


**कार्यालय जिला परिषद, लोहरदगा**
E-mail - dpoloh20@gmail.com

**Request for Proposal (RFP)**

Letter No.: .......................... Date: .....................

**Request for Proposal (RFP):** District Planning Office, Lohardaga invites proposals from eligible agencies for providing professional consultancy services for the **design, development, and operationalisation of twoDidi Café in Kudu and Lohardaga**, Lohardaga. The selected agency will support the district administration in **café setup, operational planning, menu standardisation, staff training, branding, marketing, and end-to-end café operations.** Civil and interior works have already been completed and are **not included** in this consultancy.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Providing professional consultation services for the **design, development, and operationalisation of Didi CaféKudu and Didi Café Lohardaga** |
| 2 | Date of Publication of Bid | 13/05/2026 |
| 3 | Consultancy Period | **2 years from the date of work order** |
| 4 | Pre BidMeeting | 18/05/2026 from 4PM to 5PM |
| 5 | Last Date & Time of Submission of Bid (online - Technical & Financial) | 21/05/2026, (05:00 P.M) |
| 6 | Bid Opening Place and Time | Collectrate Conference hall Lohardaga- 22/05/2026- (12:00 PM) |
| 7 | Method of Selection | 1. The final selection will be made based on the Quality and Cost-Based Selection (QCBS) system, where 70% weightage is given to the technical proposal and 30% to the financial proposal. The applicant with the highest combined score will be declared the 'Selected Bidder' or 'Successful Bidder,' provided they meet all other technical and commercial requirements of the RFP."<br>2. In case two or more applicants achieve the same total score after evaluation, the following criteria shall be applied in order to determine the final ranking:<br>I. **Higher Technical Score:** Preference will be given to the applicant securing higher marks in the Technical Proposal (Stage I).<br>II. **Lowest Financial Bid:** If still tied, the applicant submitting the lowest financial bid will be ranked higher.<br>III. **Relevant Experience:** If the tie continues, preference will be given to the applicant demonstrating greater relevant experience in similar café, restaurant, or hospitality projects, particularly with government or CSR-supported initiatives.<br>IV. **Committee's Discretion:** If a tie still remains after applying the above parameters, the Evaluation Committee's decision —based on overall quality, innovation, and implementation feasibility—shall be **final and binding** |

नोट :– उक्त निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश वेबसाइट www.lohardaga.nic.inतथा https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा। उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 379698 Lohardaga(26-27)#D

**विचार प्रवाह**

मैं प्रार्थनागृह में प्रार्थना में बैठी थी- मैं अपने जीवन में आपनेवाली किसी परिस्थिति में विषय में सोच रही थी, जिसने मुझे आशंका से भर दिया था। मैं जानती थी कि ईश्वर की इच्छा नहीं है कि मैं उस अनुभव से बचूं। उस क्षण भी वह मेरी ओर बढ़ रहा था। अचानक प्रभु ने मुझे वह प्रार्थना बतायी जो उन्हें स्वीकार्य होगी, और मैंने तुरंत कहा- मेरे जीवन की किसी भी परिस्थिति को न बदलें, मुझे बदलें।- **स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# पेपर आउट होते गए ज्यों-ज्यों घोटालों की दवा की


नौकरी और बड़े संस्थानों में एडमिशन के लिए छल,बल,धन के साथ अब तकनीक का भी इस्तेमाल हो रहा है। सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र आउट होने की खबर जंगल की आग से भी तेज इंटरनेट पर आग लगा रही है और इसका दागदार इतिहास बता रहा है कि सरकारें इसे रोकने का जितना प्रयास करती दिखती है उससे ज्यादा तेज गति से हेराफेरी के नए तरीके आजमा कर एडमिशन या नौकरी दिलाने वाले गिरोह आगे निकल जाते हैं। पेपर आउट कराने या हेराफेरी का इतिहास रांची से भी जुड़ा है जब यूपीएससी के प्रश्नपत्र मिशन के एक प्रतिष्ठित प्रेस से लीक हो गए थे। इसी प्रकार बिहार का कुख्यात सरगना रंजीत कितनों को डॉक्टर-इंजीनियर बनाने के बाद पकड़ा गया था ।इसमें एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए नेताओं-अधिकारियों की मिलीभगत के बिना ऐसे घोटाले संभव नहीं हैं और जितने मामले प्रकाश में आते हैं उससे ज्यादा या तो बिना शोर मचाए निकल जाते हैं,निकाल दिए जाते हैं या दबा दिए जाते हैं क्योंकि इसमें सिर्फ पैसा कमाने की बात नहीं होती बल्कि प्रभावशाली लोगों के परिजन को पिछले दरवाजे से साहब बनाने की भी बात होती है । झारखंड का कुख्यात जेपीएससी घोटाला एक बार नहीं कई बार हुआ आरोप लगे जांच हुई मामला कोर्ट में गया पर गाय पर लेख लिखकर कई नेता-अधिकारी पुत्र-पुत्री प्रोमोशन पाकर बड़े-बड़े पदों पर पहुंच गए और शायद रिटायर भी हो जाएंगे,ये मामले कुछ पीड़ितों द्वारा उठाए गए, मीडिया में चर्चा हुई कुछ लोग जेल के अंदर-बाहर गए पर सिलसिला रुका नहीं। विधानसभा में नियुक्ति घोटालों में भी गति बाधित होती रही क्योंकि यहां भी बड़े लोगों की भागीदारी या हिस्सेदारी थी नतीजा कुछ निकलेगा पक्का नहीं है । कुछ दिन पहले रांची के पंडरा इलाके में ऐसी ही एक परीक्षा में हाईटेक गिरोह पकड़ा गया जिसका शोर सोशल मीडिया से उठा था। राजस्थान में नीट की परीक्षा के 720 में से 600 नंबर के प्रश्नपत्र एक कोचिंग संस्थान के माध्यम से लीक होने की खबर सोशल मीडिया में उड़ी और कुछ लोग पकड़े गए। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने प्रश्नपत्र लीक होने की आशंकाओं के बीच तीन मई को आयोजित नीट- यूजी परीक्षा को जिस तरह से रद्द किया है, उससे इसकी गंभीरता का पता चलता है, जो नीट-यूजी जो देश की सबसे प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक है और पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। लाखों छात्र-छात्राएं चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश पाने का सपना लिए शामिल होते हैं। अभिभावकों की मेहनत की पूंजी और उम्मीदों का भी इसमें निवेश होता है। इस बार 22 लाख से अधिक छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे, जो फिलहाल ठगा महसूस कर रहे हैं।यह कोई पहली बार नहीं है, जब इस तरह का मामला सामने आया हो। 2024 में भी नीट-यूजी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की वजह से विवादों के घेरे में आ गई थी। तब, सर्वोच्च न्यायालय ने पूरी परीक्षा को निरस्त करने से तो इंकार कर दिया था, पर कुछ केंद्रों पर एक हजार से अधिक बच्चों की दोबारा परीक्षा हुई थी।बात सिर्फ नीट की नहीं है, पिछले कुछ वर्षों में रेलवे, शिक्षक व पुलिस भर्ती और नेट जैसी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की भी खबरें आती रही हैं। कई संगठित गिरोहों का पता चला, कई बार परीक्षा केंद्रों की तरफ से बेईमानी, तो कई बार सर्वर से छेड़छाड़ के मामले भी सामने आए। ऐसी स्थितियां न आएं, इसलिए सरकार ने दो वर्ष पहले सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 पारित किया था, जिसमें दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान भी था। ऐसे सख्त कानून के बावजूद अगर पेपर लीक को रोका नहीं जा पा रहा, तो यह स्थिति नीति नियंताओं के लिए गंभीर विश्लेषण की मांग करती है। ताजा नीट-यूजी परीक्षा मामले में राजस्थान और दूसरे राज्यों से पेपर लीक संबंधी सूचना मिलते ही एनटीए ने परीक्षा रद्द करने की घोषणा कर दी और केंद्र ने भी अविलंब इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है। लेकिन देखा गया है कि पेपर लीक मामलों में शुरुआती सख्ती के बावजूद बाद में कार्रवाई धीमी पड़ जाती है, जिससे मूल समस्या जस की तस बनी रहती है।यह भी विचारणीय है कि अगर पेपर लीक का समानांतर उद्योग इतना मजबूत हो गया है, तो इसकी जड़ में केवल लालच नहीं, बल्कि वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी व्यवस्था भी है, जिसमें सीमित सीटों के लिए करोड़ों युवा संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में इस समस्या को व्यापक संदर्भों में देखने की भी जरूरत है। एनटीए जल्द ही परीक्षा की नई तिथि घोषित करेगी, पर युवाओं का भरोसा लौटाने के लिए उसे कुछ ठोस कदम तो उठाने ही होंगे, ताकि दोबारा इस तरह के मामले सामने न आएं। हताश विधार्थी आत्महत्या तक करते हैं तो समाज और सरकार को स्थायी समाधान ढूंढना चाहिए।

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

# एक सार्वभौमिक गीतकार शैलेंद्र




पुस्तक 'फिर भी रहेंगी निशानियां' कवि-गीतकार शैलेंद्र पर केंद्रित लेख संग्रह को पढ़ते हुए एहसास होता है कि शैलेंद्र उन रचनाकारों में थे जिन्होंने भारतीय फिल्म संगीत और हिंदी काव्य परंपरा में जनजीवन की सहज संवेदनाओं को गीतों में ढाल कर उन्हें अमर बना दिया। उनका लेखन केवल मनोरंजन जगत में ही नहीं, सामाजिक चेतना, मानवीय करुणा तथा जीवन दर्शन का सशक्त दस्तावेज बनकर उभरता है। एक व्यक्ति पर जब चौबीस अलग-अलग व्यक्ति विशेष अपना दृष्टिपात करते हैं तो कितनी भाव - भंगिमाएं और कितनी छवियां अपनी छटा बिखेरती हैं यहां मैं उन सभी कवि /लेखक/ साहित्यकार/ संपादक/ पत्रकार/संस्कृति धर्मियों के लेखों के उन महत्वपूर्ण अंशो को रखना चाहूंगी जिन्होंने शैलेंद्र पर पूरे मनोयोग से खूब डूबकर लिखा। इनका समग्र रूप से पठन पुनः शैलेंद्र को पुनर्जीवित कर देता है।

सर्वप्रथम इस पुस्तक की प्रस्तावना में अजय श्रीवास्तवा 'अजेय' लिखते हैं -यह केवल एक पुस्तक नहीं यह संवेदना, स्मृतियों, संघर्षों और कला-सौंदर्य का बहुमूल्य हस्तलिखित इतिहास है। यह शैलेंद्र के जीवन को केवल बताती नहीं उसे पुनर्जीवित करती है। उसकी सुनवाई करती है और पाठक के मन में एक धीमी सी गूंज छोड़ देती है। उनके गीतों में छुपा सत्य, उनका श्रमिक वर्ग के प्रति प्रेम, उनकी सादगी, उनकी नैतिक दृढ़ता और उनकी कलात्मक ऊंचाई यह सब पाठक को जीवन के प्रति एक नई दृष्टि देती है। शैलेंद्र के पुत्र दिनेश शैलेंद्र अपनी 'शुभकामना' में विचार व्यक्त करते हैं -"पिताजी का रहन-सहन इतना सरल और अनगढ़ था कि बचपन में, मैं कभी समझ ही नहीं पाया कि उनके भीतर कितना विराट व्यक्तित्व छुपा है उनकी मृत्यु के समय मैं लगभग 10 वर्ष का रहा होऊंगा। उस दिन जब हमारे घर पर राज कपूर, शंकर- जय किशन जैसी फिल्मी हस्तियां एक-एक कर आने लगी तब पहली बार मेरे भीतर कोई हलचल हुई। क्या पिताजी वाकई इतने बड़े व्यक्ति थे? यह प्रश्नचिन्ह मुझे लगता है शैलेंद्र के व्यक्तित्व के सामने लगाने की आवश्यकता न तब थी न अब है क्योंकि जिस तरह का जीवन उन्होंने जिया और सृजन किया वह सब हमारे समक्ष है और रहेगा।

पुस्तक का संपादन समकालीन, सुपरिचित वरिष्ठ कवि, लेखक ब्रज श्रीवास्तव ने किया है। संपादकीय में अपने विचार कुछ तरह प्रकट करते हैं- यह संकलन मेरे लिए केवल एक पुस्तक नहीं एक स्मरण यात्रा है उन गीतों तक, उन संवेदनाओं तक और उन मानवीय क्षणों तक जो शैलेंद्र ने हमें सौंपीं। यदि यह यात्रा किसी पाठक के भीतर एक छोटी सी भी गर्माहट छोड़ जाए तो यह प्रयास सफल समझूंगा। शैलेंद्र की स्मृति हमारे साथ रहे- उजास की तरह.... उफान की तरह... विश्वास की तरह।

प्रसिद्ध कवि नागार्जुन की कविता 'गीतों के जादूगर का मैं छंदों से तर्पण करता हूं' शैलेंद्र के प्रति उनकी आसक्ति और प्रशंसा दर्शाती है।

कला मर्मज्ञ कवयित्री/ लेखिका दीप्ति कुशवाह जब शैलेंद्र पर अपनी कलम चलाती हैं तो सचमुच गीत में धड़कती हुई मिट्टी, शैलेंद्र की लोक चेतना के रेशे-रेशे को बुनकर एक खादी की चादर बना देती हैं।उनके लेख से कुछ उद्धरण प्रस्तुत कर रही हूं -'शैलेंद्र को समझना दरअसल उस मिट्टी को छूना है जो थाली में परोसी गई रोटी की भाप में समाई होती है' ।उनके गीतों में वह गांव बोलता है जिसे सभ्यताओं ने पिछड़ा कह दिया पर जो अपनी पीठ पर पूरा देश ढोता है। शैलेंद्र के शब्दों में अभिजात्य नहीं, मिट्टी की गूंज है। चूल्हे की आंच, कुएं की बाल्टी, मटकी का रिसाव इन सब की ध्वनियां उनके गीतों में जाकर आत्मा बन जाती है। गीतों की यह बुनावट उन्हें उस विरल परंपरा से जोड़ती है जहां गीत किसी कौशल का रूप नहीं बल्कि जीवन की जरूरत का अंग होते हैं। शैलेंद्र के गीतों में गांव कभी सीधे नाम से नहीं आता। वह धूप की तरह फैलता है और कभी-कभी तो आंख की कोर में अटका कोई दृश्य बन जाता है जिसे हम देख नहीं सकते सिर्फ महसूस करते है। वह विरल कवि हैं जिन्होंने सिनेमा के चमचमाती पर्दे पर गांव के टप्पर को ससम्मान खड़ा कर दिया। दरअसल शैलेंद्र ने गीतों के माध्यम से वह किया जो फिल्म के संवाद नहीं कर सकते थे। उनका गांव पर्दे पर नहीं कलाकार की सांसों में बसता था।वह प्रेमिका की मुस्कान में नहीं उसकी चुप आंखों में पलता था। उनकी कलम सिनेमा में लोक की आत्मा का प्रवेश द्वार बनीं।

कवि शैलेंद्र का एक नया रूप उद्घाटित करते हुए वैज्ञानिक चेतना से लैस कवि शरद कोकास, शैलेंद्र के कवि पक्ष को उद्घाटित करते हैं। कविताएं जो वास्तव में शैलेंद्र के गीतों का मूल आधार थीं यह वही शैलेंद्र है जो 'तू जिंदा है तो जिंदगी की जीत पर यक़ीन कर' और 'हर जोर जुल्म की टक्कर में हड़ताल हमारा नारा है'जैसे गीत रचते हैं। जिन्होंने चेतना को उद्वेलित करने वाली अनेक कविताएं लिखी हैं और जिनके लिखे फिल्मी गीत भी किसी साहित्यिक रचना से कम नहीं हैं। प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, कवि, डॉ. सुधीर सक्सेना अपनी तीक्ष्ण दृष्टि से विश्लेषण करते हुए शैलेंद्र को कविराज या पुश्किन की तरह याद करते हैं। हिंदी सिनेमा की विविधवर्णी और विस्तृत दुनिया में वह सबसे सरल और सहज गीतकार हैं। शब्दों में बेहद अपने, लहजे में बेहद आत्मीय, उनके शब्दों में गजब की सादगी और रवानी है। उन्होंने जज्बातों को, ख्वाबों और उम्मीदों को शब्दों में इस खूबसूरती से पिरोया कि वे सिने-रसिकों के कंठहार बन गए। उनके गीत समाज में वृंद गान की तरह सोहे। मजदूरों,किसानों से लेकर श्रेष्ठीजनों और प्रेमी युगलों ने उन्हें गुनगुनाया। वह सन 1955 में 'श्री 420' में कही अपनी बात 'हम न रहेंगे तुम न रहोगे फिर भी रहेंगी निशानियां' को सही साबित कर गए। दूरदर्शन के वृत्त चित्रों से लंबे समय से जुड़े चर्चित, प्रतिष्ठित व अनुभवी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल शैलेंद्र को हमारा कबीर कहते हैं। इनका लिखा विस्तृत लेख जानकारी से भरपूर है। एक तरह से शैलेंद्र की संक्षिप्त जीवनी।आधुनिक युग के कबीर शैलेंद्र जिंदगी के जीवन दर्शन को बड़ी आसानी से एकदम सरल अंदाज में बयां कर जाते हैं। वैसा भारत तो क्या संसार की किसी भी भाषा के कवि ने नहीं किया यह बात मैं पूरे भरोसे से कह सकता हूं। जीवन दर्शन, हक़ के लिए लड़ने का जज्बा, रिश्तों की गहराई, प्रेम का अलौकिक स्वरूप और लोक भाषा का जो मिश्रण शैलेंद्र की रचनाओं में देखने को मिलता है वह उन्हें साहित्य के शिखर पर पहुंचा देता है। अफसोस की बात है कि समाज के एक बड़े वर्ग ने शैलेंद्र को सिर्फ़ फिल्मी गीतकार समझा। उन्होंने फिल्म के परदे से इतर जो लिखा वह बेजोड़ और विलक्षण है। आप एक बार उनकी कुछ गैर फिल्मी रचनाएं पढ़ तो लीजिए शैलेंद्र अपने दौर की व्यवस्था के खिलाफ क्रांति की मुद्रा में हैं।अपने सफ़र में शैलेंद्र विचार की ऊंचाई और भाव की गहराई का अद्भुत सम्मिश्रण हैं। वह सच्चे अर्थ में आधुनिक युग के कबीर थे।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)**

पुस्तक की बात



खुदेजा खान

> यह केवल एक पुस्तक नहीं यह संवेदना, स्मृतियों, संघर्षों और कला-सौंदर्य का बहुमूल्य हस्तलिखित इतिहास है। यह शैलेंद्र के जीवन को केवल बताती नहीं उसे पुनर्जीवित करती है

# नाजुक वक्त में गौर तलब है पीएम की सलाह

देश की बात



मनोज अग्रवाल

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने हैदराबाद के संबोधन में देशवासियों को ऊर्जा संकट के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा संयमित उपयोग कर कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया है। पीएम की इस सात सूत्री अपील में न सिर्फ आम जन के बीच संकट की हालत में मनोबल और विश्वास बने रहने की प्रेरणा है साथ ही संकट से निपटने का मूलमंत्र भी है। सरकार वैश्विक संकट के इस दौर में नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर डटी रही आयातित तेल पर भारी दाम वृद्धि को सरकार ने 24 से 30 रुपए प्रति लीटर भार वहन किया है पैट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपए से घटित कर तीन रूपये लीटर कर दिया जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क खत्म कर दिया है। आपको पता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है। जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है पूर्व तक यह अनुमान था कि होरमुज मार्ग का विवाद जल्द सुलझ जाएगा और स्थिति पूर्ववत सामान्य हो जाएगी लेकिन अब ऐसा नहीं है। आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग है, जिससे भारत अपनी 90 फ़ीसदी से अधिक एलपीजी और लगभग 40 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसी विषम परिस्थितियों में, जब दुनिया भर में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में आग लगने का अंदेशा था, भारत सरकार ने दूरदर्शिता, कूटनीतिक कुशलता और त्वरित रणनीतिक निर्णयों से देश में ऊर्जा की सुव्यवस्था बनाए रखी बल्कि आम जनता पर बढ़ी कीमतों का भार भी नहीं बढने दिया। संकट का संकेत मिलते ही भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्रियान्वित करते हुए न केवल वैकल्पिक स्रोत तलाशे बल्कि घरेलू संसाधनों को भी मजबूत किया। स्पेन मिस्र श्रीलंका दक्षिण कोरिया फिलीपींस जापान पाकिस्तान बांग्लादेश आदि में वहां की सरकारों ने ईंधन राशनिंग, वर्क फ्रॉम होम, फ्यूल पास, स्कूल बंद जैसे अनेक प्रतिबंध भरे कदम उठाए लेकिन भारत सरकार की सूझ-बूझ और प्लानिंग के चलते ईंधन राशनिंग नहीं हुई, स्कूल बसों, वाहनों व परिवहन यातायात की गाड़ियों को मांग के अनुरूप फ्यूल मिलते रहने से कोई स्कूल बंदी नहीं हुई और न ही कोई दफ्तर बन्द करने पड़े। तमाम दफ्तर सामान्य तौर पर कार्यरत रहे जिससे कोई वर्क-फ्रॉम-होम निर्देश पारित करने की नौबत नहीं आने पायी। देश भर में खुदरा ईंधन की स्थिर आपूर्ति बनाये रखी गयी।यह सब त्वरित सरकारी हस्तक्षेप से संभव हो पाया है। एलपीजी और घरेलू आपूर्ति संरक्षण व्यवधान के 8 दिनों के भीतर सरकार ने एलपीजी नियंत्रण आदेश जारी किया रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया गया। घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000 टन प्रति दिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया जो लगभग 50 फीसद की वृद्धि है। 9 दिनों के भीतर प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश जारी किया गया। पीएनजी घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को 100 फीसद आवंटन के साथ संरक्षित किया गया। सरकार द्वारा सार्वजनिक आपूर्ति बनाए रखने के लिए औद्योगिक आवंटन को भी सुचारू और युक्तिसंगत बनाए रखा। भारत सरकार द्वारा रूस, संयुक्त राज्य अमरीका, पश्चिम बंगाल, अफ्रीका, अटलांटिक बेसिन से त्वरित संपर्क स्थापित कर ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की गयी। भारत में एलपीजी की मांग लगभग 90,000 टन की प्रतिदिन की है जिसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के माध्यम से 70 से 75000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। भारत में घरेलू उत्पादन बढ़कर 54000 टन प्रतिदिन होने से शेष आयात की आवश्यकता घटकर 20,000 टन प्रतिदिन की रह गयी है। सरकार द्वारा आठ लाख टन कार्गो पहले ही सुरक्षित किए जा चुके हैं जिससे आज हमारे पास चालीस दिनों का अग्रिम भंडार उपलब्ध है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## सूखी आंखों का गीला दर्शन



सुरेश मिश्रा 'उरतृप्त'

सेकंड क्लास के स्लीपर कोच में प्रवेश करते ही ऐसा लगता है मानो हम भारतीय रेल के डिब्बे में नहीं, बल्कि कलयुग के उस चिड़ियाघर में आ गए हैं जहाँ पिंजरे के अंदर और बाहर, दोनों तरफ जानवर ही रहते हैं। यहाँ की हवा में पसीने, अचार और गरीबी की एक ऐसी त्रिकोणीय गंध होती है जिसे सूंघते ही नासिका छिद्रों को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। बर्थ पर बैठे यात्री ऐसे चौकन्ने रहते हैं मानो उन्होंने अटैची में कोहिनूर हीरा छिपा रखा हो, जबकि हकीकत में उसमें सिर्फ फटी हुई बनियानें और घर से लाया गया कड़ा पराठा होता है। तभी डिब्बे के दरवाजे पर एक ऐसा प्राणी प्रकट होता है जिसकी देह पर कपड़े कम और इतिहास के घाव ज्यादा होते हैं। वह खंजरी बजाता है और आवाज लगाता है- "ए बाबू! हमार पेट नाहीं, ई तौ कुआँ होय, जेमा जेत्ता डालौ सब कम लागै। दे दऽ माई, तोहार लड़का जुग-जुग जिए!" उसकी आवाज में वह मिठास है जो केवल उन लोगों के पास होती है जिन्होंने चीनी खरीदने की औकात बहुत पहले खो दी है। वह खंजरी ऐसे बजाता है जैसे ट्रेन के पहिए उसके ताल पर ही घूम रहे हों और यात्री अपनी जेबें ऐसे दबाते हैं मानो वह भिखारी नहीं, आयकर विभाग का कोई छापा मार दस्ता हो। थोड़ी देर में एक दूसरा कलाकार अवतरित होता है, जो पूरी तरह से भगवान के नाम पर डराता है। उसने गले में भगवानों की एक पूरी कैबिनेट लटका रखी है। वह अवधी और भोजपुरी के मिश्रण में श्राप और आशीर्वाद का ऐसा कॉकटेल परोसता है कि नास्तिक भी डर के मारे जेब में हाथ डाल देता है। "अरे साहेब, हमका का देखत हौ? हम तौ तोहरे पाप काटै आए अही। जे देई ओकरो भला, जे ना देई ओकरो बिटिया का बियाह न होई!" यह सुनते ही शादी के लायक बच्चों के माात-पिताओं के माथे पर पसीना आ जाता है। वह एक अंधे भिखारी का हाथ पकड़े है, जो दरअसल इतना अंधा है कि वह सुंदर लड़कियों के सामने आते ही अपनी आँखों की पुतलियां कुछ ज्यादा ही तेजी से नचाने लगता है। उसकी लाठी की खटखटाहट ट्रेन के शोर को चुनौती देती है। लोग उसे पैसे नहीं देते, बल्कि अपने पापों का एक छोटा सा किश्त चुकाते हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## अपने अंदर क्षमा की धारा निरंतर प्रवाहित रखें



स्वामी चिन्मयानंद


वह अपने एक संकल्प के पूरे होने पर दूसरा बड़ा संकल्प लेता है। इस प्रकार वह अपने को विशाल बनाता रहता है और अधिक कुशलता अर्जित करता रहता है। कठिनाइयों के समय भी दृढ़ सत्यनिष्ठ बने रहने वाले पुरुष भी कभी, कभी ढीले पड़ जाते हैं और अपनी प्राप्त की हुई ऊंचाई से नीचे गिर जाते हैं। इस पतन का कारण प्रायः उनके मन में छिपा कोई भय होता है जो किसी प्रकार उनके अंदर प्रविष्ट हो गया है। उसका विश्लेषण सावधानी से करने पर ज्ञात होगा कि उसके उत्पन्न होने का कारण हमारे विचारों की अस्पष्टता है, क्षणिक निराशाओं पर विजय पाने की क्षमता का अभाव है और आस-पास के लोगों के कुछ कार्यों या आलोचनाओं के प्रति तटस्थ न रह पाना है। दुर्बल क्षणों में कोई घटना भी हमारे मन के ऊपर भारी बोझ डाल सकती है। चिन्ता का यह बोझ और उससे होने वाले विक्षेप सत्यनिष्ठ व्यक्ति में अवश्य आ जाते हैं। उसे मानसिक सन्तुलन रख कर अपनी गति बनाये रखना कठिन हो जाता है। हम अपने अन्दर क्षमा की धारा निरन्तर प्रवाहित रखें। उसकी तेज धारा में हमारे आत्मघाती विक्षेप बहे चले जायेंगे। महान उपलब्धियों के लिए अपने आपको सुसज्जित रखने वाला व्यक्ति क्षमाशील ही नहीं वरन दूसरे के अपराधों को भूल जाने वाला होना चाहिए। उसके साथ काम करने वाले बेईमानों और उपद्रवियों को भी क्षमा करना होगा। सब लोगों के अन्दर कार्य करने की सच्ची प्रेरणा न होगी। प्रेरणा होने पर भी सब लोगों में पर्याप्त कुशलता न होगी अथवा उनमें अपने लक्ष्य के प्रति स्थायी निष्ठा न होगी। उन्हे क्षमा कर दें। यदि वे सदा पूर्ववत बुरे ही बने रहते हैं तो उन्हें भूल जाएं। कवि रावर्ट ब्राउनिंग कहते हैं।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




# साधारण जीवन के असाधारण अर्थ : जब आदतें बन जाएं राष्ट्रधर्म

अलग बात



आरके जैन 'अरिजीत'

अंतरराष्ट्रीय राजनीति के क्षितिज पर जब अस्थिरता और संघर्ष की परछाइयाँ लगातार घनी होती जा रही हैं, तब ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता अब सिर्फ अर्थव्यवस्था का मुद्दा नहीं रह गया, बल्कि देशों के अस्तित्व से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है। ईरान-इज़राइल-अमेरिका के बीच बढ़ते संघर्ष ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ जैसे रणनीतिक मार्ग को अनिश्चितता की स्थिति में डाल दिया है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति की रीढ़ डगमगा गई है। भारत जैसे आयात-निर्भर देश इस दबाव को विशेष रूप से झेल रहे हैं। ऐसे संवेदनशील समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरा आह्वान केवल एक सरकारी संदेश नहीं, बल्कि पूरे समाज को सचेत करने वाली गूंज है, जो यह स्पष्ट करता है कि आने वाले समय की दिशा केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी और अनुशासन से तय होगी। अब समय केवल संसाधन बचाने का नहीं, बल्कि जीवनशैली बदलने का संकेत दे रहा है। प्रधानमंत्री का यह संदेश साफ करता है कि आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए कामकाज और आदतों में बदलाव जरूरी होगा। वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देना, बैठकों को डिजिटल माध्यम तक सीमित रखना और अनावश्यक यात्राओं से बचना सीधे ऊर्जा खपत को नियंत्रित करने का प्रयास है। जो काम बिना सफर के हो सकते हैं, वे अब केवल सुविधा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित का विषय हैं। यह सोच बताती है कि आधुनिकता केवल तेज रफ्तार में नहीं, बल्कि समझदारी भरे निर्णयों में भी दिखाई देती है। जब करोड़ों लोग अपनी आदतें बदलते हैं, तो उसका असर दुनिया के बाजारों और ऊर्जा संतुलन तक महसूस होता है। शहरों की सड़कों पर दौड़ती वाहनों की लंबी कतारें अब केवल भीड़ का दृश्य नहीं, बल्कि बढ़ती ईंधन निर्भरता की चेतावनी बन चुकी हैं। ऐसे समय में कार पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन को अपनाने का संदेश साधारण सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी को मजबूत करने वाला कदम है। जब कई लोग एक ही वाहन से सफर करते हैं, तो सिर्फ पेट्रोल की बचत नहीं होती, बल्कि धुआं और ट्रैफिक का दबाव भी कम होता है। सड़कों की रफ्तार संतुलित होती है, प्रदूषण घटता है और समय की बर्बादी भी कम होती है। यह बदलाव उस नई नागरिक सोच की ओर इशारा करता है, जहाँ व्यक्तिगत आराम से ऊपर सामूहिक हित और पर्यावरण संरक्षण को भी महत्व दिया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था पर सबसे गहरा असर उन आदतों का पड़ता है, जिन्हें समाज वर्षों से समृद्धि का प्रतीक मानता आया है। सोना भी ऐसी ही परंपरा है, जिसने भारतीय मानसिकता में सुरक्षा, प्रतिष्ठा और गौरव का स्थान बना रखा है। लेकिन जब यही आकर्षण विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ाने लगे, तब सोच बदलना जरूरी हो जाता है। एक वर्ष तक अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील केवल आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है। यह विचार बताता है कि असली समृद्धि तिजोरियों की चमक में नहीं, बल्कि आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता में बसती है। जब व्यक्तिगत प्रदर्शन और पुरानी परंपराएं राष्ट्रीय हितों पर बोझ बनने लगें, तब संयम सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म बन जाता है। आज आर्थिक मजबूती केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की उपभोग आदतों से भी तय हो रही है। विदेशी यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और आयातित वस्तुओं पर बढ़ता खर्च अब निजी पसंद से आगे बढ़कर राष्ट्रीय संसाधनों पर असर डालने लगा है। ऐसे समय में विदेशी निर्भरता घटाने और स्थानीय विकल्प अपनाने का संदेश महत्वपूर्ण हो जाता है। 'लोकल फॉर वोकल' अब केवल नारा नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की मजबूत रणनीति बन चुका है। जब लोग देश के उत्पादों, उद्योगों और पर्यटन को प्राथमिकता देते हैं, तो विदेशी मुद्रा बचने के साथ स्थानीय बाजार, रोजगार और उत्पादन को भी नई गति मिलती है। यही सोच आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव बन सकती है। राष्ट्र पर आने वाले बड़े संकट अक्सर युद्धभूमि में नहीं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की आदतों में जीते या हारे जाते हैं। यही कारण है कि इस आह्वान में रसोई के तेल से लेकर खेतों में उर्वरकों के उपयोग तक, हर छोटी बात को राष्ट्रीय जिम्मेदारी से जोड़ा गया है। संदेश स्पष्ट है कि केवल सरकारी नीतियां नहीं, बल्कि नागरिकों का अनुशासन भी देश की ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा तय करता है। जब हर घर बचत को संस्कार और संयम को कर्तव्य बना लेता है, तब उसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की स्थिरता पर दिखाई देता है। यह सोच आम नागरिक को मात्र उपभोक्ता नहीं, बल्कि संसाधनों का सजग प्रहरी बना देती है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और विरोध के शोर के बावजूद इस आह्वान की गंभीरता कम नहीं होती। सरकार का कहना है कि फिलहाल ऊर्जा भंडार पर्याप्त हैं, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं को अनदेखा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। यही कारण है कि यह पहल भय नहीं, बल्कि समय रहते तैयारी मजबूत करने के उद्देश्य से लाई गई है। इस सोच में नागरिकों को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी माना गया है। यह मॉडल बताता है कि किसी देश की वास्तविक ताकत केवल सरकारों में नहीं, बल्कि जनता की सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता में छिपी होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

झूठ न झूठा सा लगे, सत्य यहां संदिग्ध।
सारे ग्राहक नामजद, खुद अपने में बिद्ध।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बंगाल सरकार ने अनधिकृत टोल प्लाजा को बंद करने का दिया आदेश

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्यभर में तृणमूल कांग्रेस की पिछली सरकार के दौरान सक्रिय सभी अनधिकृत टोल गेटों और ड्रॉप गेटों को तत्काल बंद करने का आदेश जारी किया है।

पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में स्थित वे सभी टोल गेट, ड्रॉप गेट, बैरिकेड वाले ढांचे और चालू टोल संग्रह केंद्र, जहां से वाहनों का आवागमन होता है और जिन्हें पश्चिम बंगाल सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित/अधिकृत नहीं किया गया है, तत्काल प्रभाव से बंद किए जाएंगे। मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा जारी आदेश में यह कहा गया है। आदेश में जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में स्थित ऐसे अनधिकृत टोल संग्रह केंद्रों की पहचान करें, उन्हें तुरंत हटवाएं और उचित प्राधिकरण के बिना उनकी पुनः स्थापना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। मुख्य सचिव के आदेश में कहा गया है, "ऐसे अनधिकृत केंद्रों पर किसी भी प्रकार का शुल्क, प्रभार या कर तत्काल प्रभाव से बंद किया जाएगा।" जिला मजिस्ट्रेटों को यह भी सलाह दी गई है कि वे टोल वसूलने के लिए वैध अधिकार प्राप्त सभी अधिकृत टोल संग्रह केंद्रों की सूची तुरंत प्राप्त करें। "कानूनी और अवैध दोनों ही तरह के अधिकृत टोल वसूलने के बिंदुओं की एक सूची तैयार करके 15/05/26 को दोपहर 12 बजे तक अवर सचिव को अवश्य प्रस्तुत की जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।"

### तृणमूल कांग्रेस के दौरान बिना रसीद वाले टोल बनाए गए थे

ऐसे अनधिकृत टोल गेट मुख्य रूप से राज्य राजमार्गों पर तेजी से फैल गए थे और इन्हें सत्ताधारी दल के नेता चला रहे थे। ट्रक ऑपरेटरों, बस ऑपरेटरों और यहां तक कि निजी वाहनों में यात्रा कर रहे यात्रियों ने भी इन टोल गेटों पर रोके जाने और बिना रसीद के अनधिकृत तरीके से शुल्क वसूलने की शिकायतें की थीं। हालांकि, प्रशासन ने इस समस्या को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया और इन शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया। नए मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, सुवेंदु अधिकारी ने निष्पक्ष प्रशासन का वादा किया और इस तरह की जबरन वसूली गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए सभी कदम उठाए।

---

### नीट-यूजी पेपर लीक मामला

## सीबीआई ने चार अरोपियों को हिरासत में लिया, एक महिला



**एजेंसी। मुंबई**

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले की जांच बुधवार को और तेज हो गई, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले से पूछताछ के लिए तीन संदिग्धों और पुणे से एक महिला को हिरासत में लिया। केंद्रीय एजेंसी आगे की जांच कर रही है।

अधिकारियों ने बताया कि तीनों संदिग्धों से इस समय अहिल्यानगर के पुलिस अधीक्षक के दफ़्तर में पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी जिन तीन लोगों से पूछताछ कर रही है, उनमें आरोपी धनंजय लोखंडे भी शामिल हो सकता है। देश भर में हुए परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के सिलसिले में मुंबई से आई सीबीआई की एक टीम मंगलवार से ही अहिल्यानगर में डेरा डाले हुए है। जांचकर्ता उन कई अन्य लोगों की संभावित भूमिका की भी जांच कर रहे हैं, जो जांच के दौरान एजेंसी की नजर में आए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इस पूछताछ का मकसद यह पता लगाना है कि लीक हुए 'नीट' परीक्षा पेपर को कथित तौर पर फैलाने और बांटने में इन तीनों संदिग्धों की असल भूमिका क्या थी। अहिल्यानगर में सीबीआई की यह कार्रवाई शुभम खैरनार के कथित खुलासों के बाद हुई। खैरनार को इस मामले में पहले नासिक से गिरफ्तार किया गया था।

# 12वीं में 85.20 प्रतिशत छात्र पास, लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए छात्रों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को इंटरमीडिएट (12वीं) बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। ऐसे में जो छात्र-छात्राएं बोर्ड परिणाम जारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वे अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा डिजीलॉकर पोर्टल और उमंग ऐप पर भी जाकर अपना रिजल्ट चेक करने के साथ स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीबीएसई की ओर से जारी नतीजों के मुताबिक, इस वर्ष परीक्षा में कुल 85.20 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जिसमें लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में लड़कियों का कुल पास प्रतिशत 88.86 फीसदी और लड़कों का 82.13 फीसदी दर्ज किया गया है।

### परीक्षा में 17 हजार छात्रों ने हासिल किए 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी करने के साथ ही 90 प्रतिशत व उससे अधिक और 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों का आंकड़ा भी जारी कर दिया है। एक लाख से अधिक छात्र इस श्रेणी में शामिल हुए हैं। हालांकि, इसके साथ ही सीबीएसई ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि बोर्ड इस वर्ष भी कोई मेरिट सूची जारी नहीं करेगा। बोर्ड के मुताबिक, इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी बड़ी रही। 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 94028 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। यह संख्या कुल सफल विद्यार्थियों का 5.32 प्रतिशत है। वहीं, 17 हजार 113 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए। यह संख्या कुल सफल विद्यार्थियों का 0.97 प्रतिशत रही।विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों में से भी कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे 276 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 48 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज कर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। बोर्ड के अनुसार, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की सफलता दर 90 प्रतिशत से अधिक रही, जो समावेशी शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

### अफगानिस्तान हिंदुत्व की लड़ाई लड़ रहा

# तालिबान पर भड़का पाकिस्तान बोला- भारत जैसा हाल करेंगे

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान को युद्ध की चेतावनी दी है। उन्होंने अफगान तालिबान को भारत का प्रॉक्सी बताया और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को पनाह देने का आरोप लगाया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अगर तालिबान नहीं मानता है तो पाकिस्तान उसी तरह जवाब देगा जैसा उसने पिछले साल भारत के खिलाफ दिया था। पाकिस्तान का दावा है कि उसने पिछले साल मई में हुए संघर्ष के दौरान भारत को जबरदस्त शिकस्त दी थी, हालांकि वह अपने दावे के समर्थन में आज तक एक भी सबूत पेश नहीं किया है। वहीं, भारत ने पूरी दुनिया को दिखाया है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कैसे पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेसों को बर्बाद किया था।

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहाः "अगर वे तैयार नहीं हैं, तो हमने दिल्ली के साथ जो किया, वही हम काबुल के साथ भी करेंगे।" उन्होंने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान असल में भारतीय नीति का एक जरिया बन गया है। आसिफ ने कहा, "इस समय, अफगानिस्तान भारत का प्रॉक्सी बन गया है।" उन्होंने आगे जोड़ाः "काबुल हमारे खिलाफ हिंदुत्व की लड़ाई लड़ रहा है।" पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि "इस समय दिल्ली और काबुल में कोई फर्क नहीं है।"

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने तुर्की, सऊदी अरब और कतर जैसे कूटनीतिक चैनलों के जरिए अफगानिस्तान से बातचीत करने की बार-बार कोशिश की, लेकिन उन कोशिशों का कोई नतीजा नहीं निकला। उन्होंने कहा, "कतर में बातचीत के दौरान, अफगानिस्तान हर बात पर सहमत हो गया था, लेकिन बाद में उसने गारंटी देने से मना कर दिया।" उन्होंने कहाकि काबुल जुबानी तौर पर सहमत होने को तैयार था, लेकिन लिखित में नहीं।

## 26 को असम विधान सभा में पेश होगा यूसीसी बिल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गये। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आज से आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है तथा मंत्रियों के विभागों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने 26 मई को सदन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। हालांकि, जनजातीय समुदायों तथा सभी प्रकार की धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। प्रस्तावित यूसीसी में मुख्य रूप से विवाह की न्यूनतम आयु, संपत्ति अधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप तथा बहुविवाह जैसे विषय शामिल होंगे।

### पूरी पीढ़ी को बर्बाद नहीं होने दे सकते

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पोर्नोग्राफी वाले मोबाइल ऐप्स को हटाने का दिया आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली हाईकोर्ट ने गूगल और एप्पल से कहा कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर मौजूद उन तमाम मोबाइल ऐप्स को हटाएं, जिनका इस्तेमाल पोर्नोग्राफी, वेश्यावृत्ति, ड्रग्स और दूसरे गैरकानूनी कामों के लिए हो रहा है। ये ऐप्स गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने कहा कि हम देश की पूरी पीढ़ी को बर्बाद होते नहीं देख सकते। गूगल और एप्पल की जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे तमाम ऐप्स को हटाएं। कोर्ट ने कहा कि इन ऐप्स की पहुंच बहुत बड़ी है और इनका असर सीधे समाज, खासतौर पर, युवाओं पर पड़ता है, इसलिए कंपनियों को पूरी सावधानी और निगरानी बरतनी होगी। ये भी सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे गैरकानूनी ऐप्स गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर पर अपलोड ही न हो। उन्होंने कहा कि आईटी रूल्स, 2021 के तहत इन कंपनियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी और आपत्तिजनक कंटेंट को फैलने से रोकें। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह आदेश रुबिका थापा नाम की महिला की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में दावा किया गया है कि गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर कई ऐसे ऐप मौजूद हैं, जो पोर्नोग्राफी, वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी, और ड्रग्स जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

## बंगाल स्कूल जॉब केस : जिला अधिकारियों को 'दागी' शिक्षकों की सूची तैयार करने का निर्देश

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों को पत्र जारी कर उन्हें अपने-अपने जिलों में 'दागी' उम्मीदवारों की सूची संकलित करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने विभिन्न सरकारी स्कूलों में नकद रिश्वत लेकर शिक्षण और गैर-शिक्षण पद प्राप्त किए हैं। विभाग के सूत्रों के अनुसार, ऐसे 'दागी' उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के अलावा, जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को यह गणना करने के लिए भी कहा गया है कि इन उम्मीदवारों को अपनी सेवा अवधि के दौरान प्राप्त वेतन और उस पर अर्जित ब्याज के रूप में राज्य सरकार को कितनी राशि वापस करनी होगी। दागी उम्मीदवारों की पहचान उन लोगों के रूप में की गई है जिन्होंने नकद भुगतान करके भर्ती परीक्षाओं में खाली या अधूरी उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने के बाद या रैंक में ऊपर चढ़कर या पैनल से बाहर नामांकन के माध्यम से स्कूलों में नौकरी हासिल की।

शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया, "सबसे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2024 में और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 2025 में भर्ती प्रक्रिया में घोर अनियमितताओं के कारण पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग द्वारा गठित लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की पूरी सूची को रद्द कर दिया था।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अखिलेश के सौतेले भाई की मौत

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट बताया गया

**एजेंसी। लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव (38) की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। प्रतीक यादव की बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया।

ww रिपोर्ट के मुताबिक, पहली चोट छाती के सामने दाहिने निप्पल के नीचे 14×7 सेंटीमीटर की थी, जिसका रंग बीच में लाल-भूरा और किनारों पर हरा-पीला पाया गया। दूसरी चोट दाहिने हाथ के पिछले हिस्से पर 19×12 सेंटीमीटर की थी। तीसरी चोट दाहिने फोरआर्म पर कोहनी से कलाई तक 24×8 सेंटीमीटर की पाई गई।

इसके अलावा चौथी चोट दाहिने फोरआर्म पर 6×4 सेंटीमीटर, पांचवीं चोट दाहिनी कोहनी के पीछे 12×6 सेंटीमीटर और छठी चोट बाएं हाथ की कलाई पर 3×2 सेंटीमीटर की दर्ज की गई। सभी चोटों के नीचे खून जमने के निशान पाए गए।

## नीट यूजी पेपर लीक केसः संसदीय समिति में उठेगा मुद्दा, छात्रों ने एनटीए का किया घेराव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 के पेपर लीक और अनियमितताओं का मामला लगातार गहराता जा रहा है। जांच एजेंसियों की पड़ताल में अब राजस्थान के बाद केरल से जुड़े तथ्य सामने आ चुके हैं। वहीं, इस मुद्दे को संसद की स्थायी समिति में उठाने की भी तैयारी कर ली गई है। दूसरी ओर, दिल्ली में नाराज छात्रों ने बुधवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग की। बता दें कि एमबीबीएस जैसे मेडिकल कोर्स में दाखिले के लिए ली जाने वाली नीट की परीक्षा रद्द कर दी गई है।

### पीएम की अपील का दिखा असर

# उज्जैन में एक ही बस से सिंहस्थ कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

**एजेंसी। भोपाल/उज्जैन**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत की अपील और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद उज्जैन जिला प्रशासन ने भी पेट्रोल-डीजल बचाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। बुधवार को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आला अधिकारी अपनी अलग-अलग लग्जरी गाड़ियों के बजाय एक ही 'ट्रैवलर बस' (अर्बेनिया वाहन) में सवार होकर निकले।

प्रधानमंत्री मोदी की अपील के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी आगामी आदेश तक अपने काफिले में सुरक्षा की दृष्टि से न्यूनतम वाहन रखने का निर्णय लिया है। साथ ही सभी मंत्रीगणों को भी यात्रा के समय न्यूनतम वाहनों का उपयोग करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने प्रदेशवासियों से भी आग्रह है कि वे सार्वजनिक परिवहन को अपनाएं। उज्जैन संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी, तहसीलदार आलोक चोरे, जल संसाधन विभाग के ईई मयंक सिंह, योगेश बिरला, अवनेंद्र सिंह, ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार सहित 15 अधिकारी एक साथ अर्बेनिया वाहन में बैठकर सिंहस्थ मेले के लिए बनाए जा रहे।

## साइकिल से औरंगाबाद कोर्ट पहुंचे जिला जज

**औरंगाबाद।** 10 और 11 मई, 2026 को पीएम मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील की और इसका असर बिहार में दिखने लगा। 13 मई, 2026 दिन बुधवार को औरंगाबाद के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार साइकिल से कोर्ट पहुंचे । इस दौरान उनके जितने बॉडीगार्ड थे वह भी साइकिल से ही जिला जज के साथ कोर्ट पहुंचे। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रहा है.औरंगाबाद के जिला जज राजीव रंजन कुमार ने साइकिल से कोर्ट जाने का यह कदम पीएम मोदी की अपील के सपोर्ट में उठाया। जिला जज ने अपने दानी बिगहा स्थित सरकारी आवास से पुरानी जीटी रोड, समाहरणालय के मुख्य द्वार होते लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय कर व्यवहार न्यायालय पहुंचे। साइकिल से कोर्ट जाकर जिला जज राजीव रंजन कुमार ने लोगों को मैसेज दिया कि ईंधन बचाने की जिम्मेदारी केवल जनता की नहीं, बल्कि न्यायाधीशों की भी है. सोशल मीडिया पर जज साहब की खूब तारीफ हो रही है।

# दृष्टिपात

## नोएडा हिंसक प्रर्दशन मामले में दो आरोपियों पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून



**नोएडा।** नोएडा में 13 अप्रैल को हुए हिंसक श्रमिक प्रदर्शन मामले में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों की भूमिका प्रदर्शन को हिंसक बनाने, भीड़ को भड़काने और अराजकता फैलाने में अहम रही। इस कार्रवाई के बाद जिले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। पुलिस के अनुसार, जिन दो आरोपियों पर एनएसए लगाया गया है उनमें सत्यम वर्मा और आकृति शामिल हैं। दोनों को मजदूर बिगुल दस्ता का सक्रिय सदस्य बताया गया है। जांच एजेंसियों का कहना है कि श्रमिक आंदोलन के दौरान इन दोनों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का इस्तेमाल कर बड़ी संख्या में लोगों को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उकसाया था।

## सोनिया गांधी अस्पताल से घर लौटीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच के बाद घर लौट आईं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में बताया कि सोनिया गांधी ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच कराने के बाद अब घर पहुंच चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 24 मार्च को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय फेफड़ों से संबंधित समस्या के चलते डॉक्टर अरूप बसु की देखरेख में उनका इलाज किया गया था।

## नॉर्वे के अखबार ने पीएम मोदी को बताया दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता



**नई दिल्ली।** नॉर्वे के प्रमुख बिजनेस दा-गन्स नैरीस्लिव (डीएन) ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता बताया है। साथ ही नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों को मशविरा दिया है कि उन्हें पीएम मोदी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। 18 मई को प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे की यात्रा पर जाएंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किंग हैरल्ड करेंगे। वे भारतीय व्यापार को नहीं रफ्तार देंगे, भारतीय प्रवासी समुदाय से मिलेंगे और भारत-नॉर्डिक प्रधानमंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। नॉर्वे के इस समाचारपत्र ने लिखा, "नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों को ध्यान से सुनना चाहिए। उन्हें अपने भारतीय समकक्ष से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है।"18 मई को पीएम मोदी की नॉर्वे यात्रा से कुछ दिन पहले प्रकाशित लेख में कहा गया था कि, "जहां नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों की घरेलू लोकप्रियता मुश्किल से 30 प्रतिशत तक पहुंचती है, वहीं पीएम मोदी की लोकप्रियता लगभग 70 प्रतिशत है। किसी भी बड़े देश का नेता अपने देश में पीएम मोदी जितना लोकप्रिय नहीं है।"लेख में कहा गया, "पीएम मोदी भारत में 12 वर्षों से अधिक समय से सत्ता में हैं। यदि वे फिर से चुनाव लड़ने का निर्णय लेते हैं, तो सभी संकेत बताते हैं कि वे दोबारा निर्वाचित होंगे।

## मणिपुर में उग्रवादी हमला, कांगपोकपी में 3 कुकी पादरियों की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को बड़ा उग्रवादी हमला हुआ, जिसमें कुकी समुदाय के तीन चर्च नेताओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, अज्ञात हथियारबंद उग्रवादियों ने जिले के पहाड़ी इलाके में स्थित टाइगर रोड पर दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। हमले में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इंफाल के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों वाहनों में सवार लोग कांगपोकपी-चुराचांदपुर (लमका) मार्ग से लौट रहे थे, तभी उग्रवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। मृतकों की पहचान वुमथांग, पादरी पाओगौलेन और पादरी कैगौलुन के रूप में हुई है। कई अन्य लोग इस हमले में घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (केएसओ) ने दावा किया कि सभी मृतक कुकी समुदाय के बैपटिस्ट चर्च से जुड़े नेता थे। संगठन ने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि नागा उग्रवादी समूह ने इन वाहनों को निशाना बनाया। केएसओ के मुताबिक, चर्च नेता लमका में आयोजित यूबीसी कन्वेंशन में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। संगठन ने यह भी दावा किया कि हमले में चार नेताओं की मौत हुई है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। केएसओ ने मामले की तुरंत निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है ताकि हमलावरों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## तमिलनाडु सरकार ने ज्योतिषी रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल की नियुक्ति रद्द की

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के राजनीतिक सलाहकार के रूप में राज्य सरकार द्वारा विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल के भारी विरोध के बाद उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गई है। मुख्यमंत्री विजय के निजी ज्योतिषी माने जाने वाले रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल को हाल ही में तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) ने पार्टी प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया था। इसके बाद विजय के मुख्यमंत्री पद संभालने के पश्चात तमिलनाडु सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री के राजनीतिक प्रभाग में विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्त किया। इस नियुक्ति का टीवीके सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और विदुथलाई चिरुथैगल काची सहित कई दलों ने कड़ा विरोध किया। आज विधानसभा में हुए विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी डीएमडीके, वीसीके, कम्युनिस्ट दलों, मानवतावादी जनता पार्टी और मानवतावादी लोकतांत्रिक पार्टी समेत कई दलों ने सरकारी पद पर ज्योतिषी की नियुक्ति का विरोध जताया।

## ड्राइवर की हत्या के मामले में आंध्र प्रदेश के एमएलसी की जमानत अर्जी खारिज की

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधान परिषद सदस्य अनंत बाबू को बड़ा झटका लगा है। राजमहेंद्रवरम की विशेष अदालत ने दलित ड्राइवर विधि सुब्रह्मण्यम हत्याकांड मामले में उनकी जमानत रद्द कर दी है। अनंत बाबू पर गवाहों को धमकाने और बयान बदलने के लिए पैसे का लालच देने के गंभीर आरोप लगे हैं। अनंत बाबू (जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली हुई थी) को 24 अप्रैल को राजमहेंद्रवरम में गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी उस समय हुई जब वे जमानत रद्द करने की याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत से बाहर निकले। फिलहाल उन्हें राजमहेंद्रवरम सेंट्रल जेल में रखा गया है। इस मामले में 20 अप्रैल को काकीनाडा के सरपवरम पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। हत्या मामले के चार प्रमुख गवाहों ने शिकायत की थी कि अनंत बाबू ने उन्हें बयान बदलने के लिए बड़ी रकम देने की पेशकश की।






# 36 साल बाद घाटी में जुटेंगे कश्मीरी पंडित, जून में होगा वैश्विक कॉन्क्लेव

**एजेंसी । वाशिंगटन**

करीब 36 साल के लंबे विस्थापन और दर्द के बाद कश्मीरी पंडित समुदाय एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटने की ऐतिहासिक पहल करने जा रहा है। जून 2026 में पहली बार 'ग्लोबल कश्मीरी पंडित हेरिटेज टूर एंड कॉन्क्लेव' का आयोजन कश्मीर घाटी में होने जा रहा है। आयोजकों ने इसे अपने वतन से भावनात्मक पुनर्संपर्क की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया है। यह कार्यक्रम 6 जून से 14 जून तक आयोजित होगा। इसका समापन 13 और 14 जून को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में दो दिवसीय कॉन्क्लेव के साथ होगा। इस सम्मेलन की थीम 'निर्वासन से उत्कृष्टता तक- कश्मीरी पंडितों की जुझारूपन, पुनर्जागरण और वापसी की यात्रा" रखी गई है। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य दुनियाभर में बसे कश्मीरी पंडितों को उनकी पैतृक धरती, धार्मिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक पहचान से दोबारा जोड़ना है। कार्यक्रम के तहत एक विशेष हेरिटेज टूर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और विदेशों से आने वाले प्रतिनिधि घाटी के मंदिरों, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों और कश्मीरी पंडित सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि यादों, पुनर्संपर्क, पुनर्जागरण और वापसी की भावनात्मक और ऐतिहासिक यात्रा होगी। इस आयोजन को सात प्रमुख संस्थाएं मिलकर आयोजित कर रही हैं। इनमें ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा, जम्मू-कश्मीर विचार मंच, यूथ ऑल इंडिया कश्मीरी समाज, कश्मीरी पंडित एसोसिएशन मुंबई, कश्मीरी ओवरसीज एसोसिएशन यूएसए, संजीवनी शारदा केंद्र जम्मू और ऑल माइनॉरिटीज एम्प्लॉइज एसोसिएशन



ऑफ कश्मीर शामिल हैं। इसके अलावा भारत और विदेशों की 30 से अधिक संस्थाएं भी इसमें सहयोग कर रही हैं। कॉन्क्लेव में विद्वानों, उद्यमियों, नीति निर्माताओं, युवाओं, कलाकारों, सांस्कृतिक विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। यहां सांस्कृतिक संरक्षण, राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक समरसता और कश्मीरी पंडितों की पहचान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

कार्यक्रम में राउंड टेबल चर्चा, युवा सत्र, अकादमिक पैनल b कश्मीरी भाषा, साहित्य, संगीत और अध्यात्म से जुड़े सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। अमेरिका में रहने वाले प्रसिद्ध कश्मीरी मूल के डॉक्टर सुरिंदर कौल ने कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने, विरासत को बचाने और सम्मानजनक भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास है। इस कॉन्क्लेव में भारत, अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी आमंत्रण भेजा है। इसके अलावा, मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं, कश्मीरी मुस्लिम और सिख समुदाय के प्रतिनिधियों, पीओजेके और वाल्मीकि समुदाय के लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि संवाद और आपसी समझ को बढ़ावा मिल सके। गौरतलब है कि 1990 के दशक की शुरुआत में कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन जम्मू-कश्मीर के इतिहास का सबसे संवेदनशील अध्याय माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मंदिरों के पुनर्निर्माण, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण और कश्मीरी पंडित समुदाय से जुड़ाव बढ़ाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। ऐसे समय में यह कॉन्क्लेव पहचान, वापसी, सुरक्षा और मेल-मिलाप पर चल रही बहस के बीच बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## तीन सप्ताह में नया आदेश देने का निर्देश

- **कोर्ट ने एडीएम को मामले में तीन सप्ताह के भीतर नया आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी।**
- **याचिकाकर्ता के ससुर ने विवाह का विरोध करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद एडीएम ने अतिरिक्त जांच रिपोर्ट मंगवाई**
- **9 अगस्त 2024 को एडीएम ने एफआईआर, चार्जशीट और एक लाख रुपये के लेन-देन को आधार बनाकर धर्मांतरण प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया था।**

# खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी, धान पर 72, सूरजमुखी के बीज पर बढ़ाए गये 622 रुपए



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार ने खरीफ फसलों के वर्ष 2026-27 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी की है। धान में 72 रुपये, ज्वार में 324 और मक्का पर 10 रुपये प्रति क्वींटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा सूरजमुखी के बीज पर 622 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है।

वहीं, केंद्रीय कैबिनेट ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और उन्नयन को मंजूरी दे दी है। सरकार ने एयरपोर्ट के विकास के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी भागीदारी को हरी झंडी दिखाई है। इसके तहत जीएमआर नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड अगले 30 वर्षों तक एयरपोर्ट के विकास, संचालन और प्रबंधन का काम संभालेगी। कैबिनेट ने गुजरात के अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच देश की पहली सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है और इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकार ने वर्ष 2026-27 के विपणन सत्र के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि सूरजमुखी के बीज (622 रुपये प्रति क्विंटल), उसके बाद कपास (557 रुपये प्रति क्विंटल), नाइजरसीड (515 रुपये प्रति क्विंटल) और तिल (500 रुपये प्रति क्विंटल) की गई है। खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान (कॉमन) के एमएसपी में 72 रुपये की बढ़ोत्तरी कर इसे 2369 रुपये से 2441 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

## केंद्र सरकार ने 37,500 करोड़ की सतही कोयला गैसीकरण योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है।




इस योजना के तहत देश में सतही कोयला (लिग्नाइट) को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन सतही कोयले का गैसीकरण करके ऊर्जा उत्पन्न करने का है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसे बहुत बड़ा फैसला बताते हुए कहा कि भारत के पास लगभग 200 साल का कोयला भंडार है और अब इसका उपयोग गैस बनाने में किया जाएगा। इस योजना से लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की संभावना है। गैसीकरण से देश की ऊर्जा निर्भरता कम होगी और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी), यूरिया, अमोनिया और मीथेनॉल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम होगी।

## ब्रिक्स बैठक के लिए ईरान-उज्बेकिस्तान व कजाकिस्तान के नेता पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली ।** ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के उप विदेश मंत्री अलोएव बखरोमजोन जोराबोएविच, ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी, कजाकिस्तान के प्रथम उप विदेश मंत्री येरजहान अशिकबायेव और नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय के स्थाी सचिव डुनोमा उमर अहमद बुधवार को यहां पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अलग-अलग एक्स पोस्ट में इन अधिकारियों के आगमन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी से द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और नाइजीरिया के अधिकारियों का भी यहां आगमन पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि ये सभी नेता ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए हैं।

## दवाइयां बेचकर चलाते थे खर्च : मृणाल सेन

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**मृणाल ने कोलकाता से फिजिक्स की पढ़ाई की, कॉलेज के दिनों में उनका झुकाव साहित्य, थिएटर और राजनीति की तरफ बढ़ने लगा**

भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जिन्होंने फिल्मों को सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का आईना बना दिया। ऐसे ही महान फिल्मकारों में एक नाम मृणाल सेन का भी शामिल है। मृणाल सेन ने अपनी फिल्मों के जरिए आम आदमी की जिंदगी, समाज की परेशानियों, राजनीति, बेरोजगारी और गरीबी को बड़े पर्दे पर दिखाया। यही वजह रही कि उन्हें भारतीय समानांतर सिनेमा का मजबूत स्तंभ माना गया। बहुत कम लोग जानते हैं कि फिल्मों की दुनिया में नाम कमाने से पहले मृणाल सेन ने दवाइयों के एजेंट के तौर पर भी काम किया था। नौकरी करते हुए भी उनका मन सिनेमा और साहित्य में ही लगा रहता था। मृणाल सेन का जन्म 14 मई 1923 को अविभाजित बंगाल के फरीदपुर में हुआ था, जो अब बांग्लादेश में है। उनके पिता दिनेशचंद्र सेन पेशे से वकील थे और स्वतंत्रता आंदोलन का समर्थन करते थे। मृणाल ने कोलकाता से फिजिक्स की पढ़ाई की। कॉलेज के दिनों में उनका झुकाव साहित्य, थिएटर और राजनीति की तरफ बढ़ने लगा। उन्हें किताबें पढ़ने का बेहद शौक था। एक दिन उनके हाथ लेखक रुडोल्फ अर्नहेम की किताब 'फिल्म ऐज आर्ट' लगी। इस किताब ने उनकी सोच बदल दी और यहीं से उनका सिनेमा की तरफ झुकाव बढ़ गया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों और सिनेमा से जुड़ी कई किताबें पढ़ीं। वह घंटों लाइब्रेरी में बैठकर सिनेमा को समझने की कोशिश करते थे। मृणाल सेन के लिए फिल्मों में जगह बनाना आसान नहीं था।

# आधार नियम 2026 : बदल गई आपकी डिजिटल पहचान की पूरी प्रक्रिया, जानें क्या हैं नए प्रावधान

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** भारत में हर नागरिक के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका 'आधार' अब एक नए अवतार में हमारे सामने है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने Aadhaar (Enrolment and Update) First Amendment Regulations, 2026 लागू कर दिए हैं। इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य आधार बनवाने (एनरोलमेंट) और उसे अपडेट करने की प्रक्रिया को कहने के लिए और सरल, पारदर्शी व समावेशी बनाना है। यदि आप भी अपने आधार में बदलाव की सोच रहे हैं या परिवार के नए सदस्यों का आधार बनवाना चाहते हैं, तो इन नियमों को समझना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है।

**दस्तावेजों की सूची में विस्तार-** नए नियमों के तहत सबसे बड़ी राहत दस्तावेजों की बढ़ी हुई सूची से मिली है। अक्सर लोग पुराने या सीमित दस्तावेजों के कारण आधार केंद्रों के चक्कर काटते थे, लेकिन अब भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI )ने विकल्पों की झड़ी लगा दी है।

अब आप **ई-वोटर आईडी , ई-राशन कार्ड विवाह प्रमाण पत्र, और यहाँ तक कि तलाक डिक्री** का उपयोग भी पहचान और पते के प्रमाण के रूप में कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बिजली-पानी के बिल, बैंक पासबुक, बीमा पॉलिसी और रजिस्टर्ड किराया एग्रीमेंट जैसे दस्तावेजों को भी अधिक सुव्यवस्थित तरीके से स्वीकार किया जाएगा। यह कदम डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, जिससे कागजी बाधाएं कम होंगी।



एआई जेनरेटेड

**बच्चों के लिए 'एचओएफ' आधारित पंजीकरण पर जोर-** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने बच्चों के आधार को लेकर नियमों को और सख्त और स्पष्ट बनाया है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अब परिवार के मुखिया(HoF) आधारित एनरोलमेंट को अनिवार्य किया गया है। इसका मतलब है कि बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के साथ माता-पिता या कानूनी अभिभावक के आधार और दस्तावेजों का होना अनिवार्य होगा। 5 से 18 वर्ष के किशोरों के लिए भी परिवार के मुखिया मॉडल को प्राथमिकता दी गई है, ताकि सुरक्षा और डेटा की शुद्धता बनी रहे।

**समावेशिता की ओर कदम: ट्रांसजेंडर और विशेष वर्ग के लिए राहत-**
2026 के ये नए नियम सामाजिक न्याय की दिशा में भी महत्वपूर्ण हैं। पहली बार, ट्रांसजेंडर पर्सन्स एक्ट, 2019 के तहत जारी प्रमाण पत्रों को आधार अपडेट के लिए पूर्ण वैधता दी गई है। अब इस समुदाय के व्यक्ति अपने नाम, लिंग और पते को आसानी से अपडेट करा सकेंगे। साथ ही, अनाथ बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी नियमों को लचीला बनाया गया है। शेल्टर होम के प्रमाण पत्र और जेल पहचान पत्र को भी अब वैध दस्तावेजों की श्रेणी में रखा गया है।

**विदेशी नागरिकों और ओसीआई कार्ड धारकों के लिए समय सीमा तय-**
सुरक्षा और डेटा प्रबंधन को देखते हुए, UIDAI ने विदेशी नागरिकों के लिए आधार की वैधता अवधि निर्धारित कर दी है:

- **OCI कार्डधारक और नेपाल/भूटान के नागरिक: इनका आधार 10 साल के लिए वैध होगा।**
- **अन्य विदेशी नागरिक: इनका आधार उनके वीजा या FRRO परमिट की अवधि तक ही सक्रिय रहेगा।**

### ध्यान देने योग्य बातें -

नियमों में बदलाव के साथ UIDAI ने स्पष्ट किया है कि कोई भी दस्तावेज तभी मान्य होगा जब:

- **1. वह वैध हो और उसकी एक्सपायरी डेट न निकली हो।**
- **2. दस्तावेज पर दी गई जानकारी आवेदन करने वाले व्यक्ति से पूरी तरह मेल खाती हो।**
- **3. जारी करने वाली संस्था ने उस दस्तावेज को रद्द न किया हो।**

यदि आपका आधार पुराना है, तो इन नए नियमों के तहत अपने दस्तावेजों को अपडेट करा लें वरना बहुत परेशानी हो सकती है।




**गुफरान अहमद ने सभी सिविल सर्जन को पत्र लिखकर दिए निर्देश**

# एनएचएम में सभी भुगतान डीबीटी व आधार आधारित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने स्वास्थ्य सेवाओं के लाभार्थियों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भुगतान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मिशन के निदेशक, वित्त गुफरान अहमद ने सभी सिविल सर्जन को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि एनएचएम अंतर्गत संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का भुगतान अब अनिवार्य रूप से आधार आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किया जाएगा। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में, वर्तमान वित्तीय वर्ष से सभी भुगतान प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्देश जारी दिया है।

मुख्य रूप से विभिन्न श्रेणियों में भुगतान अब सीधे लाभार्थियों के खातों में जाएगा, जिसमे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को पोषण सहायता, डॉट प्रदाताओं का पारिश्रमिक और निजी क्षेत्र के सूचनादाताओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, स्वास्थ्य सहियाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि, अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों का भुगतान, जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मिलने वाले लाभ, परिवार नियोजन सेवाओं के लिए दिए जाने वाले भुगतान आदि शामिल है। निदेशक वित्त ने स्पष्ट किया है कि आधार आधारित भुगतान प्रणाली से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भुगतान में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा। सभी संबंधित अधिकारियों को इस व्यवस्था का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# रांची में यातायात व्यवस्था बेहतर करने की तैयारी

● यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन को लेकर विस्तृत चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक (यातायात) रांची की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस उपाधीक्षक-प्रथम, यातायात रांची, पुलिस उपाधीक्षक-द्वितीय, परिचारी प्रवर तथा सभी यातायात थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक यातायात ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि ब्लैक शीशा, फैंसी नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, रेस ड्राइविंग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहनों एवं नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। ऑटो और टोटो चालकों को अनिवार्य रूप से यूनिफॉर्म पहनने का निर्देश देने की बात भी बैठक में कही गई। पुलिस अधिकारियों ने इस बात पर चिंता जताई कि कई यातायात पोस्टों पर लेफ्ट फ्री लेन में भी वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। सभी यातायात थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा यातायात नियमों का सही तरीके से पालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में गलत तरीके से लिखे गए नंबर प्लेट और नंबर प्लेट पर लेप लगाने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्कूल खुलने और छुट्टी के समय यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित क्षेत्रों में अधिकारियों को लगातार भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक यातायात ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी बिंदुओं का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

**नियम तोड़ने वालों के लिए चलेगा विशेष अभियान**

## 20 मई को देशभर में दवा दुकानें रहेंगी बंद



**रांची।** ऑनलाइन दवा बिक्री और नई दवा नीति के विरोध में देशभर के केमिस्ट संगठनों ने 20 मई को एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल के दौरान सभी प्रकार की दवा दुकानें बंद रहेंगी। केमिस्ट संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे दवा व्यवसायियों पर असर पड़ रहा है, वहीं नई दवा नीति में कई ऐसे प्रावधान हैं जिनका वे विरोध कर रहे हैं। हड़ताल के कारण आम लोगों को दवाइयों की खरीद में परेशानी हो सकती है। संगठनों ने लोगों से अपील की है कि आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था पहले से कर लें, ताकि हड़ताल के दिन किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

# कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म नहीं बल्कि जश्न का विषय : प्रतुल

● पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बेल मिलने पर पटाखा फोड़ना और नाचना दुर्भाग्यपूर्ण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि टेंडर घोटाले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा पटाखे फोड़ना, नाच-गाना करना और उत्सव मनाना झारखंड की राजनीति के नैतिक पतन का सबसे बड़ा उदाहरण है।उन्होंने कहा कि हद तो तब हो गई जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और उनके सहयोगियों ने जिस प्रकार "बेल उत्सव" मनाया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म का नहीं बल्कि जश्न का विषय बन चुका है। प्रतुल ने कहा कि जिस व्यक्ति के निजी सचिव के सहायक के यहां से ईडी की छापेमारी में 32 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुआ, जिस मामले में उस सहायक जहांगीर आलम ने स्वयं स्वीकार किया कि पैसा आलमगीर आलम का है, उस मामले में बेल मिलने पर कांग्रेसियों का नाचना पूरे राज्य की जनता का अपमान है। बेल को कांग्रेस "बाइज्जत बरी" की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि देश की जनता जानती है कि बेल न्यायिक प्रक्रिया का एक हिस्सा है, भ्रष्टाचार मुक्त होने का प्रमाणपत्र नहीं। प्रतुल ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और झामुमो गठबंधन की सरकार ने शायद नया नारा बना लिया है 'जहां घोटाला, वहां शर्म नहीं बल्कि जश्न मनेगा'। प्रतुल ने कहा कि आज झारखंड की स्थिति यह है कि गांवों में पेयजल योजनाएं दम तोड़ चुकी हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद लोग बूंद-बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं। कई जलमीनार शोपीस बन चुकी हैं। प्रतुल ने कहा कि राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वो 3000 करोड़ के टेंडर घोटाले को "उपलब्धि" मानती है? क्या उनके युग में कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति है कि जनता के पैसे की लूट पर जश्न मनाया जाए?

# भाजपा झूठ और प्रोपेगेंडा की राजनीति कर रही है : लाल किशोर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि भाजपा के पास मुद्दों का अकाल है, इसलिए वे झूठ और प्रोपेगेंडा का सहारा ले रहे हैं। आलमगीर आलम की पत्नी निशत आलम को पाकुड़ में रिकॉर्ड वोट से जीता कर वहां की जनता पहले ही क्लीन चिट दे चुकी है और पार्टी को अदालत पर भी पूरा भरोसा है, जल्द ही न्याय मिलने की उम्मीद है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिली है, जो यह साबित करता है कि न्यायिक प्रक्रिया अपना काम कर रही है। भाजपा का काम केवल जांच एजेंसियों को हथियार बनाकर विपक्ष को बदनाम करना है। जब अदालत ने उन्हें राहत दी है, तो यह हमारे लिए खुशी की बात है और कार्यकर्ता अपनी खुशी का इजहार लोकतांत्रिक तरीके से कर रहे हैं। भाजपा को न्यायपालिका के फैसले पर सवाल उठाने के बजाय आत्मचिंतन करना चाहिए। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रतुल शाह देव और उनकी पार्टी केवल कमीशन और करप्शन की बात करके जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। जिस टेंडर घोटाले की वे बात करते हैं, वह पूरी तरह से भाजपा द्वारा प्रायोजित राजनीतिक साजिश है। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा ही झूठ है। वे यह भूल जाते हैं कि केंद्र की उनकी सरकार के संरक्षण में देश के बड़े-बड़े उद्योगपति जनता का हजारों करोड़ लेकर विदेश भाग गए, उस पर भाजपा मौन क्यों है? राज्य की बदहाल स्थिति के भाजपाई आरोपों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। हमारी सरकार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के माध्यम से जनता तक पहुंच रही है।

# भाजपा अपने गिरेबान में झांके, फिर कांग्रेस पर लगाए आरोप : सोनाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा नेताओं द्वारा राजनीतिक शुचिता और भ्रष्टाचार को लेकर दिए जा रहे बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो नेता राजनीतिक शुचिता की बात करते हैं, उन्हें पहले अपने दल का चेहरा आईने में देखने की आवश्यकता है। भाजपा में भ्रष्टाचार, बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर आरोपों से घिरे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, ऐसे में कांग्रेस पर आरोप लगाना भाजपा का राजनीतिक पाखंड है।

सोनाल शांति ने कहा कि शारदा चिटफंड घोटाले और लुई बर्गर स्कैम से जुड़े आरोपों का सामना कर चुके नेताओं को भाजपा ने महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया है। उन्होंने कहा कि कैमरे के सामने कथित रूप से घूस लेते पकड़े गए नेताओं को भाजपा संरक्षण देती रही है और दूसरी ओर कांग्रेस पर नैतिकता का पाठ पढ़ाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रेम खांडू की संपत्ति में असामान्य वृद्धि को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। साथ ही उनके कार्यकाल में सरकारी ठेकों और संसाधनों के आवंटन को लेकर भी कई बार सवाल खड़े हुए, जिन पर न्यायपालिका द्वारा भी टिप्पणियां की गईं। भाजपा को इन मुद्दों पर जवाब देना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कुलदीप सेंगर, मनोहर लाल धाकड़ तथा महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी नेताओं को संरक्षण देने वाली भाजपा को नैतिकता पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने राजनीतिक हितों के अनुसार आरोपियों के प्रति अलग-अलग रवैया अपनाती रही है।

सोनाल शांति ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के खिलाफ भाजपा द्वारा राजनीतिक साजिश रची गई। उन्होंने दावा किया कि आलमगीर आलम के आवास या अन्य ठिकानों से कोई बरामदगी नहीं हुई और उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि यदि केवल एजेंसियों की कार्रवाई के आधार पर किसी को दोषी मान लिया जाए, तो भाजपा को अपने नेताओं के संदर्भ में भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2019 से 2024 के बीच ईडी द्वारा अनेक विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की गई, लेकिन दोषसिद्धि के मामले बेहद कम रहे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि एजेंसियों का दुरुपयोग राजनीतिक उद्देश्य से किया जा रहा है। सोनाल शांति ने कहा कि आलमगीर आलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं और उन्हें जमानत मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। वहीं भाजपा ऐसे नेताओं को सम्मान देती है, जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप रहे हैं, और फिर कांग्रेस पर आरोप लगाने का प्रयास करती है।

**किसानों के मुद्दे पर 15 से 20 तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर किया धरना कार्यक्रम का ऐलान**

# सरकार किसानों के साथ कर रही है वादाखिलाफी : आदित्य

नवीन मेल संवाददाता



**बेमौसम बारिश और इसके साथ भारी ओला वृष्टि से किसानों को हुई है भारी क्षति**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने राज्य सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादाखिलाफी सहित उनसे जुड़े अन्य सभी मुद्दे को लेकर 15 मई से लेकर 20 मई तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का ऐलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि महागठबंधन सरकार ने चुनाव पूर्व किसानों को लेकर कई बड़े बड़े वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने में सरकार नाकाम साबित हुई है। परन्तु सरकार बनते ही यह सरकार उन्हें भूल गई। किफायती दर पर खाद देने की बात तो दूर उल्टे उसकी कालाबाजारी की जा रही है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना को हेमंत सरकार ने बंद करने का काम किया। फिर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भी अवरोध पैदा किया गया। वर्तमान हेमंत सरकार पूरी तरह किसान और गरीब विरोधी है। इस सरकार का चेहरा पूरी तरह बेनकाब किया जाएगा। वहीं श्री साहू ने बेमौसम बारिश और इसके साथ भारी ओला वृष्टि से किसानों को हुई क्षति को लेकर राज्य सरकार से किसानों को उचित मुआवजे देने की भी मांग की है। श्री साहू ने कहा कि बेमौसम बारिश और भारी ओला वृष्टि रांची सहित राज्य के कई जिलों के किसानों के लिए अभिशाप बन रही है। इससे किसानों के फसलों को काफी नुकसान हुआ है। खासकर तरबूज, खीरा, ककड़ी और सब्जियों को भारी नुकसान होने की सूचना प्राप्त हो रही है। किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कुछ किसानों ने तो कई कई एकड़ खेतों में फसल लगाया था, इसके नष्ट होने से उनकी कमर ही टूट गई है। राज्य सरकार को तत्काल अपने स्तर से इसका सर्वेक्षण कराकर किसानों को हुए इस नुकसान का सही सही आकलन कर उन्हें उचित मुआवजा भुगतान करने की दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिए।

श्री साहू ने कहा कि कई जगहों पर गरीबों के घर भी क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आ रही है। अभी तो बेमौसम बरसात हो रही है, जल्द ही मानसून भी दस्तक देगी, इसलिए बेघर हुए लोगों की सुध लेनी चाहिए। नहीं तो पीड़ित परिवार को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। इन्हें भी सरकार अपने स्तर से राहत मुहैया कराए।

# आईआरएस व डीवीडीएमएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** एनएचएम एवं राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आईपीएस कॉन्फ्रेंस हॉल में इंडोर इनडोर अवशिष्ट स्प्रे (आईआरएस) एवं डीवीडीएमएस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया नियंत्रण एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की क्षमता वृद्धि करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागियों के पंजीकरण एवं स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। तकनीकी सत्रों में डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से दवा प्रविष्टि एवं मांग प्रक्रिया, आईआरएस की रिपोर्टिंग प्रणाली, स्टेंसिलिंग एवं वेक्टर नियंत्रण की भूमिका पर जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने आईआरएस में एंटोमोलॉजिकल भूमिका, प्री एवं पोस्ट वेक्टर डेंसिटी, मॉनिटरिंग मैकेनिज्म, प्रमुख चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही आईईसी/बीसीसी गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के प्रयोग, स्प्रे उपकरणों की सफाई, उपयोग के बाद रखरखाव तथा कीटनाशक अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण पर भी विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्प्रे पंप का प्रायोगिक प्रदर्शन एवं हैंड्स-ऑन डेमोंस्ट्रेशन कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को फील्ड कार्य का व्यावहारिक अनुभव मिला। इस अवसर पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिरेंद्र कुमार ने कहा कि आईआरएस गतिविधियों को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करना आवश्यक है।

**समझौता** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा और एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

# शैक्षणिक सहयोग व संयुक्त अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा ने संयुक्त राज्य अमेरिका के सार्वजनिक अनुसंधान विश्वविद्यालय, एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों संस्थानों के बीच यह गठबंधन शैक्षणिक सहयोग, संकाय सहभागिता, छात्र विकास और संयुक्त पहलों के अवसरों को बढ़ावा देगा। यह समझौता ज्ञापन संकाय विकास एवं विनिमय, छात्र सहभागिता पहलों, शैक्षणिक कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करेगा। इसके साथ ही यह साझा शिक्षण पद्धतियों, पाठ्यक्रम निर्माण दृष्टिकोणों और बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा एवं एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच व्यापक शैक्षणिक संवाद को भी प्रोत्साहित करेगा। इस दौरान हुई चर्चाओं में दोनों संस्थानों द्वारा शैक्षणिक सहयोग, इंजीनियरिंग शिक्षा, अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव और भविष्य के संस्थागत सहयोग के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस समझौते पर बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना और एलुमनाई एवं इंटरनेशनल रिलेशंस की डीन डॉ. श्रद्धा शिवानी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से फुल्टन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में प्रेसिडेंट्स प्रोफेसर, स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड ऑगमेंटेड इंटेलिजेंस की वाइस डीन (एकेडमिक एवं स्टूडेंट अफेयर्स) तथा एएसयू-एमएवाईओ सेंटर फॉर इनोवेटिव इमेजिंग की निदेशक डॉ. टेरेसा वू; एकेडमिक एवं स्टूडेंट अफेयर्स के वरिष्ठ निदेशक जेरेमी हेल्म; दक्षिण-पूर्व एशिया के एसोसिएट वाइस प्रोवोस्ट, सहायक डीन एवं ग्लोबल आउटरीच एंड एक्सटेंडेड एजुकेशन के कार्यकारी निदेशक जेफरी गॉस; स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के एसोसिएट डीन, मैकेनिकल एवं एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर तथा एएसयू एनर्जी एफिशिएंसी सेंटर के निदेशक डॉ. पैट्रिक फेलन; तथा इरा ए. फुल्टन स्कूल्स ऑफ इंजीनियरिंग के डीन एवं प्रोफेसर काइल स्क्वायर्स भी उपस्थित रहे। संस्थान के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने कहा, "यह सहयोग भारतीय उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण की एक रणनीतिक पहल है। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा की तकनीकी दक्षता को एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी के वैश्विक नवाचार के साथ जोड़कर हम एक बहु-विषयक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे हैं, जो शिक्षा और रोजगार के बीच के ऐतिहासिक अंतर को कम करता है। हम अपने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पाठ्यक्रम एवं अनुसंधान अनुभव प्रदान कर रहे हैं, जो भारत की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच निरंतर संवाद के लिए एक औपचारिक आधार तैयार करेगा तथा भविष्य में सहयोगात्मक शैक्षणिक एवं अनुसंधान पहलों को लेकर आगे की चर्चाओं को प्रोत्साहित करेगा।

## पेज एक के शेष

### सभी जिला अस्पतालों...

इन मशीनों की विशेषता यह होगी कि एक साथ 50 सैंपलों की जांच की जा सकेगी। बैठक के दौरान कंपनी द्वारा एक लाइव डेमो दिया गया। इसके माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार मशीन काम करती है और कैसे तत्काल रिपोर्ट देती है। बैठक में अपर मुख्य सचिव के साथ अवर सचिव धीरंजन शर्मा, मेरिल कंपनी के पदाधिकारी और सी कैड के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सरकार लगातार कर...

अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लगभग 27,000 पंजीकृत अधिवक्ताओं और उनके परिवारों के लिए 5 लाख रुपए तक की बीमा कवर है। चार सदर अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में बदलने की योजना है।

### पूर्व मंत्री माधव लाल...

स्थानीय लोग उन्हें नेता से ज्यादा अपना अभिभावक मानते थे। उनके निधन को राज्य की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। पूर्व मंत्री के निधन की खबर मिलते ही अस्पताल और उनके आवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है।

**राज्यपाल, सीएम व नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक :** गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही, इसे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, झारखंड के पूर्व मंत्री एवं गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने जनसेवा एवं राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। ॐ शांति! मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख प्रकट करते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, गोमिया से पूर्व विधायक, एकीकृत बिहार सरकार एवं राज्य गठन के बाद झारखंड सरकार में मंत्री रहे आदरणीय श्री माधव लाल सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने लंबे समय तक जनसेवा और सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्व माधव बाबू का निधन सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों एवं समर्थकों को यह दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें एक लोकप्रिय जननेता बताते हुए कहा कि माधव लाल सिंह का जाना राजनीति जगत के लिए एक बड़ा शून्य पैदा कर गया है। मरांडी ने कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, सादगी और समर्पण का जो अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, वह प्रेरणादायी है।

### लड़कियां फिर बेहतर..

उन्हें 500 अंकों की परीक्षा में 499 अंक प्राप्त हुए हैं। भव्या की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता भी बेहद भावुक और गौरवान्वित हैं। पिता राजीव रंजन ने कहा कि बेटी ने परिवार का सपना पूरा किया है, और अब उनका अगला लक्ष्य सिविल सर्विसेज में सफलता हासिल करना है। वहीं, भव्या के पिता राजीव रंजन ने बताया कि बेटी की पढ़ाई को प्राथमिकता देने के लिए उन्होंने निजी क्षेत्र की नौकरी तक छोड़ दी थी, ताकि उसकी शिक्षा और तैयारी पर पूरा ध्यान दे सकें। उनकी माता बिक्की गांधी शिक्षिका हैं और उन्होंने भी पढ़ाई के दौरान लगातार मार्गदर्शन दिया।

**सिविल सर्विसेज की तैयारी करना चाहती है भव्या :** भव्या रंजन ने पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक एक ही स्कूल में पढ़ाई करने को भी अपनी सफलता का अहम कारण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और अनुशासित माहौल ने उन्हें लक्ष्य के प्रति केंद्रित रखा। भव्या अब इतिहास विषय से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करना चाहती हैं। इसके साथ ही वह सिविल सर्विसेज की तैयारी भी जारी रखेंगी। उनका अगला लक्ष्य सिविल सर्विसेज में सफलता प्राप्त करना है।

### खूंटी में पुलिस...

सूचना के सत्यापन और गिरफ्तारी के लिए तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने खूंटी-तिरला मार्ग स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड के समीप एक संदिग्ध युवक को घूमते देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन कुमार उर्फ राजेश महतो उर्फ राजेश यादव बताया। गिरफ्तार उग्रवादी की निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम काटमकुकू स्थित एक नवनिर्मित मकान में मिट्टी के अंदर छिपाकर रखे गए हथियार और अन्य सामान बरामद किए। बरामद सामानों में एक देसी पिस्टल, 7.65 बोर के दो कारतूस, पीएलएफआई के दो पर्चे, तीन मोबाइल फोन और एक छोटा बैग शामिल है। इस मामले में कर्रा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, राजेश महतो के खिलाफ रांची और खूंटी जिले के बेड़ो, कर्रा, तोरपा और खूंटी थानों में छह गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें एनआईए से जुड़ा मामला, आर्म्स एक्ट और उग्रवादी गतिविधियों से संबंधित कई कांड शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी राजेश महतो पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में लेवी वसूली में सक्रिय रहा है। उसके मोबाइल फोन से जंगी ऐप और ट्विनमी ऐप मिले हैं, जो पूर्व में गिरफ्तार कई पीएलएफआई उग्रवादियों के मोबाइल में भी पाए गए थे। इससे आशंका है कि संगठन से जुड़े सदस्य पुलिस से बचने के लिए इन ऐप के माध्यम से आपस में संपर्क करते थे। एसपी ने बताया कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी, ताकि संगठन के नेटवर्क और उसके संचालकों तक पहुंचकर उग्रवादी तंत्र को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। छापेमारी टीम में तोरपा के एसडीपीओ के अलावा पुलिस उपाधीक्षक रामप्रवेश कुमार, कर्रा थाना प्रभारी दीपक कांत कुमार, जरियागढ़ थाना प्रभारी विरेंद्र कुमार, मारंगहादा थाना प्रभारी विकास जायसवाल सहित कर्रा थाना, खूंटी थाना, तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पलामू तेज आंधी...

सूचना मिलने पर लेस्लीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हालांकि तेज बारिश और ठंडी हवाओं से कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत भी मिली। बीते दिनों मेदिनीनगर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया था। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

### महिलाएं सशक्त होंगी...

झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक गरिमा सिंह ने उद्घघाटन समारोह में आए हुए सभी विशिष्ट आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि झारक्राफ्ट का यह नया इंपोरियम कोलकाता के लोगों के बीच विशेष लोकप्रियता प्राप्त करेगा और झारखंड की कला एवं संस्कृति को नई पहचान दिलाएगा। आने वाले दिनों में झारक्राफ्ट अन्य महानगरों में भी नए इंपोरियम खोलने के लिए प्रयासरत रहेगा। झारक्राफ्ट के उत्पादों की देश ही नहीं, विदेशों में भी मांग है। झारक्राफ्ट के विभिन्न प्रोडक्टस जैसे साड़ियां, डिजाइनर कुर्ती, सलवार सूट, स्कार्फ, दुपट्टा, शर्ट, कुर्ता, बंडी, शॉल और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले रेशम के कपड़े, लेदर बैग इत्यादि विभिन्न उत्पाद ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। समारोह में उद्योग विभाग एवं झारक्राफ्ट के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## प्रियंश्री के शतक से रातू रोड क्रिकेट क्लब की बड़ी जीत

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** आरडीसीए विमेंस क्रिकेट लीग 2025-26 के तहत गोलचक्कर मैदान में खेले गए मुकाबले में रातू रोड क्रिकेट क्लब ने कुशमाही क्रिकेट एकेडमी को 246 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में रातू रोड की बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रातू रोड क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 313 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रियंश्री ने शानदार शतक लगाते हुए 102 रन बनाए। वहीं मानशी ने 60, कोमल ने 47 और प्रियांशी ने 29 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। कुशमाही क्रिकेट एकेडमी की ओर से सान्वी ने 48 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। 314 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुशमाही क्रिकेट एकेडमी की टीम 30 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 67 रन ही बना सकी।

टीम की ओर से आर्या ने सबसे अधिक 10 रन बनाए। रातू रोड क्रिकेट क्लब की ओर से मानशी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15 रन देकर 2 विकेट झटके। इस एकतरफा जीत के साथ रातू रोड क्रिकेट क्लब ने लीग में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

### थाईलैंड ओपन : सिंधु, श्रीकांत जीते, आयुष बाहर

**बैंकॉक ।** थाईलैंड ओपन में बुधवार का दिन भारत के लिए मिला-जुला रहा। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने जहां दूसरे राउंड में आसानी से अपनी जगह बनाई, वहीं उभरते हुए स्टार आयुष शेट्टी को पहले राउंड से ही बाहर होना पड़ा। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु ने चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को महज 33 मिनट में 21-9, 21-12 से हरा दिया। छठी सीड सिंधु ने शुरू से ही रैलियों पर नियंत्रण रखा और तेज प्लेसमेंट के साथ आक्रामक कोर्ट कवरेज को मिलाकर सीजन की अपनी सबसे तेज जीत में से एक हासिल की।

# विराट कोहली ने रोहित और धोनी को पछाड़ा, आईपीएल में किंग बने

**एजेंसी । रायपुर**



विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में उतरे। यह विराट कोहली के आईपीएल करियर का 279वां मुकाबला है। 2008 में विराट ने आरसीबी के लिए आईपीएल डेब्यू किया था। तब से वह इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं।

आईपीएल 2026 के शुरू होने से पहले सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड सीएसके महेंद्र सिंह धोनी के नाम था। उनके बाद मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और फिर विराट कोहली थी। इंजरी की वजह से धोनी अभी तक इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। रोहित शर्मा भी हैमस्ट्रिंग की इंजरी के कारण 5 मैचों में बाहर बैठे। इसकी वजह से विराट कोहली दोनों से आगे निकल गए। रोहित और धोनी के अभी 278-278 मैच हैं।

### विराट सबसे सफल बल्लेबाज भी

विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इसी सीजन उन्होंने अपने 9000 रन पूरे किए। लिस्ट में दूसरे नंबर के रोहित शर्मा के 7289 रन हैं। यह दिखाता है कि विराट कोहली का आईपीएल में डॉमिनेंस कैसा है। वह एक सीजन में सबसे ज्यादा 974 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। लीग में सबसे ज्यादा शतक और अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी विराट कोहली के नाम ही दर्ज है।

### विराट कोहली ने सिर्फ 4 मैच नहीं खेले

आरसीबी का आईपीएल केकेआर के खिलाफ मुकाबला 283वां मैच है। विराट कोहली ने लीग में अपनी टीम के लिए सिर्फ 4 मैच नहीं खेले हैं। 2008 के पहले सीजन में वह एक मैच नहीं खेले थे। 2017 में इंजरी की वजह से तीन मैचों में विराट को बाहर बैठना पड़ा था।

## झारखंड टी20 लीग 2026 की ट्रॉफी का होगा भव्य अनावरण, शामिल होंगे ईशान किशन

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) राज्य में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहा है। झारखंड टी20 लीग 2026 के लिए आधिकारिक ट्रॉफी लॉन्च समारोह का आयोजन 14 मई 2026 को रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में किया जाएगा। यह विशेष समारोह झारखंड क्रिकेट के विजन, जुनून और भविष्य का उत्सव होगा, जिसमें झारखंड टी20 लीग की आधिकारिक ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा। साथ ही लीग के माध्यम से राज्य में विश्वस्तरीय क्रिकेट मंच तैयार करने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और झारखंड के स्टार खिलाड़ी ईशान किशन अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। उनकी मौजूदगी लीग की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और झारखंड को राष्ट्रीय क्रिकेट मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जेएससीए की ओर से सभी मीडिया प्रतिनिधियों को 14 मई 2026 को दोपहर 3:30 बजे रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किया गया है।



## कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले मुक्केबाज मनोज कुमार ने बीएफआई के नए नियम पर उठाए सवाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**



कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीत चुके मुक्केबाज मनोज कुमार ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के नए एथलीट मूल्यांकन नियम की पारदर्शिता पर सवाल उठाया है। इस नए सिस्टम के तहत 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2026 एशियन गेम्स के लिए मुक्केबाजों का चयन होना है। बॉक्सर मूल्यांकन के बारे में फेडरेशन के नए नोटिफिकेशन पर प्रतिक्रिया देते हुए मनोज ने मॉनिटरिंग प्रोसेस से पुराने खिलाड़ियों, अर्जुन अवॉर्डी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी और ओलंपियन के न होने पर सवाल उठाए। मनोज कुमार ने एक्स पर लिखा, "पूरी चयन प्रक्रिया सिर्फ हेड कोच, जज और फेडरेशन तक ही सीमित है। पुराने अर्जुन अवॉर्डी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी, ओलंपियन और सीनियर खिलाड़ियों को ऑब्जर्वर या चयन मॉनिटर के तौर पर क्यों शामिल नहीं किया गया? ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह और कॉमनवेल्थ गेम्स स्वर्ण पदक विजेता अखिल कुमार जैसे अनुभवी नामों की मौजूदगी से यह प्रक्रिया और बेहतर हो सकती थी। उन्होंने कहा कि जब चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के लिए पारदर्शिता और भरोसे की बात आती है, तो विजेंदर सिंह और अखिल कुमार जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी जरूर पक्की होनी चाहिए थी। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने पहले 13 से 15 मई तक एनएस एनआईएस पटियाला में होने वाले एलीट नेशनल कैंपर्स के लिए एक बदले हुए मूल्यांकन नियम की घोषणा की थी। नए सिस्टम के तहत, मूल्यांकन '5-जज स्कोरिंग सिस्टम' के आधार पर किया जाएगा। ऐसा बेहतर परिणाम के लिए किया गया है। मुक्केबाजी प्रतियोगिता के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के हिसाब से हर स्पैरिंग बाउट के खत्म होने के तुरंत बाद स्कोर की घोषणा की जाएगी। बीएफआई ने यह भी कहा कि पहले अपनाया गया मार्किंग सिस्टम मौजूदा मूल्यांकन में लागू नहीं होगा। बीएफआई ने रविवार को मुक्केबाजों पर स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग टेस्ट किए थे, जिन्हें अब रद्द कर दिया जाएगा। स्पोर्ट्स साइंस टेस्ट, भार प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन और अटेंडेंस में पहले मिले स्कोर वापस ले लिए जाएंगे और उन्हें रद्द माना जाएगा। बीएफआई के सचिव प्रमोद कुमार ने कहा, "कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और दूसरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए मुक्केबाजों का चयन एनएस एनआईएस में चल रहे एलीट नेशनल कैंपर्स का 13 मई से 15 मई तक किया जाएगा। इसमें मूल्यांकन नए नियम के आधार पर होगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम नेशंस कप से पहले ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि भारतीय महिला हॉकी टीम आने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के लिए 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप का आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होने वाला है। भारतीय महिला हॉकी टीम 26 से 30 मई तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। पहले दो मैच 26 और 27 मई को खेले जाएंगे, जबकि बाकी दो मैच 29 और 30 मई को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद, टीम न्यूजीलैंड जाएगी, जहां टीम नेशंस कप से पहले अभ्यास मैच खेलेगी। साल की शुरुआत में भारतीय टीम ने अर्जेंटीना का दौरा किया था। दौरे पर भारतीय टीम 4 मैच खेली थी जिसमें से 2 में जीत दर्ज किया था। इस यादगार दौरे के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा रही है।

## अवलाश शर्मा की शानदार पारी से साई मोरहाबादी की एकतरफा जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** तीसरा संस्करण गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के तहत रेलवे युवा खेल मैदान में खेले गए मुकाबले में साई मोरहाबादी ने दांगी क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में साई मोरहाबादी के खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभागों में दमदार प्रदर्शन किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दांगी क्रिकेट अकादमी की टीम 19.2 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अमन यादव ने सर्वाधिक 57 रन बनाए, जबकि लक्ष्य कुमार ने 22 रन का योगदान दिया। साई मोरहाबादी की ओर से प्रियांश ने 21 रन देकर 2 विकेट और सागर केआर ठाकुर ने 13 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। 142 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साई मोरहाबादी की टीम ने केवल 13.5 ओवर में 1 विकेट खोकर 143 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत के नायक अवलाश शर्मा रहे, जिन्होंने नाबाद 77 रन की शानदार पारी खेली। आदित्य राज ने भी नाबाद 40 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया, जबकि राजवीर सिंह ने 25 रन का योगदान दिया। दांगी क्रिकेट अकादमी की ओर से समक्ष ने एकमात्र विकेट लेते हुए 25 रन खर्च किए। इस शानदार जीत के साथ साई मोरहाबादी ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की और खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट का समापन महिलाओं की फाइनल रैंकिंग घोषित

**एजेंसी । गोंडा**

सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 में महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगिताओं का समापन हो गया है, जिसके साथ 10 अलग-अलग भार वर्गों की पहलवानों ने अपनी घरेलू रैंकिंग सुनिश्चित की। नंदिनीनगर महाविद्यालय में आयोजित यह टूर्नामेंट उन एथलीट्स के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी मंच साबित हुआ, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते थे। विशेष रूप से उन खिलाड़ियों के लिए, जिन्हें इस सीजन की शुरुआत में हुए सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला था। कई उभरती हुई पहलवानों ने अलग-अलग वर्गों में अपनी छाप छोड़ी। अंकुश (50 किलोग्राम), निशु (53 किलोग्राम), निशा (55 किलोग्राम), रीना (57 किलोग्राम), सीटो (59 किलोग्राम), वैष्णवी दिलीप पाटिल (62 किलोग्राम), अंजली (65 किलोग्राम), अंशु राजकुमार (68 किलोग्राम), बिपाशा (72 किलोग्राम) और इतिशा चौधरी (76 किलोग्राम) ने अपने-अपने वर्गों में गोल्ड मेडल जीते।

## पाकिस्तान पर जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों को बड़ा फायदा

**एजेंसी । दुबई**

**आईसीसी टेस्ट रैंकिंग**



बांग्लादेश ने ढाका में खेले गए पहले टेस्ट में पाकिस्तान को 104 रन से हराया था। अपने घर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में बांग्लादेश की यह पहली जीत थी। बांग्लादेश के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और इसका फायदा उन्हें बुधवार को जारी आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में हुआ है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने पहली पारी में शतक लगाया था, जबकि दूसरी पारी में 87 रन की पारी खेली थी। दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले शांतो मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे थे। शांतो को उनकी शानदार बल्लेबाजी का परिणाम जीत के साथ ही आईसीसी रैंकिंग में भी मिला। वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की श्रेष्ठ रैंकिंग है। विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने पहली पारी में 71 और दूसरी पारी में 22 रन बनाए थे। रहीम 2 पायदान उपर चढ़कर 26वें स्थान पर आ गए हैं। मोमिनुल हक, जिन्होंने 91 और 56 रन की पारी खेली थी, 12 पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों में इंग्लैंड के जो रूट पहले, इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ चौथे, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पांचवें, श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस छठे, दक्षिण अफ्रीका के टेंबा बवुमा सातवें, भारत के यशस्वी जायसवाल आठवें, भारत के शुभमन गिल नौवें और श्रीलंका के दिनेश चांदीमल दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी की टेस्ट रैंकिंग में भारत के जसप्रीत बुमराह पहले, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क दूसरे, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस चौथे, पाकिस्तान के नोमान अली पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन छठे, ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड सातवें, दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा आठवें, ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन दसवें स्थान पर हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## उबर, अदाणी समूह के साथ मिलकर भारत में अपना पहला डेटा सेंटर लॉन्च करेगी

**एजेंसी । अहमदाबाद**



कैब सर्विस कंपनी उबर भारत में अदाणी ग्रुप के साथ मिलकर पहला डेटा सेंटर स्थापित करेगी। इसकी वजह देश का कंपनी के लिए बड़े इनोवेशन हब के रूप में उभरना है। यह जानकारी उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही ने बुधवार को दी। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी से मुलाकात के बाद डेवलपमेंट के बारे में जानकारी साझा करते हुए, उबर के सीईओ ने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के लिए एक अग्रणी इनोवेशन केंद्र बन रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आज सुबह अहमदाबाद में गौतम अदाणी से मिलकर बहुत अच्छा लगा और अदाणी समूह के साथ हमारी मौजूदा साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर मिला। उन्होंने आगे कहा, "जैसे-जैसे भारत उबर के लिए एक प्रमुख इनोवेशन केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है, हम अपनी तकनीक का परीक्षण और तैनाती करने के लिए अदाणी समूह के साथ देश में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर रहे हैं। प्रस्तावित डेटा सेंटर से भारत में उबर के बढ़ते टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कार्यों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। भारत कंपनी के लिए न केवल मोबिलिटी सेवाओं में, बल्कि इंजीनियरिंग और उत्पाद विकास में भी एक महत्वपूर्ण बाजार बन गया है।

### पिछले एक दशक में पेंशन व्यवस्था में आया बड़ा बदलाव

## डिजिटल सुधारों से प्रक्रिया हुई आसान : डॉ जितेंद्र सिंह

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि पिछले एक दशक में भारत की पेंशन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। अब यह केवल प्रक्रिया-आधारित सिस्टम नहीं रहा, बल्कि तकनीक-आधारित, नागरिक-केंद्रित और बिना परेशानी वाला तंत्र बन गया है, जिसमें पेंशनर्स की गरिमा, पारदर्शिता और आसान जीवन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित 16वीं अखिल भारतीय पेंशन अदालत को संबोधित करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि पेंशनर्स को सिर्फ सरकारी सहायता पाने वाले लाभार्थी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अनुभवी नागरिक हैं। उनका अनुभव, विशेषज्ञता और संस्थागत समझ देश की एक बड़ी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार पेंशन प्रशासन को सरल, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में काम कर रही है।

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 16वीं पेंशन अदालत में 37 मंत्रालयों और विभागों से जुड़े 985 लंबे समय से लंबित पेंशन मामलों को उठाया गया, जो 15 अप्रैल 2026 तक 45 दिनों से अधिक समय से लंबित थे। अब तक इनमें से 728 मामलों का समाधान किया जा चुका है, जो कुल शिकायतों का लगभग 74 प्रतिशत है। कार्यवाही के दौरान 16 मंत्रालयों और विभागों से जुड़े 26 महत्वपूर्ण मामलों को जितेंद्र सिंह के सामने प्रस्तुत किया गया। इनमें 12 मामले रक्षा मंत्रालय, 8 मामले गृह मंत्रालय और 2 मामले रेलवे मंत्रालय से संबंधित थे, जबकि बाकी अन्य मंत्रालयों और विभागों से जुड़े थे।

पेंशन अदालत में 8 पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशन पाने वाले लोग व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए। इनमें महाराष्ट्र के अकोला और उत्तराखंड के हल्द्वानी से आए लाभार्थी भी शामिल थे।

वहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों से 18 अन्य लोगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। इनमें हिमाचल प्रदेश के मंडी, राजस्थान के बीकानेर, कोलकाता और तमिलनाडु के इरोड जैसे शहर शामिल रहे, जिससे इस पहल की देश भर में बढ़ती पहुंच दिखाई देती है।

## गिरावट से उबरा भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स में 50 अंकों की बढ़त

**एजेंसी । मुंबई**



वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए, जिससे लगातार चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया। इस दौरान, सेंसेक्स 49.74 अंक या 0.07 प्रतिशत बढ़कर 74,608.98 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 50 33.05 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 23,412.60 पर बंद हुआ। दिन के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 74,439.34 पर खुलकर 75,191.57 का इंट्रा-डे हाई और 74,134.48 लो बनाया, जबकि 50 शेयरों वाला निफ्टी 50 23,362.45 पर खुलकर 23,582.95 का दिन का हाई और 23,262.55 का लो बनाया। व्यापक बाजारों ने प्रमुख बेंचमार्कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.77 प्रतिशत तो निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.31 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।

वहीं, सेक्टरवार देखें तो सबसे ज्यादा निफ्टी आईटी में 1.13 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो में 0.97 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा, निफ्टी बैंक और निफ्टी रियल्टी और निफ्टी मीडिया में भी गिरावट दर्ज की गई। वहीं निफ्टी मेटल में सबसे ज्यादा 3.18 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

## ईरान से युद्ध जारी रहने पर बढ़ सकती हैं ईंधन की कीमतें : आरबीआई गवर्नर

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि अगर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष लंबा चलता है, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों के चलते भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी भारत की महंगाई नियंत्रण नीति के लिए चुनौती बन रही है, जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक को नीतिगत कदम उठाने पड़ सकते हैं। आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति बैठक 5 जून को होने वाली है, जिसमें ब्याज दरों पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गवर्नर ने संकेत दिया कि अगर पश्चिम एशिया संकट जारी रहता है, तो खुदरा ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी 'सिर्फ समय की बात' हो सकती है। इससे परिवहन लागत और महंगाई दोनों बढ़ने की आशंका है। अप्रैल 2026 की बैठक में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया था और तटस्थ रुख बनाए रखा था।

### एयर इंडिया ने जून से 3 महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व संकट के कारण जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयर इंडिया ने जून की शुरुआत से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित करने का फैसला किया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिल्ली से जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी की गई है उनमें शिकागो और नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख गंतव्य शामिल हैं।

## ब्लैक बॉक्स ने सफलतापूर्वक पूरी की ब्राजील की 2एस इनोवैस टेक्नोलॉजिक्स एसए के अधिग्रहण की प्रक्रिया

**एजेंसी । मुंबई**




ब्लैक बॉक्स लिमिटेड ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने ब्राजील की प्रमुख डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी 2एस इनोवैस टेक्नोलॉजिकस एसए के अधिग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। ब्लैक बॉक्स, जो एस्सार ग्रुप की टेक्नोलॉजी शाखा है और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान देने वाली वैश्विक कंपनी मानी जाती है, ने कहा कि यह अधिग्रहण उसकी वैश्विक विस्तार रणनीति में एक बड़ा कदम है। साथ ही, यह 2030 तक 2 अरब डॉलर वार्षिक राजस्व हासिल करने के दीर्घकालिक लक्ष्य को आगे बढ़ाएगा। इस अधिग्रहण की प्रभावी तारीख 1 मई 2026 मानी गई है। साल 1992 में स्थापित और ब्राजील के साओ पाउलो मुख्यालय वाली 2एस इनोवैस टेक्नोलॉजिकस एंड-टू-एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी कंसल्टिंग और रणनीति, एंटरप्राइज और डेटा सेंटर नेटवर्किंग, क्लाउड और हाइब्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर, साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशंस, सिस्टम इंटीग्रेशन, मैनेज्ड सर्विसेज और लाइफसाइकिल ऑप्टिमाइजेशन जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

यह कंपनी मिशन-क्रिटिकल नेटवर्किंग, हाइपरस्केल डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, सहयोग और सुरक्षा समाधान देने में मजबूत पकड़ रखती है।